

■ कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा राजग ने बचाया : अमित शाह - 12




■ पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ - 12



■ यशोदा और कृष्ण... राजा रवि वर्मा की पेंटिंग 167.20 करोड़ रुपये में बिकी - 13




■ पंजाब किंग्स के खिलाफ लय हासिल करना चाहेगी सीएसके - 14

आज का मौसम

34.0° अधिकतम तापमान

22.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 06.03

सूर्यास्त 06.34


एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

| मुरादाबाद |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण

■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष प्रतिपदा 08:42 उपरांत द्वितीया विक्रम संवत 2083

शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026, वर्ष 6, अंक 365, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# बंगाल में न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना राज्य की विफलता : सुप्रीम कोर्ट

## निष्क्रियता के लिए बंगाल सरकार को फटकारा, एनआईए करेगी मामले की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मालदा में सात न्यायिक अधिकारियों का घेराव कर उन्हें बंधक बनाने की गुरुवार को निंदा करते हुए निष्क्रियता को लेकर पश्चिम बंगाल सरकार को कड़ी फटकार लगाई। साथ एनआईए से मामले की स्वतंत्र जांच कराए जाने का आदेश दिया। कोर्ट ने तीखी आलोचना करते हुए कहा कि यह घटना राज्य प्रशासन की पूर्ण विफलता को भी उजागर करती है। उसने टिप्पणी की कि बंगाल सबसे अधिक ध्रुवीकरण वाला राज्य है।

कोर्ट ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह राज्य में पर्याप्त केंद्रीय बलों की मांग करे और उन्हें उन सभी स्थानों पर तैनात करे जहां मतदाता सूचियों की एसआईआर प्रक्रिया के तहत न्यायिक अधिकारी आपत्तियों का निपटारा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी निर्देश दिया जाता है कि वह घटना की जांच/पड़ताल किसी स्वतंत्र एजेंसी यानी सीबीआई या एनआईए को सौंपे। अनुपालन रिपोर्ट दाखिल की जाए। जिस एजेंसी को जांच सौंपी जाएगी, वह सीधे इस न्यायालय में प्रारंभिक रिपोर्ट दाखिल करने के लिए बाध्य होगी। सीजेआई सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची एवं



- गृह सचिव, डीजीपी और अन्य अधिकारियों से मांगा जवाब
- शीर्ष अधिकारियों को 6 अप्रैल तक ऑनलाइन पेश होने के निर्देश
- सीजेआई ने कहा- बुधवार रात 2 बजे तक उन्होंने खुद स्थिति पर नजर रखी
- मालदा के डीएम-एसपी मौके पर क्यों नहीं गए, ये अदालत को चुनौती जैसा

न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने राज्य के मुख्य सचिव डीजीपी तथा मालदा के जिलाधिकारी और एसएसपी को कारण बताओ नोटिस जारी कर यह बताने को कहा कि कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से प्राप्त पत्र की सामग्री के आलोक में उनके खिलाफ उपयुक्त कार्रवाई क्यों न की जाए।

सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उस पत्र का भी संज्ञान लिया जिसमें उस भयावह रात का ब्योरा दिया गया है जब तीन महिलाओं और पांच साल के एक बच्चे समेत न्यायिक अधिकारियों को नौ घंटे से अधिक समय तक लोगों की भीड़ ने बंधक बनाकर रखा तथा इस दौरान उन्हें भोजन एवं पानी तक नहीं मिला।

बंगाल के महाधिवक्ता ने दलील दी कि मामले में निर्वाचन आयोग को विरोधी पक्ष की तरह काम नहीं करना चाहिए। सीजेआई ने कहा, दुर्भाग्य से आपके राज्य में हर व्यक्ति राजनीतिक भाषा बोलता है। आप हमें टिप्पणियां करने के लिए मजबूर कर रहे हैं। क्या आपको लगता है कि हमें यह नहीं पता कि उपद्रवी कौन हैं? मैं रात दो बजे तक हर चीज पर नजर रख रहा था। बहुत, बहुत दुर्भाग्यपूर्ण।

सीजेआई ने सभी शीर्ष अधिकारियों को उस समय छह अप्रैल को ऑनलाइन पेश होने का निर्देश दिया जब पीठ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की ओर से दायर याचिका समेत विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई करेगी।

### सीजेआई ने कई चौकाने वाले खुलासे किए

मामले की सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश ने चौंकाने वाले घटनाक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि अपराह्न साढ़े तीन बजे घेराव शुरू हुआ और उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल ने तत्काल राज्य प्राधिकारियों को इसकी जानकारी दे दी। उन्होंने कहा कि इसके बाद बार-बार गुहार लगाए जाने के बावजूद रात साढ़े आठ बजे तक राज्य के अधिकारियों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। आदेश में कहा गया, बाद में रजिस्ट्रार जनरल ने गृह सचिव और डीजीपी से संपर्क किया, शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया गया लेकिन अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। न्यायिक अधिकारियों को भोजन और पानी तक उपलब्ध नहीं कराया गया। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को खुद हस्तक्षेप करना पड़ा और उन्होंने गृह सचिव एवं डीजीपी के साथ ग्रुप कॉल के जरिए बात की। गृह सचिव और डीजीपी मुख्य न्यायाधीश के आवास पर पहुंचे और बंधक बनाए गए न्यायिक अधिकारियों को आधी रात के बाद छुड़ाया गया।

### कोर्ट के प्राधिकार को भी चुनौती देने वाला कदम

कोर्ट ने कहा- बुधवार की घटना न केवल न्यायिक अधिकारियों को डराने-धमकाने की सरेआम की गई कोशिश है, बल्कि यह इस न्यायालय के प्राधिकार को भी चुनौती देने के बराबर है। यह कोई सामान्य घटना नहीं है। प्रथम दृष्टया यह न्यायिक अधिकारियों का मनोबल तोड़ने के लिए सुनियोजित तरीके से उठाया गया सोचा-समझा कदम है। पीठ ने यह सुनिश्चित करने के लिए भी कई निर्देश जारी किए कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान न्यायिक अधिकारियों के काम में कोई बाधा न आए और उन्हें यह भरोसा दिलाया जा सके कि उनके जीवन, स्वतंत्रता, संपत्ति और परिवार के सदस्यों की सुरक्षा की जाएगी।

### वाहनों पर पथराव व लाठियों-ईंटों से हुआ हमला

प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों को बचाए जाने के बाद भी उनके वाहनों पर पथराव किया गया और उन पर लाठियों तथा ईंटों से हमला किया गया। यह देखकर हमें बेहद निराशा हुई कि मुख्य सचिव से संपर्क नहीं हो सका उन्हें कोई संदेश नहीं पहुंचाया जा सका। प्रधान न्यायाधीश ने कहा, रात 11 बजे तक आपका जिलाधिकारी वहां नहीं था। मुझे रात में बहुत कड़े मौखिक निर्देश देने पड़े। कुछ वकीलों ने जब इस घटना को सामान्य विरोध प्रदर्शन करार देने की कोशिश की तो प्रधान न्यायाधीश ने कड़ी नाराजगी जताई।

# जल्द काम खत्म करेगी अमेरिकी सेना : ट्रंप
# जमीनी हमला हुआ तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे : ईरान

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी सेना ईरान में जल्द ही काम खत्म कर देगी क्योंकि मुख्य रणनीतिक उद्देश्य पूरे होने वाले हैं। ट्रंप ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमले करने के करीब एक महीने बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में अपने इस कदम का बचाव किया। अमेरिका और इजराइल ने ईरान पर 28 फरवरी, 2026 को पहली बार हमला किया था जिसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्रवाई की और पश्चिम एशिया में युद्ध शुरू हो गया।

वहीं, ईरान ने संभावित जमीनी अभियान को लेकर कड़ी चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि अमेरिकी सेना ने जमीनी हमला करने की कोशिश की तो कोई भी जीवित नहीं बचेगा। ईरान की सेना ने अमेरिकी जमीनी हमले की आशंका के मद्देनजर अपनी तैयारियां तेज कर दी हैं। ट्रंप ने ईरान के खिलाफ हमलों के संदर्भ में कहा, अगले दो से तीन सप्ताह में हम उन पर बेहद कड़ा प्रहार करेंगे। हम उन्हें पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उन्हें वास्तव में होना चाहिए। ट्रंप ने लगभग 20 मिनट के इस संबोधन में हाल के हफ्तों में कही गई अपनी कई बातों को दोहराया। ईरान पर अमेरिका के कड़े हमले जारी रखने संबंधी ट्रंप की टिप्पणियों के बाद तेल की कीमतों में चार प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी हुई और एशियाई शेयर बाजार गिर गए। ट्रंप ने कहा, प्रथम विश्व युद्ध एक साल, सात महीने और पांच दिन चला था। द्वितीय विश्व युद्ध तीन साल, आठ महीने और 25 दिन तक जारी रहा था। उन्होंने कहा कि तुलनात्मक रूप से ईरान में कार्रवाई 32 दिन तक चली है, और यह इतनी शक्तिशाली, इतनी शानदार रही है कि सबसे शक्तिशाली देशों में शामिल देश अब वास्तव में कोई खतरा नहीं है। ट्रंप ने कहा, पिछले सप्ताह सशस्त्र सैन्य बलों ने युद्धक्षेत्र में कई तेज, निर्णायक और जबरदस्त जीत हासिल की हैं। बी-2 बमवर्षक विमानों से जिन परमाणु ठिकानों को हमने ध्वस्त किया है।



- युद्ध के बीच अपने पहले संबोधन में बोले- मुख्य रणनीतिक लक्ष्य पूरे होने के करीब
- कहा- समझौता नहीं हुआ तो दो से तीन सप्ताह में बेहद कड़ा प्रहार करेंगे, पाषाण युग में भेज देंगे

### ईरान बोला- इजराइल अमेरिका पर हमारी नजर

**तेहरान।** ईरान के सशस्त्र बलों के प्रमुख आमिर हतामी ने सैन्य मुख्यालयों को अमेरिका और इजराइल की गतिविधियों पर पल-पल नजर रखने के निर्देश दिए हैं। हतामी ने कहा कि यदि दुश्मन जमीनी कार्रवाई करता है तो एक भी व्यक्ति को जीवित नहीं बचेगा। यह बयान उस समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति ने ईरान के खिलाफ तीन सप्ताह तक चलने वाले तीव्र सैन्य अभियान की घोषणा की है। वहीं विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि अमेरिका से संदेश मिलने के बावजूद बातचीत को लेकर भरोसा शून्य बना हुआ है।

### ईरान ने इजराइल व खाड़ी देशों पर किए मिसाइल हमले



**दुबई।** ईरान ने गुरवार को इजराइल और खाड़ी के अरब देशों पर और मिसाइलें दागकर यह संकेत दिया कि वह फिलहाल हमले नहीं रोकेगा जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने दावा किया था कि ईरान से खतरा लगभग खत्म हो चुका है और युद्ध जल्द खत्म हो जाएगा। पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों और होर्मुज पर उसके नियंत्रण से वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है, जिसका असर पश्चिम एशिया के साथ-साथ दुनियाभर में देखा जा रहा है।

## ब्रीफ न्यूज

### रुपया 152 पैसे की तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में गुरुवार को रुपया 152 पैसे की जबरदस्त तेजी के साथ 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। मुद्रा बाजार में दो दिन के अवकाश के बाद गुरुवार को कारोबार शुरू हुआ। इसकी शुरुआत की सात पैसे की बढ़त में 94.63 रुपये प्रति डॉलर पर हुई, और खुलते ही यह 93.50 रुपये प्रति डॉलर के करीब पहुंच गया। एक समय यह 92.82 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ था। अंत में 93.18 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 94.70 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

### केदारनाथ के लिए 10 से हेली सेवा ऑनलाइन बुकिंग

**देहरादून।** केदारनाथ धाम के दर्शनों के लिए आगामी 10 अप्रैल से हेली सेवा की ऑनलाइन बुकिंग आरंभ की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि, इस साल यात्रा सीजन में सरकार ने 8 हेली कंपनियों को इसके संचालन की अनुमति दी है। इच्छुक यात्री सिर्फ आधिकारिक पोर्टल heliyatra.irctc.co.in पर ही अपना टिकट बुक करें। बता दें कि चारधाम यात्रा 19 अप्रैल से शुरू हो रही है। गंगोत्री-यमुनोत्री के कपाट 19 अप्रैल, केदारनाथ के 22 अप्रैल और बद्रीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे।

# लोकसेवकों को नागरिक प्रथम मंत्र अपनाने की जरूरत : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को नागरिकों के जीवन को सुगम बनाने के लिए तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार अद्यतन करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज देश के प्रशासन का मूल मंत्र 'नागरिक देवो भवः' है और सार्वजनिक सेवा को नागरिकों की जरूरतों के प्रति अधिक सक्षम और संवेदनशील बनाने के लिए पुनर्गठित किया जा रहा है। मोदी ने 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में कहा, शासन को अब सही मायने में नागरिक-केंद्रित बनाकर एक नई पहचान दी जा रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नागरिकों के जीवन की सुगमता और गुणवत्ता में सुधार के लिए शासन व्यवस्था ही मानदंड होनी चाहिए और उन्होंने लोक सेवकों से प्रतिदिन कुछ नया सीखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, हमारी शासन व्यवस्था यह सुनिश्चित करे कि नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में दिन-प्रतिदिन सुधार हो। यही हमारा सच्चा मानदंड है। प्रशासनिक संस्कृति में बुनियादी बदलाव की आवश्यकता पर जोर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पुरानी व्यवस्था में अधिकारी होने पर अत्यधिक जोर दिया जाता था, जबकि आज देश का ध्यान पूरी तरह कर्तव्य भावना पर केंद्रित है।

उन्होंने लोकसेवकों को संबोधित करते हुए कहा, हर निर्णय से पहले यदि आप यह सोचें कि आपका कर्तव्य क्या मांगता है, तो आपके निर्णयों का प्रभाव खुद कई गुना बढ़ जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि तेजी से बदलती वैश्विक व्यवस्थाओं के बीच भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है और उसे अपनी शासन प्रणाली को लगातार अद्यतन करते रहना होगा।



- कहा-तेजी से बदलते समय के साथ शासन व्यवस्था को लगातार विचार करने की जरूरत
- 'साधना सप्ताह' कार्यक्रम की शुरुआत पर एक वीडियो संदेश में दी जानकारी

### बेहतर प्रशासक और लोकसेवक वही होगा जो तकनीक और डेटा की गहरी समझ रखता हो

मोदी ने कहा, एक बेहतर प्रशासक और बेहतर लोकसेवक वही होगा, जो तकनीक और डेटा की गहरी समझ रखता हो, यही निर्णय लेने की प्रक्रिया का आधार बनेगा। साधना (राष्ट्रीय उन्नति के लिए अनुकूल विकास और मानवीय योग्यता को मजबूत करना) सप्ताह का आयोजन क्षमता विकास आयोग (सीबीसी) द्वारा दो से आठ अप्रैल तक किया जा रहा है। यह सप्ताह भारत के सिविल सेवा तंत्र में सबसे बड़े सहयोगी क्षमता निर्माण प्रयासों में से एक है। आयोग की स्थापना की पृष्ठभूमि पर विचार करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से कई संस्थान अलग-अलग क्षेत्रों में काम कर रहे थे, लेकिन प्रत्येक सरकारी कर्मचारी की क्षमता बढ़ाने के लिए एक समर्पित संस्था की स्पष्ट आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसी सोच ने क्षमता विकास आयोग को जन्म दिया, जो व्यवस्था में प्रत्येक 'कर्मयोगी' को सशक्त बनाने पर केंद्रित है।

# होर्मुज संकट पर भारत बोला- हम अकेले जिसने नाविक खोए

- 35 देशों की बैठक में विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने स्पष्ट किया रुख

नई दिल्ली/ लंदन, एजेंसी

होर्मुज संकट को लेकर ब्रिटेन में गुरुवार को हुए 35 देशों के शिखर सम्मेलन में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने भाग लिया। सम्मेलन में मिसरी ने कहा कि भारत इकलौता ऐसा देश है जिसने होर्मुज में अपने नाविक खोए हैं। उन्होंने डिजिटल माध्यम से चर्चा में भाग लेते हुए क्षेत्र में समुद्री मार्गों की सुरक्षा पर नई दिल्ली का रुख स्पष्ट किया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने बताया कि जहां तक भारत का सवाल है, आप भली-भांति जानते हैं कि हम स्वतंत्र और खुले वाणिज्यिक परिवहन एवं अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप समुद्री सुरक्षा के पक्षधर हैं। हम होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने की अपनी प्राथमिकता पर कायम हैं। जायसवाल ने कहा कि ब्रिटेन ने होर्मुज पर वार्ता के लिए भारत सहित कई देशों को आमंत्रित किया था और मिसरी ने इसमें भाग लिया था। उन्होंने कहा, हम ईरान व अन्य देशों के संपर्क में हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि एलपीजी और एलएनजी सहित उत्पादों को ले जाने वाले हमारे जहाजों के लिए निर्बाध व सुरक्षित पारगमन कैसे सुनिश्चित किया जा सकता है। जायसवाल ने कहा, पिछले कुछ दिनों में हुई बातचीत के बाद भारतीय ध्वज वाले छह जहाज होर्मुज को सुरक्षित रूप से पार करने में सक्षम हुए हैं। हम इस मामले पर संबंधित पक्षों के साथ लगातार संपर्क में हैं।



जानकारी देते विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर।

### होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोलने का सैन्य विकल्प अवास्तविक : मैक्रों

**सियोल।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि उनका मानना है कि सैन्य अभियान के जरिए होर्मुज को फिर से खोलना अवास्तविक है। मैक्रों ने दक्षिण कोरिया में पत्रकारों से कहा, कुछ लोग सैन्य अभियान के जरिए बलपूर्वक होर्मुज को फिर से खोलने की वकालत करते हैं। अमेरिका ने कई बार यह रुख जाहिर किया है। सैन्य अभियान में बहुत समय लगेगा और हर एक को ईरानी खतरों का सामना करना पड़ेगा, जिनके पास बैलिस्टिक मिसाइलें और कई अन्य हथियार मौजूद हैं। बता दें कि ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, कनाडा, जापान और यूएई समेत कुल 35 देशों ने एक साझा बयान पर हस्ताक्षर किए हैं

### एक्सप्रेस-वे की टोल दरों में बढ़ोतरी

**लखनऊ।** उप्र में 1 अप्रैल से एक्सप्रेस-वे पर सफर महंगा हो गया है। प्राधिकरण ने टोल दरों में बढ़ोतरी की जानकारी दी है। नई दरों के अनुसार आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर दोपहिया, तीनपहिया और पंजीकृत ट्रैक्टर के टोल में 5 रुपये की वृद्धि की गई है। वहीं कार और जीप के लिए 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे। सबसे ज्यादा बढ़ोतरी भारी वाहनों पर हुई है। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सात चक्के वाले बड़े वाहनों के टोल में 85 रुपये तक की वृद्धि की गई है। पूर्वांचल और बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे पर बस-ट्रक के टोल में 15 रुपये और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर पांच रुपये की बढ़ोतरी की गई है।

## कोयला घोटाला : आई-पैक के अधिकारियों व विजय नायर के परिसरों पर ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने बंगाल में कोयला घोटाला मामले में राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पैक के एक अधिकारी, आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी विजय नायर और कुछ अन्य लोगों से जुड़े परिसरों पर गुरुवार को नए सिरे से छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि ये छापेमारी पीएमएलए के तहत बेंगलुरु, हैदराबाद, मुंबई और दिल्ली में विभिन्न स्थानों पर की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि बेंगलुरु में आई-पैक के सह-संस्थापक और निदेशक ऋषि राज सिंह का परिसर और मुंबई में नायर का परिसर भी इसके दायरे में आते हैं। संघीय जांच एजेंसी ने जनवरी में इस मामले में आई-पैक कार्यालय और इसके संस्थापक एवं निदेशकों में से एक प्रतीक जैन के कोलकाता स्थित आवास पर छापेमारी की थी।

- आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व संचार प्रभारी हैं विजय नायर

# टाटा मैजिक ने 5 को रौंदा, दो की मौत

संवाददाता, शाहबाद

**अमृत विचार :** बिलारी रोड पर बड़ागांव चौराहे के पास गुरुवार तड़के तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने निजी बस से सामान उतार रहे लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में हेल्पर समेत दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

दिल्ली-सिरौली रूट की निजी बस गुरुवार तड़के करीब 4:30 बजे बड़ागांव चौराहे पर रुकी थी। बस से हेल्पर रिजवान (40) और कुछ सवारियां सामान उतार रही थीं। इसी दौरान बिलारी की ओर से आ रही तेज रफ्तार लोडिंग टाटा मैजिक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में शाहबाद के मोहल्ला कानून गोयान निवासी सवारी अरशद (25) व हेल्पर रिजवान (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, शाहबाद के मित्तरपुर निवासी विशाल और खरसोल निवासी कासिम मामूली चोटें आई हैं।

जनपद संभल के असमोली निवासी टाटा मैजिक चालक वसीम गंभीर रूप से घायल हो गया, उसकी टांगें टूट गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को सीएचसी पहुंचाया। गंभीर घायल चालक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया। बताया जा रहा है कि यह लोग दिल्ली से बाइक का सामान लेकर लौट रहे थे। अचानक हुए इस हादसे से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

- बस से सामान उतार रहे हेल्पर समेत तीन को टाटा मैजिक ने मारी टक्कर
- शाहबाद-बिलारी रोड पर हुआ हादसा, टाटा मैजिक चालक की हालत गंभीर



अरशद (फाइल)



रिजवान (फाइल)

**जनता दर्शन** मुख्यमंत्री ने गोरखनाथ मंदिर में लोगों की सुनीं समस्याएं, संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

# जरूरतमंद को आवास व बीमार के इलाज की होगी व्यवस्था : योगी

- समस्या के समयबद्ध व संतुष्टिपरक निस्तारण के दिए निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास और गंभीर बीमारियों से पीड़ित लोगों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का भरोसा दिया।

जनता दर्शन में करीब 100 लोगों से सीधे संवाद करते हुए मुख्यमंत्री ने उनके प्रार्थना पत्र लिए और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी मामलों का समयबद्ध, निष्पक्ष और संतुष्टिपरक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में सख्त और त्वरित कार्रवाई के निर्देश भी दिए गए। एक महिला द्वारा आवास की समस्या रखने पर मुख्यमंत्री ने उसे सरकारी योजना के तहत आवास दिलाने का आश्वासन दिया। वहीं इलाज के लिए सहायता मांगने वालों से कहा कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जरूरतमंदों के इलाज का इस्टीमेट शीघ्र तैयार कर सहायता उपलब्ध कराई जाए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट देकर उन्हें पढ़ाई के लिए प्रेरित भी किया।



गोरखनाथ मंदिर में लोगों से मुलाकात कर समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी।

### सिंगापुर के उच्चायुक्त ने योगी से की शिष्टाचार भेंट

**लखनऊ।** सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश और सिंगापुर के मध्य निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना तथा सांस्कृतिक सहयोग को और सुदृढ़ करने पर चर्चा हुई। वोंग ने फरवरी में मुख्यमंत्री की सिंगापुर यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि उनकी यात्रा ने सकारात्मक संदेश दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक के चलते कई गाड़ियां परिवर्तित मार्ग से चलेंगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के लखनऊ रेलवे स्टेशन पर चार अप्रैल से 11 अप्रैल तक प्लेटफार्म संख्या एक पर निर्माण एवं विकास कार्य के लिए ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक रहेगा। जिसके चलते रेल मंडल की कई गाड़ियों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि गाड़ी संख्या 12356 वर्तमान मार्ग की बजाय परिवर्तित मार्ग से पांच व आठ अप्रैल को संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 13430 चार अप्रैल को परिवर्तित रुट से संचालित की जाएगी। गाड़ी संख्या 14523 छह व 9 अप्रैल को परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी। इसके अलावा कई अन्य गाड़ियों का मार्ग भी ब्लॉक के चलते प्रभावित रहेगा।

### समर स्पेशल के संचालन का दिन और तारीख बदली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यात्रियों की सुविधा के लिए संचालित की गई समर स्पेशल गाड़ी संख्या 04009 सीतामढ़ी–दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन 17 अप्रैल से 10 जुलाई के बीच साप्ताहिक किया जाना है। अब इसके साप्ताहिक दिन शुक्रवार को परिवर्तित कर दिया गया है। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता ने बताया कि परिवर्तन के बाद समर स्पेशल गाड़ी संख्या 04009 सीतामढ़ी–दिल्ली आरक्षित स्पेशल एक्सप्रेस का संचालन 18 अप्रैल से 11 जुलाई तक साप्ताहिक रूप से प्रत्येक शनिवार को किया जाएगा। यह पहले की तरह 13 फेरे ही संचालित होगी।

### घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यावसायिक दुरुपयोग, रिपोर्ट

**कुंदरकी, अमृत विचार :** नगर पंचायत कुंदरकी में रेलवे स्टेशन के पास शमा गुलशने सावरी होटल पर पूर्ति विभाग ने छापा मारा था। जांच में होटल मालिक शफीक अहमद के पास तीन एचपी घरेलू गैस सिलेंडर बरामद हुए। बीते 25 मार्च को दोपहर 2 :30 बजे शैलेंद्र कुमार (पूर्ति निरीक्षक) व सुमित कुमार (पूर्ति लिपिक) की टीम ने उच्चाधिकारियों के निर्देश पर छापेमारी की। होटल में दो खाली और एक भरा सिलेंडर मिला। मालिक ने कोई वैध कागजात नहीं दिखाए। अपने लिखित बयान में शफीक अहमद ने स्वीकार किया कि सिलेंडर उनके पास थे।

# अग्निवीर भर्ती : एक फार्म पर दो पदों के लिए कर सकेंगे आवेदन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- नौजवानों के लिए खुशखबरी, 10 अप्रैल आवेदन की अंतिम तिथि

**अमृत विचार :** देश की सेवा करने का जज्बा रखने वाले युवाओं के लिए खुशखबरी है। अग्निवीर बनने के लिए वह 10 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए सेना भर्ती कार्यालय ने तिथि आगे बढ़ा दी है। प्रक्रिया पूरी करने के बाद अभ्यर्थियों की जून में परीक्षा कराई जाएगी।

भारतीय सेना में अग्निवीर भर्ती 2026-27 की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसकी पूरी जानकारी सेना की वेबसाइट पर उपलब्ध है। अभ्यार्थियों की मांग को देखते हुए सरकार ने इस बार अधिकतम आयु सीमा बढ़ाकर 22 साल कर दी है। भर्ती के लिए अब 17.5 वर्ष से 22 वर्ष की आयु वाले युवा आवेदन कर सकेंगे। जनरल ड्यूटी, टेक्निकल, क्लर्क स्टोर कीपर, ट्रेड्समैन और अग्निवीर वूमन मिलिट्री पुलिस के पदों लिए भी अधिसूचना जारी कर दी गई है। नर्सिंग सहायक (एनए-एनए वेट) के लिए अधिकतम आयु 23 वर्ष और सिपाही फार्मा के लिए 25 वर्ष तक निर्धारित की गई है। सभी वर्गो के लिए आवेदन शुल्क 250 रुपये तय किया गया है। अभ्यार्थियों को एक फार्म में दो-दो पदों के लिए आवेदन का मौका मिलेगा,यानी इस बार दो पदों के लिए अभ्यर्थी एक साथ अप्लाई कर सकेंगे। सेना भर्ती कार्यालय के तहत आने वाले 12 जिलों बहराइच, बलरामपुर, बरेली, बदायूं, फरुखाबाद, हरदोई, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, संभल, शाहजहांपुर, श्रावस्ती और सीतापुर के उम्मीदवार 10 अप्रैल से पहले भारतीय सेना की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## सोमवार और मंगलवार को दो गांव में बच्चियों पर हमला कर किया था घायल

# क्षेत्र में दहशत का पर्याय बना तेंदुआ पिंजरे में कैद

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के दो गांवों में दो बच्चियों पर हमला करके घायल करने वाले तेंदुआ को वन विभाग की टीम बुधवार देर रात पिंजरे की मदद से पकड़ लिया। तेंदुआ पकड़े जाने से क्षेत्रीय लोगों ने राहत की सांस ली है। बता दे कि सोमवार को तेंदुआ ने महदूद कलमी और मंगलवार को मिश्रीपुर गांव में दो बच्चियों पर हमला कर दिया था, जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। वहीं आसपास के लोगों का कहना है कि क्षेत्र में अभी भी तेंदुए हैं।

बता दें कि ग्राम महदूद कलमी में सोमवार शाम तेंदुए ने अकरम की 2 वर्षीय पुत्री सिद्रा नूर को घर से



पिंजरे में कैद तेंदुआ।

उठाकर जंगल की ओर ले जाने का प्रयास किया। ग्रामीणों के शोर मचाने पर तेंदुआ घायल अवस्था में बच्ची को छोड़कर भाग गया। गंभीर रूप से घायल बच्ची को उपचार के लिए टीएमयू में भर्ती कराया गया। वहीं मंगलवार रात ग्राम मिश्रीपुर में भी तेंदुए ने हमला कर 10 वर्षीय दीपांशी पुत्री अवनेश को चारपाई से उठाकर खेत की ओर ले गया। भाई विशाल के शोर मचाने पर परिजन व ग्रामीण वहां पहुंचे, जिससे तेंदुआ बच्ची को घायल अवस्था में छोड़कर फरार हो गया। तेंदुआ के लगातार हमले से लोगों में दहशत फैल गई थी। वन विभाग से तेंदुआ को शीघ्र पकड़ने की मांग की थी।

### हरकत में आई वन विभाग की टीम

लगातार हो रही घटनाओं से परेशान लोगों ने वन विभाग के डिप्टी रेंजर पुष्पेंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह से तेंदुआ को पकड़वाने की शिकायत की थी। घटनाओं के बाद अधिकारियों ने तेंदुआ पकड़ने के लिए दोनों गांवों में पिजरे लगवाए। बुधवार रात को महदूद कलमी गांव में लगे पिंजरे में तेंदुआ कैद हो गया। तेंदुआ पकड़े जाने से गांव के लोगों ने राहत की सांस ली है।

### दहशत में मिश्रीपुर के लोग

तेंदुआ पकड़ने के लिए डीएफओ ने मिश्रीपुर गांव में भी पिंजरा लगवाया था, लेकिन तेंदुआ अब तक वहां के पिंजरे में कैद नहीं हो सका है। इससे मिश्रीपुर और आसपास के गांवों के लोगों में दहशत है। तेंदुए के डर के कारण किसानों ने खेतों की ओर रूख करना भी बंद कर दिया है। इससे उनकी फसलों को भारी नुकसान हो रहा है। बच्चे स्कूल जाने से भी डर रहे हैं।

### विधायक ने जाना हाल

गुरुवार को भाजपा के पूर्व विधायक राजेश कुमार उर्फ चुन्नू जिला अस्पताल पहुंचे और घायल बालिका दीपांशी का हालचाल जाना। उन्होंने परिजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली तथा वन विभाग के अधिकारियों से तेंदुए को जल्द पकड़ने की मांग की। फिलहाल क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है और ग्रामीण वन विभाग से जल्द समाधान की मांग कर रहे हैं।

# कॉपर तार-स्विच सभी इलेक्ट्रानिक आइटम को लगा महंगाई का झटका

## कच्चे माल की बढ़ी कीमतों का बाजार में दिखने लगा असर, खरीदार परेशान



दुकान पर इंडक्शन चूल्हा खरीदती महिला। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विभिन्न आइटमों पर 10-35 प्रतिशत तक कीमतें बढ़ीं

**अमृत विचार :** अपने घर, प्रतिष्ठान या किसी भी भवन में फिटिंग और मरम्मत कराने के लिए आपको कॉपर के तार, पीवीसी पाइप्स, स्विच और अन्य उपकरण पर अधिक रुपये खर्च होंगे। वित्तीय वर्ष के पहले दिन ही कंपनियों ने इन पर 10 से 35 प्रतिशत तक की कीमतों में वृद्धि की है। इसका कारण कारोबारी इजरायल-अमेरिका व ईरान के बीच चल रहे युद्ध से आई व्यापारिक विसंगतियां व कच्चे माल का महंगा होना बता रहे हैं।

युद्ध से कई क्षेत्र प्रभावित हो रहे हैं। कच्चे माल का संकट गहरा गया है। पाली विनायल फ्लोराइट (प्लास्टिक का दाना) में बीते दिनों पांच रुपये प्रति किलोग्राम तक की वृद्धि हुई है। बाजार में यह 117 रुपये प्रति किग्रा हो गए हैं। युद्ध से पहले 75 रुपये प्रति किग्रा थे। आर्किटेक्ट अनुभव ने बताया कि 100 वर्गमीटर के मकान पर करीब 30 हजार रुपये अतिरिक्त खर्च करने होंगे। पहले वायरिंग पर 35 हजार रुपये, स्विच बोर्ड पर 15 हजार रुपये और अन्य पर 20 हजार रुपये व 18 हजार रुपये लेबर पर खर्च होते थे। बुधबाजार में इलेक्ट्रोनिक की दुकान पर व्यापारी अनुज गुप्ता ने बताया कि वाशिंग मशीन, पंखा, एसी से लेकर सभी इलेक्ट्रानिक उपकरणों के रेट में बढ़ोतरी हुई है।

**बिजली के तार व उपकरणों के दाम**

| सामान | 31 मार्च | एक अप्रैल |
|---|---|---|
| पंखा | 1350 | 1550 |
| एग्जास्ट फैन किचन (कॉपर तार) | 1300 | 1450 |
| बॉल फैन (कॉपर तार) | 2600 | 2800 |
| कॉपर तार (1.0 एमएम) | 1400 | 1800 |
| कॉपर तार (1.5 एमएम) | 2050 | 2600 |
| कॉपर तार (2.5 एमएम) | 3250 | 4200 |
| कॉपर तार (4.0 एमएम) | 4775 | 6100 |
| इंडक्शन | 2100 | 3000 |
| एसी | 45000 | 47250 |
| वॉशिंग मशीन | 13000 | 15000 |
| बिजली फिटिंग पीवीसी पाइप | 1500 | 1900 |

नोट :: कीमत रुपये में, तार व पीवीसी पाइप्स प्रति बंडल

## पत्नी ने मुकदमा कर पति से मांगी संतान

**पाकबड़ा, अमृत विचार :** उत्पीड़न से आजिज पत्नी ने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही उससे अपनी संतान की मांग की है। पुलिस मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

थाना क्षेत्र मझोला की निवासी रोबीना ने पुलिस में मुकदमा दर्ज कराया। बताया कि उसका निकाह मौअज्जम पुत्र इस्लाम निवासी ग्राम हाशमपुर पाकबड़ा के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुआ था। उसके मायके वालों ने हैसियत के अनुसार उपहार दिए थे। लेकिन पति मौअज्जम व उसके परिवार वाले इससे संतुष्ट नहीं हुए। इसको लेकर उसे विभिन्न प्रकार की प्रताड़ना दी गई। वह लोकलाज में यह सहती रही। पीड़िता ने बताया कि करीब 2 वर्ष पहले पति मौअज्जम ने उसे तीन तलाक देकर और मारपीट कर घर से निकाल दिया था। वापस लौटने पर जान से मारने की धमकी दी थी। तब से वह मेहनत मजदूरी कर अपना गुजारा कर रही है। अब तंग आकर उसने पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही अपने लड़के आहिल उम्र 7 वर्ष, लड़की मरियम उम्र 4 वर्ष जो पति मौअज्जम के घर पर हैं। उनकी मां होने के चलते बच्चों की बेहतर परवरिश के लिए अपनी संतानों को दिलाने की पुलिस से गुहार लगाई है।

# हनीट्रैप में शामिल गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करें

प्रयागराज, एजेंसी

- बिजनौर के फौजिया एवं अन्य की रिट याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दिया आदेश

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने पुलिस अधिकारियों को उन गिरोहों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया है जो पुरुषों से धन वसूली के लिए कथित तौर पर महिलाओं का इस्तेमाल करते हैं। उच्च न्यायालय ने बिजनौर के फौजिया एवं अन्य की रिट याचिका पर यह आदेश दिया। न्यायमूर्ति जेजे मुनीर और न्यायमूर्ति तरुण सक्सेना की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि इस तरह के मामले समाज में अत्यंत हानिकारक परिस्थिति को उजागर करते हैं।

पीठ ने इसे बहुत गंभीर मामला बताते हुए हनीट्रैप (मोहपाश) के आरोपी कुछ पुलिसकर्मियों समेत पांच लोगों के खिलाफ धन वसूली के एक मामले को रद्द करने के अनुरोध पर विचार करने से इनकार कर दिया। उच्च न्यायालय ने कहा कि हम इस रिट याचिका को वापस लेने की याचिकाकर्ताओं की प्रार्थना स्वीकार करते हैं, लेकिन हमारा विचार है कि इसकी मेरठ जोन के पुलिस महानिरीक्षक द्वारा गहन जांच किए जाने की आवश्यकता है। अदालत ने कहा कि यदि इस तरह का गिरोह या कोई अन्य गिरोह भी काम कर रहा है और महिलाओं के जरिए मोहपाश में फंसाकर निर्दोष लोगों को ब्लैकमेल कर रहा तो पुलिस महानिरीक्षक कड़ी निगरानी बनाए रखने को सभी जिलों के पुलिस प्रमुखों को अलर्ट करें। यदि इस तरह के अपराध जारी रहते हैं तो एक सभ्य दुनिया में रहना मुश्किल हो जाएगा। बिजनौर पुलिस द्वारा दर्ज इस मामले में शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि बिजनौर में एक होटल में एक महिला के साथ शारीरिक संबंध बनाने के बाद उसे आरोपियों द्वारा ब्लैकमेल किया गया। उस महिला द्वारा कुछ वीडियो क्लिप रिकॉर्ड किए गए थे। आरोपियों ने इस मामले को निपटाने के लिए 8-10 लाख रुपये की मांग की थी। शिकायतकर्ता ने इस मामले की सूचना पुलिस को दे दी जिसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गई। इसके बाद आरोपियों ने यह रिट याचिका दायर कर अदालत का रुख किया और प्राथमिकी रद्द करने की मांग की। हालांकि, अदालत ने याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। तो वकील ने याचिका वापस ले ली। अदालत ने आदेश की प्रति पुलिस महानिदेशक, पुलिस महानिरीक्षक (मेरठ जोन) और अपर मुख्य सचिव (गृह) को भेजने का निर्देश दिया।

# 683 डीएल निरस्त, 18 हजार चालान कोर्ट भेजे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- परिवहन विभाग की सख्ती: यातायात नियमों के उल्लंघन पर होता रहा चालान

**अमृत विचार :** परिवहन विभाग और यातायात पुलिस की संयुक्त चेकिंग के बावजूद वाहन चालक नियम तोड़ने से बाज नहीं आ रहे हैं। यहां तक की तीन चालान के बाद भी उनकी आदतें नहीं बदलीं। जिसके बाद लाइसेंस पर वार परिवहन विभाग ने किया। लगातार नियमों का उल्लंघन पर 683 वाहन चालकों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं।

वित्तीय वर्ष में कई वाहन चालकों ने एक दो, तीन नहीं चार-चार बार नियमों का उल्लंघन किया। जिसके बाद विभाग की नजरें उन पर टेढ़ी हो गई। विभाग के उनके लाइसेंस पर वार किया। संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि कि मार्च 2025 से मार्च 2026 के बीच तीन से चार बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। चौथी बार चालान कटने के बाद भी सुधार न करने वाले 683 चालकों के लाइसेंस निरस्त कर दिए गए। इसके अलावा लंबे समय से लंबित 18,423 चालानों को न्यायालय भेजा गया है, जबकि 4,060 वाहन चालकों ने चालान की धनराशि जमा कर दी है। आरटीओ ने स्पष्ट किया कि जिन चालकों के लाइसेंस निरस्त हो चुके हैं, यदि वे वाहन चलाते हुए पकड़े जाते हैं तो उनके खिलाफ भारी जुर्माने के साथ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## आयुर्वेदिक-यूनानी चिकित्सकों के पंजीकरण में बदलाव

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मुरादाबाद, संभल और अमरोहा के नेशनल इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (नीमा) पदाधिकारियों ने गुरुवार को क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी कार्यालय में क्षेत्रीय अधिकारी से मुलाकात कर पंजीकरण एवं नवीनीकरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

बैठक में बताया कि प्रतिवर्ष आयुर्वेदिक व यूनानी चिकित्सक अपना पंजीकरण कराते हैं, लेकिन वर्ष 2026-27 से नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके तहत पंजीकरण एक वर्ष के लिए व नवीनीकरण पांच वर्ष के लिए किया जाएगा। नीमा पदाधिकारियों ने पंजीकरण और नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल व सुगम बनाने के लिए विभाग को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया।

# मुठभेड़ में पुलिस की तीन गोलियों ने किया मोंटी का सीना पार

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- पुलिस ने परिजनों को शव देकर पार कराई जिले की सीमा
- भाई के घटनाएं करने से परिवार के लोग हो रहे थे परेशान

**अमृत विचार :** महानगर के एक निर्यातक से रंगदारी मांगने के बाद आशू उर्फ मोंटी अपने साथी के साथ बुधवार को निर्यातक से वसूली रकम लेने मुरादाबाद आया था। आशू सुबह दस बजे गाजियाबाद से निकला। पिछले एक साल से वह पत्नी के साथ गाजियाबाद में रह रहा था। आशू की मुठभेड़ के हुई मौत के बाद उसके शव दो डॉक्टरों के पैनल ने वीडियो कैमरे व फोटो कैमरे की निगरानी में पोस्टमार्टम किया गया।

परिवार से दो भाई और दो पड़ोसी शव लेने के लिए मुरादाबाद पहुंचे थे। बदमाश ने एक साल पहले रायबरेली की लड़की से शादी की थी। तभी से उसने अपना गांव छोड़ दिया था।

सिविल लाइंस के रामगंगा विहार की परंपरा कालोनी में स्थित शुभम ग्रीन विला में रहने वाले अरशू ढल की कांठ रोड पर प्रेम नगर में वजीरचंद निर्यात फर्म है। बीती 12 मार्च की रात आठ बजकर आठ मिनट पर निर्यातक अरशू ढल के मोबाइल पर एक अनजान नंबर से वाट्सएप पर मिस काल की गई थी। एक मिनट अंतराल पर वाट्सएप पर दोबारा कॉल आई थी। कॉल रिसीव करने पर उधर से गाली गलौज होने लगी। इसके बाद आरोपी आशू ने व्हाट्सएप मैसेज किया और कहा कि पांच करोड़ रुपये मुझे चाहिए इंतजाम कर लो।घबराए निर्यातक दो दिन कुछ समझ पाते कि 14 मार्च की दोपहर ढाई बजे बजे आरोपी ने दोबारा से मैसेज किया और कहा कि तुम आशू उधम को नहीं जानते हो। इसके बाद जान से मारने की धमकी भरा मैसेज मोबाइल पर भेजा था। अपना असर दिखाने के लिए आशू अपने दो गुर्गो को अगले ही दिन बाइक पर भेजकर फर्म के गेट पर फायरिंग कर दी। इस मामले में फर्म गार्ड उमेश ने तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### रंगदारी की रकम लेने पहुंचा था मुरादाबाद

बुधवार की रात आरोपी बदमाश आशू उर्फ मोंटी निवासी मीरापुर कला थाना हाफिजपुर अपने साथ के साथ रंगदारी की रकम लेने मुरादाबाद पहुंचा। जहां मेरठ एसटीएफ के साथ मुरादाबाद पुलिस की उससे इस्लामनगर रोड पर पोस्टमार्टम हाउस के पास मुठभेड़ हो गई थी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के सीने में तीन गोली लगी। जिससे वह जमीन पर गिर गया। पुलिस ने उसे दबोच कर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया था। बदमाश के परिवार को रात दो बजे हापुड़ पुलिस ने पहुंचकर जानकारी दी। इसके बाद उसके भाई अन्नू चड्डा और नीटू चड्ढा के साथ दो पड़ोसी भी मुरादाबाद पहुंचे। पुलिस सुबह दस बजे शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई। सुरक्षा के लिए एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। दो डॉक्टरों के पैनल ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार बदमाश के सीने में तीन गोली लगी है। तीनों गोली सीने से पार हो गई। करीब एक बजे पोस्टमार्टम हुआ। परिवार के लोग आशू का शव लेकर उसके पैतृक गांव पहुंचे।

### मोंटी का आपराधिक इतिहास

आशु चड्ढा वर्ष 2010 में एक हत्या के मामले में जेल गया था जहां पर उधम गैंग से उसका संपर्क हुआ। करने लगा जिस पर अलग–अलग धाराओं में 36 मुकदमे पंजीकृत हैं।आशू ने सबसे अधिक घटनाएं अपने गांव के थाना क्षेत्र में की थी।

### भाई ने सुनाई कुख्यात बदमाश बनने की दास्तान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मृतक का शव लेने आए बड़े भाई अन्नू चड्ढा ने बताया कि आशू उर्फ मोंटी ने 12 वीं कक्षा तक पढ़ाई की थी। 2010 में पहली हत्या गांव में एक झगड़े के दौरान की थी। जिसमें वह हापुड़ में रहा था। जेल से आने बाद आशू का चाल चलन के एक बदल गया और उससे मिलने अपराधी किस्म लोग गांव आने लगे थे। परिवार वालों के ज्यादा कहने पर आशू ने गांव छोड़ दिया और वह गाजियाबाद आकर रहने लगा। आशू अपनी शादी में किसी परिवार वालों को नहीं बुलाया था।

दुश्वारी

## जिला अस्पताल में छह माह में एआरवी लगवाने वालों की जारी की गई रिपोर्ट

# कुत्तों के साथ बंदर और बिल्लियों से बढ़ा रेबीज का खतरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



ओपीडी का पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगे मरीज। ● अमृत विचार

- इस अवधि में 15 हजार से अधिक लोगों ने लगवाई एंटी रेबीज वैक्सीन

**अमृत विचार :** रेबीज खतरनाक बीमारी है, जिसका वर्तमान में एकमात्र बचाव समय पर एंटी रेबीज वैक्सीन (एआरवी) लगवाना है। हाल ही में, जिले में कुत्तों के साथ-साथ बंदर और बिल्लियों के काटने से भी रेबीज फैलने का खतरा बढ़ गया है। जिला अस्पताल ने पिछले छह महीनों में जानवरों के काटने पर एआरवी लगवाने वाले लोगों की रिपोर्ट जारी की है।

इस अवधि में करीब 15103 लोगों ने अस्पताल में एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई, जिनमें से करीब 300 से अधिक गंभीर रूप से घायल लोगों को एंट्री रेबीज सीरम (एआरएस) दिया गया। रिपोर्ट के अनुसार, लगभग 6520 लोगों ने आवारा कुतों, करीब 3302 ने पालतू कुत्तों, 3105 ने बिल्लियों, 1918 ने बंदरों और करीब 257 ने चूहों के काटने पर वैक्सीन लगवाई। स्थिति यह है कि हर रोज ओपीडी खुलने से पहले ही टीकाकरण कराने के लिए आने वाले मरीजों का ओपीडी के बाहर लाइन लग जा रही है।

**56 बच्चों समेत 40 लोगों ने लगवाई एआरवी :** गुरुवार को कुत्तों के काटने पर जिला अस्पताल में 56 बच्चों समेत 40 लोगों ने एंटी रेबीज वैक्सीन लगवाई। जिला अस्पताल में पहुंचे 96 में से 30 बच्चों समेत कुल 12 ने पहली डोज लगवाई। एंटी रेबीज विभाग की ओपीडी में प्रभारी मोनिका ने बताया कि वैक्सीन लगवाने के लिए आ रहे मरीजों को टीकाकरण करने के साथ ही उन्हें सलाह दी जा रही है कि कुत्ता-बिल्ली या बंदर के काटने पर तुरंत डॉक्टर को दिखाएं, घर पर रहकर खुद देसी इलाज करने से बचें।

**जिला अस्पताल में एआरवी लगवाने वालों का विवरण (अनुमानित)**

| माह | पालतू कुत्ते | आवारा कुत्ते | बिल्ली | बंदर | चूहे |
|---|---|---|---|---|---|
| अक्टूबर 2025 | 355 | 574 | 320 | 223 | 11 |
| नवंबर 2025 | 418 | 613 | 317 | 265 | 16 |
| दिसंबर 2025 | 524 | 698 | 356 | 325 | 19 |
| जनवरी 2026 | 610 | 750 | 444 | 300 | 22 |
| फरवरी 2026 | 665 | 745 | 320 | 288 | 31 |
| मार्च 2026 | 615 | 789 | 367 | 276 | 49 |



मुरादाबाद प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ संस्था की ओर से आयोजित शैक्षणिक बैठक में मौजूद विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

# पीसीओडी व ओवेरियन टॉर्शन पर की चर्चा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विशेषज्ञों ने साझा किए अनुभव आधुनिक उपचार पर दिया जोर

**अमृत विचार :** मुरादाबाद प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ संस्था की नई टीम की पहली शैक्षणिक बैठक का आयोजन अध्यक्ष डॉ. रितिका अग्रवाल की अध्यक्षता में किया गया। इसमें विशेषज्ञों ने विचार रखे।

दिल्ली से आईं डॉ. ज्योति बाली ने पॉलीसिस्टिक ओवेरियन रोग (पीसीओडी) पर व्याख्यान दिया। कहा कि बदलती जीवनशैली, हार्मोन असंतुलन और इंसुलिन प्रतिरोध इसके प्रमुख कारण हैं। समय पर पहचान, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और उचित उपचार को आवश्यक बताया। दूसरे सत्र में डॉ. नितिका शर्मा ने ओवेरियन टॉर्शन पर एक जटिल प्रकरण प्रस्तुत करते हुए इसके लक्षण, जांच और उपचार की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। पहचान और त्वरित उपचार के महत्व पर जोर दिया। संचालन सचिव डॉ. सोनम रस्तोगी ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्यों में डॉ. नीना मोहन, डॉ. रेखा अग्रवाल, डॉ. बबीता गुप्ता, डॉ. प्रीति गुप्ता, डॉ. मधु शेखर, डॉ. लीना चौहान, डॉ. निधि ठाकुर और डॉ. शाजिया मोनिस ने नई टीम को शुभकामनाएं देकर संगठन के बेहतर भविष्य की कामना की।

**शहर में आज**

- नवीन मंडी समिति मझोला में केंद्रों पर गेहूं खरीद सुबह 9 :00 बजे
- लालबाग स्थित काली मंदिर पर सायंकालीन आरती 7 :00 बजे

# हनुमान जन्मोत्सव पर शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

## 40 झांकियों और चार बैंड के साथ निकाली श्री बालाजी महोत्सव की शोभायात्रा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्री बालाजी सेवा समिति कटघर बीच होली का मैदान द्वारा आयोजित श्री बालाजी महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जगदाचार्य साध्वी राघवेंद्री महाराज के निर्देशन में शोभायात्रा गवर्नमेंट कॉलेज से प्रारंभ होकर शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गांधीनगर स्थित राजाराम धर्मशाला पर संपन्न हुई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर सनातन धर्म के जयकारे लगाए और पूरे मार्ग में श्रद्धा व उत्साह का वातावरण बना रहा।

शोभायात्रा के प्रमुख आकर्षणों में 40 भव्य झांकियां और चार बैंड और 21 किलो का केक काटना, 16 कुंतल लड्डू का भोग रहा। बाल स्वरूप में हनुमान जी द्वारा केक काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। शोभायात्रा का शुभारंभ मंडी चौक पर नारियल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महापौर विनोद अग्रवाल, विधायक रितेश गुप्ता, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आनंद मोहन गुप्ता, वीरेंद्र अरोरा व आचार्य घनश्याम शास्त्री रहे। शोभायात्रा में भगवान गणेश, पंचमुखी हनुमान, भगवान जगन्नाथ, खाटू श्याम, भगवान सूर्य देव, रथ पर सवार भगवान विष्णु, भगवान नरसिंह संवाद, शिव बारात, ताड़का वध, काली अखाड़ा, अघोरी रथ, सालासर बालाजी रथ व नृत्य, हनुमान जी कीर्तन रथ सहित अनेक धार्मिक व सांस्कृतिक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं।शोभायात्रा में 500 से अधिक महिलाएं भगवा वस्त्रों में बालाजी महाराज के जयकारे लगाते हुए शोभायात्रा में शामिल हुईं। महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी ने आयोजन को और भव्य बना दिया। पूरे मार्ग में पुलिस प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था की गई। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने आरती, पुष्प वर्षा, मिठाई व फल वितरण कर शोभायात्रा का स्वागत किया। इस मौके पर उप महंत रवि राघव, आशीष अग्रवाल, संजय अग्रवाल, राजेश रस्तोगी, संतोष शर्मा, धर्मेश भदोरिया, मोहित चौहान, रूद्र प्रताप सिंह, अंजू राघव, रीता सिंह, शिखा अग्रवाल, गुंजन अग्रवाल, सीमा शर्मा, मीरा परमार, शारदा सिंह, गीता, शारदा सैनी, गुंजन ठाकुर, उषा राठौर, संतोष चौहान, निर्मला चौहान, ममता, पूजा शर्मा, पिंकी, कांचन शर्मा आदि मौजूद रहीं।


बालाजी सेवा समिति की शोभायात्रा में शामिल महापौर विनोद अग्रवाल नगर विधायक रितेश गुप्ता व अन्य। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में भगवान के रूप में सजे कलाकार। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में लीला मंचन करते कलाकार। ● अमृत विचार


बालाजी सेवा समिति की शोभायात्रा में सजा बालाजी दरबार। ● अमृत विचार

### इन मार्गों से होकर गुजरी शोभायात्रा

यात्रा राजकीय कॉलेज से शुरू होकर पान दरीबा, मंडी चौक, बर्तन बाजार, अमरोहा गेट, चौमुखा पुल, सदर कोतवाली, बाजार गंज, कोर्ट रोड, ताड़ीखाना, गुलजारी मल धर्मशाला रोड, बुध बाजार, स्टेशन रोड व रामपुर रोड होते हुए राजाराम धर्मशाला पहुंचकर संपन्न हुई।

### हनुमान चालीसा का पाठ कर लगाया भोग, प्रसाद बांटा



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** यंग एनर्जेटिक पॉजिटिव पीपुल (यप) परिवार द्वारा गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव पर ताड़ीखाना स्थित सिद्ध नागेश्वर मंदिर में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। इसमें भक्तों ने वीर बजरंगी हनुमान का जयकारा लगाया। इसके बाद लोगों को प्रसाद वितरित किया गया। आगे भी इस प्रकार का आयोजन कराने की सभी ने प्रतिबद्धता जताई।

### हवन-पूजन व आरती के बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद




**मुरादाबाद, अमृत विचार :** लालबाग स्थित प्राचीन काली माता मंदिर परिसर में गुरुवार को नगर विधायक रितेश गुप्ता ने भंडारा कराया। शुरुआत हवन-पूजन व आरती से हुई। इसके बाद भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। नगर विधायक ने कहा कि बालाजी महोत्सव का यह दिन श्रद्धा और भाव से भरा होता है। आयोजन के दौरान भगवान को छप्पन भोग अर्पित कर सर्वप्रथम ब्रह्म भोज कराया गया। श्री बालाजी महाराज और देवी माता को भोग अर्पित करने के बाद ही प्रसाद वितरण किया गया। पूजन आचार्य जगदीश प्रसाद कोठारी द्वारा कराया गया। इस मौके पर अल्पना रितेश गुप्ता, सैल गुप्ता, अनिरुद्ध अग्रवाल, आरएसएस के विभाग प्रचारक ब्रजमोहन, सुरेंद्र, एमएलसी हरि सिंह ढिल्लो, एमएलसी जयपाल सिंह व्यस्त, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह, भाजपा नेता हरिओम शर्मा, एमएलसी गोपाल अंजान, सौरभ गुप्ता, अमित गुप्ता, ब्रजेश आदि रहे। वहीं कोर्ट रोड स्थित बालाजी मंदिर को फूलों से सजाया गया। सुंदरकांड का पाठ कर भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें भक्तों ने कड़ी-चावल का प्रसाद पाकर पुण्य लाभ कमाया। सिविल लाइंस स्थित जैन मंदिर के पास श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन किया। साथ ही गोविंद नगर स्थित संकट मोचन पार्क, हरपाल नगर स्थित राम मंदिर, हनुमान मूर्ति के पास, बैंक कालोनी समेत शहर में जगह-जगह हनुमान जन्मोत्सव पर भंडारे के साथ ही धार्मिक अनुष्ठान हुए।

**न्यूज ब्रीफ**

### तापमान बढ़ते ही गर्मी तेज, लोग परेशान

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** गर्मी का असर लगातार बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 21 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह से ही तेज धूप ने लोगों को परेशान करना शुरू कर दिया और जैसे-जैसे दिन चढ़ता गया, गर्मी का असर और अधिक महसूस होने लगा। दोपहर के समय लोग गर्मी से बचाव के लिए अलग-अलग उपाय करते नजर आए। कोई अपने चेहरे पर ढाटा या कपड़ा बांधकर बाहर निकला तो कोई धूप से आंखों को बचाने के लिए चश्मा लगाए दिखा। वहीं, कई लोग ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर राहत पाने की कोशिश करते रहे। बाहर निकलना लोगों के लिए मुश्किल भरा रहा। बाजारों और प्रमुख स्थानों पर लोगों की आवाजाही बनी रही, लेकिन अधिकांश लोग जल्दी-जल्दी अपने काम निपटाकर घर लौटते दिखे। दुकानदारों के अनुसार दोपहर के समय ग्राहकों की संख्या में कुछ कमी जरूर आई, लेकिन पूरी तरह से गतिविधियां प्रभावित नहीं हुईं। वहीं, चिकित्सकों का कहना है कि इस बढ़ती गर्मी को देखते हुए सावधानी बरतने की जरूरत है। दोपहर में अनावश्यक रूप से बाहर निकलने से बचें, अधिक से अधिक पानी पिएं और हल्के, सूती कपड़ों का उपयोग करें। मौसम विभाग के अनुसार शुक्रवार को हल्के बादल छाने के साथ कहीं-कहीं बूंदाबांदी होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के असर से यह बदलाव देखने को मिल सकता है।


शोभायात्रा में देवी माता के स्वरूप में कलाकार। ● अमृत विचार

# भक्ति-भाव के साथ निकाली 24वीं अखंड ज्योति शोभायात्रा


श्री बालाजी महाराज भक्त जन सेवा समिति की शोभायात्रा में शामिल पदाधिकारी।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** श्री बालाजी महाराज भक्त जन सेवा समिति की ओर से गुरुवार को श्री बालाजी जी के जन्मोत्सव के अवसर पर 24वीं अखंड ज्योति शोभायात्रा एवं कलश यात्रा भक्ति-भाव और उल्लास के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारंभ रेलवे कॉलोनी स्थित मनोकामना मंदिर से हुआ। अतिथियों ने नारियल फोड़कर और अखंड ज्योति का दीप प्रज्वलित कर यात्रा की शुरुआत की। शोभायात्रा ताड़ीखाना चौक, गुलजारीमल धर्मशाला रोड, बुध बाजार, टाउन हॉल और गंज गुरहट्टी होते हुए कोर्ट रोड स्थित बालाजी हठीले हनुमान मंदिर पहुंची, जहां आरती के साथ समापन हुआ। यात्रा में महिलाएं कलश लेकर भजन-कीर्तन करती चल रही थीं। शोभायात्रा में भव्य झांकियों ने मन मोह लिया। शोभायात्रा का नेतृत्व संस्थापक महामंडलेश्वर राकेशानंद गिरि ने किया। इस मौके पर अतुल जौहरी, कपिल गुप्ता, महंत कमलकांत सक्सेना, कोषाध्यक्ष शशांक गुप्ता, आकाश पाल, शशांक यादव, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# दो अरब पार टैक्स वसूली का लिया संकल्प

- **जीआई सर्वे से बढ़ी नगर निगम क्षेत्र में संपत्तियों की संख्या से और भरेगा निगम का खजाना**
- **पहले भवन व प्रतिष्ठानों की संख्या रिकॉर्ड में 1,37,000 थीं, जीआई सर्व में बढ़कर 2 लाख से अधिक**

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** वित्तीय वर्ष 2025-26 में कर व करेत्तर मदों में रिकॉर्ड एक अरब 60 करोड़ से अधिक का राजस्व वसूलने के बाद निगम प्रशासन ने वर्तमान वित्तीय वर्ष में अबकी बार, दो अरब पार की प्रतिबद्धता शुरूआत में ही जता दी है। करों की वसूली से निगम का खजाना भरने का लाभ शासन से भी मिल रहा है। विकास कार्यों के लिए मुरादाबाद नगर निगम के लिए शासन ने खुले मन से खजाना खोल दिया है।

बीते वित्तीय वर्ष में नगर निगम ने कर (गृहकर व जलकर) के रुप में एक अरब 5 करोड़ 46 लाख रुपये से अधिक की वसूली की। वहीं अन्य मदों में भी 55 करोड़ वसूला। जिससे पिछले वित्तीय वर्ष में निगम को कुल एक अरब 60 करोड़ रुपये का राजस्व हासिल हुआ। जिसमें गृहकर व जलकर के अलावा दुकान किराया, प्रीमियम, लाइसेंस, विज्ञापन, मलबा-अम्बार शुल्क, सिंगल यूज प्लास्टिक बैन, नामांतरण शुल्क, जल मूल्य, 2 प्रतिशत स्टांप ड्यूटी आदि भी शामिल है। वहीं जीआई सर्वे से निगम क्षेत्र में बढ़ी संपत्तियों की संख्या से राजस्व बढ़ना तय है। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि निगम क्षेत्र में पहले भवन व प्रतिष्ठानों की संख्या 1,37,000 थीं, जो जीआई सर्वे में बढ़कर 2 लाख से अधिक हो गई है। इसके आधार पर करों का निर्धारण किया जा रहा है। ऐसे में वित्तीय वर्ष 2026-27 में निगम दो अरब से अधिक का राजस्व वसूलेगा। जो पूरे प्रदेश में एक रिकॉर्ड होगा। इसके लिए निगम के सभी अधिकारी व कर्मचारी जन सहयोग से पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं।

## टीएमयू नर्सिंग की इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस केयरकॉन आज से

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के नर्सिंग कॉलेज में 12 राज्यों और विदेशों के विशेषज्ञ में तीन और चार अप्रैल को विचार साझा करेंगे। दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस के तकनीकी सत्रों में 30 रिसर्च पेपर्स भी प्रस्तुत होंगे। कॉन्फ्रेंस की शुरुआत तीन अप्रैल को होगी। आईएनएस इंडिया की सीईओ एंड लॉन स्टार की एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर रिटायर्ड कर्नल बिनु शर्मा मुख्य अतिथि, अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. अशोक कुमार विश्नोई विशेष अतिथि होंगे।

## प्रीपेड मीटर लगाने में कर्मचारियों के व्यवहार से उपभोक्ता परेशान

कार्यालय संवाददाता,मुरादाबाद

**अमृत विचार:** शहर और आसपास के इलाकों में बिजली विभाग द्वारा तेजी से प्रीपेड मीटर लगाए जा रहे हैं। सरकार और विभाग इसे व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार की दिशा में बड़ा कदम बता रहे हैं।

प्रीपेड मीटर लगाने के दौरान विभागीय कर्मचारियों और निजी कंपनी के स्टाफ पर उपभोक्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार करने के आरोप लग रहे हैं। खासकर दीवान बाजार और डेहरिया, तहसील स्कूल के रहने वाले उपभोक्ताओं के साथ अभ्रदता करने की से शिकायतें सामने आई हैं। दीवान बाजार के रहने वाले मोंटी ने बताया कि मीटर लगाने पहुंची टीम उपभोक्ताओं से ठीक ढंग से बात नहीं करती, समस्याओं को अनदेखी करती है। दबाव बनाकर मीटर लगाया जाता है। बिना जानकारी दिए ही मीटर बदले जा रहे हैं। कुछ उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने प्रीपेड मीटर के बारे में सवाल पूछे, तो कर्मचारियों ने संतोषजनक जवाब देने के बजाय रूखा व्यवहार किया।

**न्यूज डायरी**



### क्रिकेट टूर्नामेंट में आरएससीए और आर्यंस अकादमी की शानदार जीत

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** नेक्स्ट जेनरेशन क्रिकेट अकादमी के मैदान पर गुरुवार को आयोजित नेक्स्ट जेनरेशन जूनियर हाईट एंड वेट 99 पॉइंट क्रिकेट टूर्नामेंट में दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में आरएससीए ने यूथ क्रिकेट अकादमी को छह विकेट से हराकर जीत दर्ज की। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए आरएससीए ने यूथ क्रिकेट अकादमी को 18 .3 ओवर में 68 रन पर समेट दिया। तैमूर मलिक (26) और कार्तिक सैनी (15) ने संघर्ष किया। आरएससीए के लिए वशीनवी ने चार, मानु ने तीन और जैन हुसैन ने दो विकेट लिए। जवाब में आरएससीए ने 15 .4 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें वर्नवी ने नाबाद 52 रन की शानदार पारी खेली। अथर्व ने चार विकेट लेकर अच्छा प्रदर्शन किया।



### हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रदूषण मुक्ति का लिया संकल्प

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** राष्ट्रीय पुजारी परिषद द्वारा पूर्णिमा और श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर गुरुवार को कटघर स्थित गंगा मंदिर में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और आरती कर प्रदूषण मुक्ति का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं ने श्रद्धा भाव से पूजन-अर्चना की। इसके बाद प्रसाद वितरण हुआ। परिषद के संस्थापक श्याम कृष्ण रस्तोगी ने कहा कि गंगा और उनकी सहायक नदियों के प्रति हिंदू समाज की गहरी आस्था है, लेकिन उनकी स्वच्छता के नाम पर खर्च के बावजूद हालात में सुधार नजर नहीं आता। उन्होंने आरोप लगाया कि नदियों में गंदे नालों का प्रवाह और अवैध खनन जारी है। उन्होंने रामगंगा में पशुओं के प्रवेश पर प्रतिबंध और गंदे नालों को तत्काल बंद कराने की मांग उठाई। इस मौके पर चंद्रभूषण पांडे, महेंद्र पंडित, विनोद शर्मा, विनीत शर्मा, सतीश खंडूरी आदि मौजूद रहे।

### सरकारी सेवकों की क्षमता व दक्षता बढ़ाएगा मिशन कर्मयोगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सरकारी सेवकों की कार्यक्षमता व दक्षता बढ़ाकर नई ऊंचाई देने के लिए लिए संचालित मिशन कर्मयोगी के अंतर्गत गुरुवार को नगर निगम द्वारा साधना सप्ताह शुरू किया गया। यह 8 अप्रैल तक चलेगा। साधना सप्ताह के पहले दिन निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने आई गाट (इंटीग्रेटेड गवर्नमेंट आनलाइन ट्रेनिंग) प्लेटफॉर्म के माध्यम से अपने कार्यक्षेत्र से संबंधित ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में नामांकन कराकर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी कर्मचारियों को अधिक रचनात्मक, पेशेवर एवं तकनीक सक्षम बनाना है, जिससे वह नागरिकों को बेहतर, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान कर सकें। नगर आयुक्त दिव्यांशु पटेल ने बताया कि प्रशिक्षण में कर्मचारियों को वीडियो ट्यूटोरियल्स, इंटरएक्टिव मॉड्यूल्स और ज्ञानवर्धक सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। प्रशिक्षण के बाद क्विज व प्रश्नोत्तर के माध्यम से उनकी समझ का मूल्यांकन किया जाना है। प्रशिण समाप्त होने के बाद उन्हें प्रमाण पत्र दिया जाएगा। इससे कर्मचारियों की कार्यशैली में सुधार, तकनीकी दक्षता में वृद्धि एवं सेवा प्रदायगी में गुणवत्ता सुनिश्चित होगी। यह मिशन नागरिक-केंद्रित प्रशासन को सुदृढ़ करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगा। साधना सप्ताह के माध्यम से कर्मचारियों को निरंतर सीखने, स्वयं को उन्नत करने एवं उत्कृष्ट कार्य संस्कृति को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

### भारतीय आढ़ती किसान यूनियन ने मंडी सचिव को सौंपा ज्ञापन

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आलू के कम मूल्य व बारदाना की कीमत कीमतों को लेकर किसानों की बढ़ती समस्याओं को लेकर भारतीय आढ़ती किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंडी सचिव को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने सौंपे गए ज्ञापन में चार सूत्रीय मांगों के समाधान की मांग की है। गुरुवार को भारतीय आढ़ती किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोहम्मद अली आढ़तियों के साथ मंडी सचिव संजीव कुमार के कार्यालय पहुंचे और समस्या बताई। उन्होंने बताया कि सभी किसान एवं व्यापारी, आलू के गिरते दाम और बारदाने की बढ़ती कीमतों की परेशान है। वर्तमान समय में किसानों का आलू बहुत ही कम दामों पर बिक रहा है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। दूसरी ओर, बर्दाना (कट्टा/बोरी) की कीमत अत्यधिक बढ़ गई है। जो बारदाना पहले सात-आठ रुपये प्रति कट्टा मिलता था, वही बाजार में लगभग 25 रुपये प्रति कट्टा मिल रहा है। इससे किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। उन्होंने बारदाना की कीमतों में अनियमित वृद्धि के पीछे कालाबाजारी की आशंका जताई है।

### यूपीआईएसवीएमपी पोर्टल पर वाहन विवरण दर्ज करें स्कूल

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** जनपद के सभी मान्यता प्राप्त एवं अमान्यता प्राप्त विद्यालयों को अपने विद्यालय एवं स्कूल वाहनों का पूरा विवरण (यूपीआईएसवीएमपी)पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश जारी किए हैं। जिला स्तर पर जारी निर्देशों के अनुसार, इस पहल का मुख्य उद्देश्य विद्यालय वाहनों की प्रभावी निगरानी, सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करना तथा छात्र-छात्राओं के सुरक्षित परिवहन व्यवस्था को मजबूत करना है। विद्यालयों को पोर्टल पर विद्यालय का मूल विवरण, नामित प्रभारी (इंचार्ज) की जानकारी, सभी स्कूल वाहनों का विवरण, चालक एवं परिचालक की जानकारी के साथ-साथ वाहन फिटनेस, परमिट, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। प्रशासन ने सभी स्कूल प्रबंधकों को निर्देशित किया है कि वे इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करें और इसकी नियमित समीक्षा भी सुनिश्चित करें। साथ ही,विद्यालयों को दो दिन के भीतर पोर्टल पर स्कूल मैनेजमेंट रोल का चयन कर अपने यूडीआई एसई नंबर से लॉगिन कर ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया पूरी करने को कहा गया है।

### मायानगर सहकारी आवास समिति की बैठक में लिए गए दावे व आपत्ति

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मायानगर सहकारी आवास समिति के सभी मूल सदस्यों व हस्तांतरित सदस्यों की बैठक गुरुवार को सर्किट हाउस में हुई। इसमें आवासों के आवंटन के संबंध में दावे व आपत्ति लिए गए। इस बैठक में आए दावे व आपत्ति में दिए गए दस्तावेजी साक्ष्यों को सत्यापन किया जाएगा। मायानगर सहकारी आवास समिति की सर्किट हाउस में हुई बैठक में 50 से अधिक मूल सदस्यों व हस्तांतरित सदस्यों की उपस्थिति में आवासों के आवंटन की प्रक्रिया पर चर्चा की गई। समिति के आंतरिक कमेटी के अनुसार कई राजनीतिक व्यक्ति हैं जिन्होने समिति में करोड़ों रुपये जमा किया है, जो सदस्य भी नहीं हैं। हालांकि आधिकारिक तौर पर इस बिंदु पर कुछ नहीं कहा जा रहा है। समिति के सभापति सभापति/सिटी मजिस्ट्रेट विनय पांडेय ने बताया कि बैठक में 50 से अधिक मूल व हस्तांतरित सदस्य उपस्थित हुए।

**स्कूल चलो अभियान** रैली को सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

# मम्मी-पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल चलकर नाम लिखाओ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूल चलो अभियान के प्रथम चरण का शुभारंभ गुरुवार को जागरूकता रैली निकाल कर किया गया। इसका उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों में नामांकन बढ़ाना एवं अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूक करना रहा।

कंपनी बाग के पंचायत भवन से निकली रैली को मुख्य अतिथि सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी ने हरी झंडी दिखाकर किया। सीडीओ ने कहा कि शिक्षा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला है और प्रत्येक अभिभावक का कर्तव्य है कि वे अपने बच्चों का विद्यालय में नामांकन अवश्य कराएं। उन्होंने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील भी की। रैली बीएसए विमलेश कुमार के नेतृत्व में पंचायत भवन से प्रारंभ होकर गंज गुरहट्टी, ताड़ीखाना मार्ग से होती हुई पारकर इंटर कॉलेज में जाकर संपन्न हुई। रैली में बच्चों ने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर लोगों को जागरूक किया। बच्चों ने मम्मी- पापा हमें पढ़ाओ, स्कूल में चलकर नाम लिखाओ,घर-घर में शिक्षा का दीप जलेगा, अब हर बच्चा स्कूल चलेगा और अब न कुछ मजबूरी है, पढ़ना बहुत जरूरी है नारे लगाए। बीएसए ने बताया कि सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में निशुल्क पाठ्यपुस्तकें, ड्रेस, मिड-डे मील सहित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों को विद्यालय भेजें, ताकि अधिक से अधिक बच्चे शिक्षा से जुड़ सकें।कार्यक्रम में विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों एवं शिक्षक नेताओं ने भी नामांकन बढ़ाने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के भविष्य निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।इस दौरान जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता अमित कुमार सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया। रैली का संचालन डॉ. हरनन्दन प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में बीईओ मुख्यालय वेगीश गोयल, डीसी डॉ. तारा सिंह सहित अनेक शिक्षक एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



स्कूल चलो अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करती सीडीओ मृणाली अविनाश जोशी। ● अमृत विचार

## पवित्र गुरुवार पर चर्च में हुई आराधना

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पीली कोठी स्थित फिलिप्स मेमोरियल मेथोडिस्ट चर्च में पवित्र गुरुवार मनाया। विशेष आराधना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आराधना का संचालन पादरी अनिल सी लाल द्वारा किया गया, जबकि प्रार्थना पादरी रोहित मैसी ने कराई। बाइबल पाठ पादरी बृजेश मैंसल ने किया। उन्होंने बताया कि यीशु मसीह ने अपने शिष्यों के साथ अंतिम भोज किया और कहा कि मुझे बड़ी लालसा थी कि दुख भोगने से पहले यह फसह तुम्हारे साथ खाऊं। यीशु ने रोटी लेकर धन्यवाद किया, उसे तोड़ा और कहा कि यह मेरी देह है, जो तुम्हारे लिए दी जाती है, मेरे स्मरण के लिए यही किया करो। लोगों ने परमेश्वर के वचनों को सुना और आशीष प्राप्त की। इस मौके पर अभिषेक विल्सन, जॉनी राठौर, नीरज एडवर्ड, अंतिम सिंह, रोबिन सिंह, विजय सिंह, आकाश रॉबर्ट आदि मौजूद रहे।

ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली

# देहात क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

## श्रद्धालुओं ने सुबह से ही शुरू की पूजा-अर्चना, जयकारों के घोष से गूंज उठे मंदिर परिसर

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार :** नगर में हजारों लोगों के लिए असीम आस्था और श्रद्धा का रमणीय स्थान श्री मोनी वाला शिव मंदिर पर गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। मंदिर प्रांगण में श्री हनुमान जी की 16 फुट ऊंची प्रतिमा पर जलाभिषेक किया गया। विधिवत पूजा अर्चना के बाद महेश बिश्नोई एंड पार्टी ने सुंदरकांड का सुंदर आयोजन किया।

श्री मोनी शिव मंदिर असीम आस्था और श्रद्धा का केंद्र है। करीब 90 वर्ष पुराने इस मंदिर में शिवलिंग स्थापित है। यहां अनेक मूर्तियां लगी हैं। हजारों शिवभक्त यहां जलाभिषेक करते हैं। पूर्व विधायक स्वर्गीय रामकृष्ण माहेश्वरी ने मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए 16 फीट ऊंची श्री हनुमान जी की प्रतिमा स्थापित कराई थी और इसकी विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा कराई गई थी। इस मूर्ति पर आज तक किसी भी पंछी ने बीट तक नहीं करी है जबकि इसके आसपास पेड़ों पर पंछी बैठे रहते हैं। बताते हैं कि करीब 100 वर्ष पूर्व मंदिर के नजदीक रामगंगा नदी बहती थी और यहां मोनी बाबा तपस्या करते थे और लोगों की समस्याओं को दूर करते थे जिसकी वजह से यह केंद्र असीम आस्था और श्रद्धा में तब्दील हो गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक मुकेश माहेश्वरी ने कहा कि भगवान हनुमान जी की सच्चे मन से पूजा करने से सब दुखः दूर हो जाते हैं। इस अवसर पर राम प्रकाश अग्रवाल, एडवोकेट दीपक बिश्नोई, भारत विकास परिषद के प्रांतीय मीडिया प्रभारी सुदेश बिश्नोई, राकेश चंद्र माहेश्वरी, दिनेश चंद माहेश्वरी, अभय माहेश्वरी, प्रमोद कुमार, डॉ अशोक चौहान, आर के कश्यप, सुभाष माहेश्वरी, हरिश्चंद्र अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल उर्फ मौनी बाबा, नवनीत बिश्नोई, राष्ट्रीय नन्द समाज के जिला अध्यक्ष राजकुमार ठाकुर, सौरभ अग्रवाल, राजपाल यादव आदि लोग मौजूद रहे। आगंतुकों का आभार मुकेश माहेश्वरी ने व्यक्त किया।



हनुमान जी की आरती उतरते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में भक्ति की धूम

हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर एवं तहसील क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। नगर के माहेश्वरी मंदिर, श्री रामलीला मंदिर, वैश्य बिश्नोई शिव मंदिर सहित क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी, जहां श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान के दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मंदिरों में सुंदरकांड पाठ और हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। भाजपा नेता अभय कुमार विश्नोई, वैश्य सभा कांठ के अध्यक्ष अनिल कुमार विश्नोई आदि श्रद्धालु मौजूद रहे। ग्राम गुलहड़िया स्थित बाला जी दरबार व कमलनाथ आश्रम में अखंड रामायण पाठ भी संपन्न कराया गया। संत बाबा तेजराम उर्फ कमलनाथ द्वारा सामूहिक रूप से सुन्दरकाण्ड, श्री रामस्तुति, हनुमान चालीसा, बजरंगबाण, शनि चलीसा, भजन, आरती, विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। क्षेत्र के ग्राम कुचावली में गायत्री परिवार की ओर से पांच कुंडिय यज्ञ किया गया। जिसमें जबर सिंह, कल्लू सिंह ग्राम, प्रधान शशिवाला, ऋषिपाल सिंह आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

### नगर में धूमधाम से मनाई गई हनुमान जयंती



**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। नगर के राम मंदिर से झांकियों का जुलूस निकाला गया जो कि मौहल्ला कायस्थान से मौहल्ला बिश्नोईयान से घास मण्डी से सोमवार का बजार होता हुआ सैनियों वाले मन्दिर से होता हुआ राम मन्दिर पर वापस आकर समाप्त हुआ। इस दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। जिसमें राम लीला कमेटी अध्यक्ष वरुण गुप्ता व अंशुल गुप्ता व निकेत गांधी व नेता राम सैनी व रामौतार सैनी अचल शर्मा सरजू बिश्नोई व डा राकेश कुमार बिश्नोई अभिनव गुप्ता अमन वर्मा अंकुर गुप्ता बिनोद सैनी एवं एस आई इसरार अहमद व महिला कांस्टेबल सहित पुलिस बल तैनात रहा।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव




**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर नगर से लेकर देहात क्षेत्र में हनुमान जन्मोत्सव हर्षो उल्लास के साथ मनाया गया। जगह-जगह सुंदरकांड व भजन कीर्तन के आयोजन किए गए दोपहर में विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। नगर के विप कॉलोनी नागालैंड नगरिया रोड पर हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। दोपहर मैं एक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। इसी दौरान बालाजी धाम के महंत मनोज शर्मा, अर्चना शर्मा, रचित शर्मा, पुष्कर शर्मा, आदि मौजूद रहे। वही खाकेश्वर मंदिर, पीपल पीपल टोला स्थित हनुमान मंदिर, तहसील परिसर स्थित हनुमान मंदिर पर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार, उर्मिला अध्यक्ष, धर्मेंद्र कुमार पाल, विमल कुमार, प्रियांशु कुमार, भव्य कुमार, ठाकुर प्रकाश, सुधीर कुमार, मुकेश कुमार वर्मा, लक्ष्मी देवी, ममता देवी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। ठाकुरद्वारा के शक्तिपीठ मंदिर बालाजी मंदिर, ग्राम रामपुर बलभद्र स्थित श्री बालाजी शक्तिपीठ मंदिर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। मंदिर परिसर में आयोजित इस भव्य आयोजन का शुभारंभ नेपा चौकी पर तैनात संजय चौहान ने फीता काटकर किया। मंदिर के महंत विक्रम यादव की पुत्री एवं प्रमुख सेविका प्रिया यादव ने की। बरखेड़ा पांडे से पधारे महंत सोमपाल सिंह, जसपुर महंत राजीव राणा, अनीता राणा, मंदिर की देखरेख करने वाली महंत विक्रम यादव की पत्नी गुड्डी यादव, महिपाल सिंह, अर्जुन कुमार, संजू, कपिल कुमार, यश चौधरी, रिंकी चौधरी और रेनू चौधरी, ममता देवी, पूजा रानी सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दहेज उत्पीड़न के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचार :** दहेज में पांच लाख रुपये और कार की मांग पूरी होने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया। एसएसपी के निर्देश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कस्बे की शाइस्ता परवीन ने बताया कि उसका निकाह 8 फरवरी 2023 को जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र के ग्राम सदाफल में मोहम्मद आसिफ के साथ मुस्लिम रीति रिवाज से हुआ था। शादी के कुछ दिन बाद ही आसिफ और उसके परिजनों ने दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग शुरू कर दी। मना करने पर उत्पीड़न शुरू कर दिया। 2024 में उसकी नंद नसरीन ने उसके पेट में लात मार दी, जिससे गर्भपात हो गया। पति अपने दोस्त उस्मान बाबा के कहने पर पहने हुए कपड़ों में ही उसे मुरादाबाद छोड़ गया। 2 मार्च 2026 को दोनों पक्षों में पंचायत हुई। पंचायत में उसका पति मोहम्मद आसिफ स जाफरी रशीद उर्फ भूरा, मोहम्मद उमर, सलमा फातिमा जेठानी, बाबा उस्मान दोस्त, देवर हाशिम निवासी सदाफल नसरीन, नजमा नंद, नफीस, शकीरा नंदोई सभी लोग पंचायत में पहुंचे परंतु उन्होंने घर रखने से बिना दहेज लिए मना कर दिया और तीन तलाक देने की धमकी दी।

## स्मार्ट मीटर बंद होते ही ठप हो गई बिजली सप्लाई

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

● एडवांस भुगतान के लिए विभाग में उमड़ी भीड़

**अमृत विचार :** नगर में स्मार्ट मीटर की गड़बड़ी के चलते उपभोक्ताओं को बिजली आपूर्ति बाधित होने की समस्या का सामना करना पड़ा। कई घरों में मीटर चालू रहने के बावजूद सप्लाई आगे नहीं पहुंच पाई, जिससे अचानक बिजली कटने पर लोगों में अफरा-तफरी मच गई।

बिजली चालू कराने के लिए उपभोक्ताओं ने बिजली विभाग पहुंचकर एडवांस (एस्टरा) भुगतान किया। भुगतान के बाद संबंधित कनेक्शनों की सप्लाई दोबारा शुरू कर दी गई। इस दौरान बिजली विभाग कार्यालय में भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे अव्यवस्था की स्थिति बन गई और लोगों को लंबी लाइनों में लगना पड़ा। उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर में सप्लाई आने के बावजूद घरों तक बिजली नहीं पहुंच रही है। कई लोगों ने बताया कि उन्होंने समय पर बिल जमा किया था, फिर भी उनकी सप्लाई बंद कर दी गई। इसके बाद मजबूरी में उन्हें एडवांस भुगतान कर बिजली चालू करानी पड़ी। वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि स्मार्ट मीटर प्रीपेड प्रणाली पर आधारित हैं, और बैलेंस समाप्त होने पर सप्लाई स्वतः बंद हो जाती है। उपभोक्ताओं को नियमित रूप से बैलेंस बनाए रखने की सलाह दी गई है, ताकि ऐसी समस्या से बचा जा सके। बिजली विभाग में दिनभर उपभोक्ताओं की भीड़ लगी रही और अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।

## विवादित भूमि पर आवास योजना की किस्त जारी

**कांठ, अमृत विचार:** योगी सरकार में भी योजना के अपात्र लोगों को अधिकारियों की मिली भगत के चलते लाभ प्राप्त हो रहा है नगर में इसका एक उदाहरण देखने को मिला है। क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर गुर्जर निवासी अनीता रानी पत्नी नरेश कुमार ने गत 4 सितंबर 2024 को एक भूमि की आराजी का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट नगर के मोहल्ला पट्टी वाला निवासी मोहम्मद इरफान से कराया था। निर्धारित समय 11 माह में भूमि मालिक ने आराजी का बैनामा नहीं कराया। पीड़ित महिला ने विपक्षी के विरुद्ध सिविल जज मुरादाबाद के न्यायालय में बाद दायर कर दिया। इसके बावजूद विवादित आराजी पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मोहम्मद इरफान के खाते में आवास निर्माण के लिए प्रथम किस्त जारी कर दी गई। महिला ने शिकायत पोर्टल पर की है।

## टीएमयू छात्र को जान से मारने की धमकी

संवाददाता,ठाकुरद्वारा

● 31 मार्च को आरोपियों ने दी थी धमकी हथियार लहराकर बसें रुकवाईं

**अमृत विचार :** मुरादाबाद की यूनिवर्सिटी टीएमयू के छात्र को जान से मारने की धमकी देने, कैंपस में घुसकर अभद्रता करने और हथियार लहराकर बसें रुकवाने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उत्तरखंड के काशीपुर निवासी यश ठाकुर पुत्र राजकुमार सिंह कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह टीएमयू में बीटेक तृतीय वर्ष का छात्र है। रोजाना काशीपुर से बस से कॉलेज आता है। उसके अनुसार, टीएमयू की एक छात्रा से उसकी दोस्ती हो गई थी, जिससे नाराज होकर उसका पूर्व परिचित जतिन राजपूत, जो वर्तमान में गलगोटीएस यूनिवर्सिटी में पढ़ाई कर रहा है, उससे रंजिश रखने लगा। पीड़ित के मुताबिक, 31 मार्च को आरोपी जतिन राजपूत अपने साथ रितिक चौधरी व एक अन्य युवक को लेकर फर्जी तरीके से टीएमयू कैंपस में प्रवेश कर गया। उसने फोन कर यश ठाकुर को ग्राउंड में बुलाया और धमकी दी कि वह छात्रा से अपनी दोस्ती खत्म कर दे, अन्यथा उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इसी दौरान आरोपी ने छात्रा को भी मौके पर बुलाकर उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की धमकी दी और वहां से चले गए। घटना से डरे छात्र ने उस दिन अपने रिश्तेदार के घर शरण ली। इसके बाद मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे मामला और गंभीर हो गया। आरोप है कि जतिन राजपूत अपने पांच अन्य साथियों के साथ सफेद रंग की कार से काशीपुर-टीएमयू मार्ग पर पहुंचा। इसके बाद अलग-अलग बसों को रास्ते में रोककर यश ठाकुर के बारे में पूछताछ की। बताया गया कि आरोपियों ने बसों को रुकवाकर चालकों से छात्र के बारे में जानकारी ली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कार में बैठे एक युवक के हाथों में अवैध तमंचा था, जिसे वह खुलेआम लहरा रहा था। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी कि इस बार तो यश बच गया, अगली बार जिंदा नहीं छोड़ेंगे। इस घटना से बसों में सवार छात्रों और राहगीरों में दहशत का माहौल बन गया। पीड़ित के दोस्तों ने पूरी घटना की जानकारी उसे दी और एक वीडियो भी उपलब्ध कराया, जिसमें आरोपी हथियार के साथ उसका नाम लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## समस्याओं को लेकर एसडीएम को दिया ज्ञापन

**कांठ, अमृत विचार:** किसानों की ज्वलंत समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष चौधरी ऋषिपाल सिंह की अगुवाई में भारतीय किसान यूनियन ने एक ज्ञापन एसडीएम कांठ संत दास पवार को दिया। ज्ञापन में शेड्यूल के अनुसार विद्युत आपूर्ति, जर्जर विद्युत तार बदलने, स्मार्ट मीटर में गलत रीडिंग सही करने समेत कई मांगे की।

समाधान न होने पर भारतीय किसान यूनियन ने आंदोलन की चेतावनी दी है। इस मौके पर तहसील अध्यक्ष दर्शन सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष अंगद चौधरी, अरविंद आदि मौजूद रहे।

## भाजपा की जिला कार्यकारिणी घोषित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● आठ जिला उपाध्यक्ष और तीन जिला महामंत्री बनाए गए
● पदाधिकारियों से संगठन को और मजबूत बनाने की अपेक्षा

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की जिला कार्यकारिणी गुरुवार रात घोषित की गई। इसमें आठ को जिला उपाध्यक्ष और तीन को जिला महामंत्री बनाया गया है।

जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल के अनुसार चंद्रपाल सैनी, कमल कुमार प्रजापति, डा. यशवीर सिंह, गजेंद्र चौधरी, चकित चौधरी, अशोक प्रजापति, मयूर भाटिया, आदेश चौधरी को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि नवीन उर्फ विकास चौधरी, ओमपाल सैनी, आदित्य शंखधार को जिला महामंत्री बनाया गया है। इसके अलावा दिनेश यादव, अरुण कुमार, विक्रांत सिंह, लकी चौधरी, ब्रजेश लोधी, कशिक चौहान, प्रियंका जाटव, ज्योति वाल्मीकि को जिला मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है।

वहीं आशीष शर्मा को जिला कोषाध्यक्ष बनाया गया है। जिलाध्यक्ष ने सभी पदाधिकारियों से भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाकर पार्टी हित में काम करने की अपेक्षा की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9412554796
0591 3591634

**सूचना**

श्रीमती किरन सक्सेना पत्नी अनिल कुमार सक्सेना मेरे हाईस्कूल शैक्षिक प्रमाण पत्रों में नाम कु. किरन कुमारी सक्सेना दर्ज है जबकि मेरा वास्तविक नाम किरन सक्सेना पत्नी अनिल कुमार सक्सेना निवासी नि. मो. कायस्थान निकट डा. विनोद की दुकान, हसनपुर तहसील व थाना हसनपुर (अमरोहा) दर्ज है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम TAHERA BEGUM से बदलकर TAHIRA BEGUM रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए। **TAHIRA BEGUM W/O IFTEKHAR AHMAD R/O ASALATPURA THEKEDAR WALI MASJID MORADABAD-244001**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

## ईदगाह के पेड़ों के नाम पर तीन लाख की ठगी

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** क्षेत्र में ईदगाह की जमीन पर खड़े पेड़ों के नाम पर धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कमालपुरी खालसा निवासी इंतज़ार हुसैन ने एसएसपी को बताया कि उसकी मुलाकात कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामपुर घोघर निवासी जाहिद हुसैन से हुई, जिसने खुद को ईदगाह कमेटी का सदस्य बताया। उसने कमेटी के सचिव मोहम्मद कासिम से मिलवाया और ईदगाह की भूमि पर खड़े यूकेलिप्टिस व सिंबल के पेड़ों को बेचने की बात कही। आरोप है कि पेड़ों का सौदा करीब10 लाख रुपये में तय हुआ, जिसके एवज में प्रार्थी ने 3 लाख अग्रिम रूप में दे दिए। आरोपियों ने ईद के बाद पेड़ों की कटाई कराने का आश्वासन था। पीड़ित का कहना है कि तय समय बीतने के बाद जब उसने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने उसे टालना शुरू कर दिया। 28 मार्च 2026 को दोबारा पैसे मांगने पर आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसके कपड़े फाड़ दिए। साथ ही उसके खिलाफ झूठी शिकायत भी दर्ज कराई गई। प्रार्थी ने यह भी बताया कि उसे लगातार फोन पर धमकियां मिल रही हैं, जिससे वह भयभीत है। पीड़ित ने पुलिस से अपनी 3 लाख रुपये वापस दिलाने की मांग की है।

## बाइक की भिड़ंत में युवक की मौत

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौंगी खुर्द निवासी ऊदल सिंह ने आईटीआई कोतवाली पुलिस तहरीर देकर बताया कि 25 मार्च को उनका पुत्र अमित कुमार फैक्ट्री के ठेकेदार शुभम कुमार की बाइक से फैक्ट्री के कार्य से महुआखेड़ा गंज की ओर जा रहा था।

जब अमित पैगा चौकी चौराहा मार्ग और ग्राम महुआखेड़ा गंज मार्ग के बीच पहुंचा, तभी सामने से आ रही बाइक के चालक ने गलत दिशा में आकर उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में अमित गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बताया कि अस्पताल में उनके बेटे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## न्यूज डायरी



### रैली निकालकर किया जागरूक

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** ग्राम पंचायत कालाझांडा में परिषदीय विद्यालयों द्वारा स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय कालाझांडा के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली के दौरान बच्चों ने सब पढ़ें, सब बढ़ें छोड़ो मत स्कूल जाना, शिक्षा है सबसे बड़ा खजाना जैसे प्रेरणादायक नारे लगाकर ग्रामीणों को शिक्षा का महत्व बताया। नवागंतुक विद्यार्थियों का तिलक-रोली लगाकर तथा पुष्प वर्षा कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर राजेश कुमार हितैषी, कंचन खुल्बै, पीयूष कुमार प्रशांत, रूपा आर्य, सोमवती शर्मा, सपना चौहान, राखी शर्मा, आशीष कुमार आदि मौजूद रहे।



### वार्षिकोत्सव में मेधावी सम्मानित

**कांठ, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय चेतरामपुर ब्लॉक छजलैट मुरादाबाद में वार्षिक उत्सव एवं शारदा संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वार्षिक परीक्षा फल वितरण करने के साथ मेधावी छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ एसएमसी अध्यक्ष महेश कुमार एव प्रधानाध्यापक वीरेंद्र चौधरी ने माँ सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। छजलैट के ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र चौधरी विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता एसएमसी अध्यक्ष महेश कुमार ने की संचालन श्रीमती अनीता बचन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सूर्यलता, पारुल मेहरोत्रा, पूजा कुमारी, ममता रानी का सहयोग रहा।



### जन-जन तक पहुंचाएं नीतियां

**कांठ, अमृत विचार :** विधानसभा कांठ क्षेत्र के छजलैट स्थित आनंदी फार्म हाउस में सपा युवा नेता जयकुमार प्रजापति ने होली मिलन समारोह और पीडीए पंचायत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कमाल अख्तर और सपा के राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक कमाल अख्तर ने समाजवादी पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति ने पीडीए पंचायत को सामाजिक न्याय की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताते हुए कार्यकर्ताओं से सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमित कुमार प्रजापति एवं संचालन हिमांशु सैनी ने किया। इस मौके पर अनिल प्रजापति, विजयपाल प्रजापति, एडवोकेट मनोज प्रजापति, देवी लाल प्रजापति, पूरन प्रजापति, भगवान दास प्रजापति, विक्रम सिंह यादव, जोगेंद्र सिंह, दिव्यांशु सागर, प्रेम सिंह पासी, लाखन सिंह सैनी, अतिकुर्रहमान, फुरकान अली, मुकेश यादव, अरशद, कपिल ठाकुर, मनोज चौधरी, दुर्गा शर्मा उपस्थित रहे।



### वितरित की गई पुस्तकें

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ इकाई ठाकुरद्वारा की ओर से सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों एवं शिक्षामित्रों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूल चलो अभियान के तहत पुस्तकों का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षक हरफूल सिंह, वीरेंद्र सिंह, नीना देवी एवं वीरेंद्रपाल सिंह सहित शिक्षामित्र रामपाल सिंह, शशिबाला देवी एवं शाकरा खातून को शॉल ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडलीय मंत्री सर्वेश शर्मा ने की। इस मौके पर जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा, कोषाध्यक्ष संजय ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष वीर सिंह, मंत्री त्रिवेंद्र कुमार और बीईओ मनोज कुमार बॉस से शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम का संचालन नरेश चंचल और सोनिया चौहान ने संयुक्त रूप से किया। समारोह में हरि सिंह, निकेश कुमार, अशोक कुमार, विशाल चौधरी, अनुज चौहान, नरेंद्र सिंह, अरुण कुमार, जितेंद्र कुमार, पीयूष कुमार, अवनीश कुमार, कुलबीर सिंह, चंद्रवीर सिंह, सत्य प्रकाश, नितिन मोगा, पुष्पेंद्र कुमार, फरहत खान, उमा देवी, अर्चना धामा, एआरपी मोनिका गहलोत आदि रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### तत्काल दें पेंशनर की मृत्यु की सूचना

**अमृत विचार, रामपुर :** वरिष्ठ कोषाधिकारी रणजीत सिंह ने कहा कि पेंशनर और पारिवारित पेंशनर की मृत्यु होने पर परिजन तत्काल कोषागार को सूचना दें। कहा कि कोषागार के संज्ञान में ऐसे प्रकरण लगातार आ रहे हैं, जिनमें पेंशनर, पारिवारिक पेंशनर की मृत्यु के उपरांत उनके परिजनों द्वारा संबंधित कोषागार को समय पर सूचना नहीं दी जाती है। इसके परिणामस्वरूप पेंशन, पारिवारिक पेंशन का भुगतान जारी रहता है, जिससे अधिक भुगतान की स्थिति उत्पन्न हो जाती है। इसके बाद अतिरिक्त भुगतान की गई धनराशि की वसूली की कार्यवाई की जाती है। कहा कि मृत्यु के उपरांत प्राप्त पेंशन की धनराशि अनाधिकृत मानी जाएगी।

### रोवर्स-रेंजर्स को शिविर निर्माण सिखाया

**अमृत विचार, रामपुर :** राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में गुरुवार को रोवर्स एवं रेंजर्स इकाई के 5 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन प्रार्थना, ध्वजारोहण, झण्डा गीत, सुविचार व्यक्त किए गए। इसके बाद जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रेमपाल सिंह तथा जिला संगठन आयुक्त नरवन्त कौर ने शिविर-निर्माण, गांठ बन्धन, सार्वजनिक संपत्ति की सुरक्षा, बचत, आपदा प्रबन्धन आदि का प्रशिक्षण दिया। इस मौके पर रोवर लीडर डॉ. राजेश कुमार, सहायक रोवर लीडर डॉ. अख्तर हुसैन, रेंजर लीडर डॉ. माया भारती एवं सहायक रेंजर लीडर डॉ. नेहा नागपाल आदि मौजूद रहे।

### अभद्र टिप्पणी करने का आरोपी गिरफ्तर

**बिलासपुर :** खजुरिया पुलिस ने सोशल मीडिया पर देवी-देवताओं का अपमान करने वाली पोस्ट डालने के आरोप में एक युवक को हिरासत में लिया है। युवक के खिलाफ हिंदू संगठनों की शिकायत पर यह कारवाई की गई है। थानाध्यक्ष पंकज पंत ने बताया कि उपनिरीक्षक योगेश मलिक ने गुलामगंज गांव निवासी सोनू कुमार को हिरासत में लिया है। उसके विरुद्ध शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई की गई और उसे एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया। बताया कि सोनू ने हाल ही में फेसबुक पर कथित तौर पर हिंदू देवी-देवताओं का अपमान करते हुए एक पोस्ट डाली थी। जिसमें वह देवी-देवताओं के चित्रों को फाड़ रहा था। इस पोस्ट से हिंदू संगठनों के लोगों में आक्रोश था और उन्होंने पुलिस से शिकायत की थी। बताया जाता है कि शिकायत के बाद सोनू ने फेसबुक पर ही एक और पोस्ट डालकर अपनी अपमानजनक पोस्ट के लिए माफी भी मांगी थी। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्ट के कारण लोक शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना थी।


मिस्टन गंज में अग्रवाल धर्मशाला स्थित मंदिर में भजन कीर्तन करते भक्त।


शाहबाद के शक्तिधाम में यज्ञ में आहुति देते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में शामिल कलाकार।


बिलासपुर के संकट मोचन श्री बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर सजा दरबार।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव पर जिले भर के मंदिरों में हुई पूजा-अर्चना

## शहर के मंदिरों में जय हनुमान ज्ञान गुण सागर.. की गूंज, सैफनी में निकाली गई श्री बाला जी की शोभायात्रा, बजरंगबली की आकर्षक झांकियों ने मनमोहा

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** श्री हनुमान जन्मोत्सव पर जिले भर के मंदिरों में सुबह पूजा अर्चना और भंडारे हुए। सैफनी में श्री बाला जी की शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा पर जगह-जगह पुष्प वर्षा हुई। इसके अलावा कलश यात्रा निकाली गई। शहर के मोहल्ला झंडा स्थित श्री बाला जी दरबार में सुबह पंडित अंकुर शर्मा ने पूजा अर्चना कराई और शाम को मंदिर में सुंदरकांड का पाठ हुआ। शोभायात्रा और कलश यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

शहर के मोहल्ला झंडा स्थित श्री बाला जी दरबार में सुबह 7 बजे पूजा अर्चना हुई और शाम को पंडित अंकुर शर्मा ने सुंदरकांड का पाठ किया। इस मौके पर महंत आनंद कुमार, सुशील चौहान, गिरीश रस्तोगी, प्रदीप, अरुण डालमियां, अर्पित गुप्ता, पूजा शर्मा, साधना गुप्ता और कुंवर सैन गुप्ता आदि मौजूद रहे। दोपहर में श्रद्धालुओं ने भंडरा ग्रहण किया। तिलक नगर कालोनी स्थित मन्दिर बगिया जोकीराम में लोक कल्याण की भावना को जाग्रत करने के उद्देश्य से सुन्दर कांड तथा भजन कीर्तन हुए। जिसमें भगवान के भजनों पर भक्तजन भाव विभोर हो गये। संकट मोचक भक्त हनुमान के भजन बोलो जयकारा मेरे वीर हनुमान का तथा महिमा रामनाम की पर मंत्रमुग्ध हुए। इस अवसर पर मन्दिर के पुजारी पंडित सुरेश चन्द्र शर्मा ने सुंदर कांड का प्रारम्भ हनुमान जी का पूजन अर्चना करके किया। महेन्द्र सक्सेना, अरविन्द अग्रवाल, राजेन्द्र कुमार जायसवाल ,रामबाबू, ईश्वर सरन गुप्ता, वेद प्रकाश गुप्ता, मुरारी, सुधीर यादव, मीनू गुप्ता, नीलम गुप्ता, प्रीती गुप्ता, अनीला जोशी, स्नेहलता गुप्ता, क्षमा शर्मा, राजेश्वरी जायसवाल, सुमन अग्रवाल, मुस्कान आदि उपस्थित रहे। शहर के बाजार मिस्टन गंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला मंदिर में राष्ट्रीय जाग्रति हिंदू महा संघ ने सात हनुमान चालीसा का पाठ किया। भजन कीर्तन के साथ बालाजी जन्मोत्सव मनाया गया। कंचन सक्सेना, सुमन गुप्ता, जया गुप्ता, वीरांगना मांगलिक, रेनू सक्सेना, सीमा शर्मा, संगीता अग्रवाल, पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा, पुजारी पंडित सत्यम शर्मा, पुजारी पंडित ललित मोहन शर्मा, संजय शर्मा, रंजीत कौर, राज बाला, अन्नू मिश्रा, सरिता, दीपा, ममता, विशाल गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल, पंडित भगवान दास शर्मा आदि मौजूद रहे।


मंदिर बगिया जोकीराम में भजन कीर्तन करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


मोहल्ला झंडा स्थित श्री बाला जी दरबार में पूजा अर्चना करते भक्त। ● अमृत विचार

### श्री हनुमत लाल के जयघोष के साथ किए पुष्प अर्पित

**स्वार, अमृत विचार :** डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सरस्वती विद्या मंदिर उच्तर माध्यमिक विद्यालय रुस्तम नगर में चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर हनुमान जयंती का कार्यक्रम आयोजित हुआ। वंदना सभा के पश्चात सभी आचार्य एवं दीदी ने वंदना प्रमुख बहनों के साथ भगवान हनुमान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। श्री हनुमंत लाल के जयघोष के साथ पुष्प अर्पित किए। प्रधानाचार्य पंडित विनोद कुमार मिश्रा ने विद्यार्थियों को हनुमान जी के प्रेरक प्रसंग सुनाए। उन्होंने बताया कि लंका युद्ध के दौरान लक्ष्मण के मूर्छित होने पर हनुमान जी संजीवनी बूटी के स्थान पर पूरा पर्वत उठा लाए और उनके प्राण बचाए। उन्होंने श्रीराम भक्ति, सिंदूर प्रसंग, रुद्राक्ष कथा तथा महाभारत में अर्जुन के रथ पर उनकी उपस्थिति का भी वर्णन किया। उन्होंने कहा कि हनुमान जी बल, बुद्धि और संकट हरण करने वाले देवता हैं। कार्यक्रम में जूनियर वर्ग के विद्यार्थियों ने हनुमान जी के विभिन्न स्वरूपों पर चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लिया। अंत में हनुमान चालीसा, अष्टक व आरती के बाद बूंदी, गंगाजल व तुलसी दल का प्रसाद वितरित किया गया।

### कलश यात्रा पर जगह-जगह हुई पुष्प वर्षा, श्रीमद्भागवत कथा शुरू


सैफनी में गुरुवार को कलश यात्रा निकालती महिलाएं।

**अमृत विचार, सैफनी :** नगर स्थित जनता इंटर कॉलेज के मैदान में आयोजक संजय रस्तोगी की देख रेख में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा शुरू हुई। कथा से पहले महिलाओं द्वारा पीले वस्त्र धारण कर नगर में बैंड बाजे के साथ धूमधाम से कलश यात्रा निकाली। इस दौरान मार्ग पर जगह-जगह भक्तों ने कलश यात्रा पर पुष्प वर्षा की। नगर स्थित जनता इंटर कॉलेज के मैदान में श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व पूजा अर्चना की गई। इसके बाद निकाली गई कलश यात्रा नगर के विभिन्न मोहल्ले में होती हुई वापस कथा स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इसके बाद पंडित गोविन्द आचार्य ने भक्तों को श्रीमद् भागवत कथा के प्रसंग सुनाकर श्रोताओं का धार्मिक मार्गदर्शन किया। कहा कि प्रभु का स्मरण करने मात्र से ही अनेक कठिनाइयों का विनाश स्वतः दूर हो जाता है। इस मौके पर राजा जोशी, पंकज शर्मा, शोभित शर्मा, अनिल रस्तोगी, दिलीप जोशी, सुंदर पांडे, फौजी सुशील, प्रवीण जोशी, रिंकू सक्सेना, शिवऔतार यादव आदि उपस्थित रहे।

### श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**बिलासपुर, अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला लक्ष्मीनगर स्थित संकट मोचन श्री बालाजी मंदिर में गुरुवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। साथ ही भक्तों ने केक काटकर खुशियां मनाईं और मनोकामना हवन में आहुतियां देकर सुख-समृद्धि की कामना की। सुबह मंदिर में महंत बाबूराम जैन के धार्मिक निर्देशन में बालाजी का रजत चोले से श्रृंगार किया गया। इसके बाद छप्पन भोग अर्पित किए गए। मनोकामना हवन का आयोजन भी किया गया, जो दोपहर तक चला। इसमें अनेक श्रद्धालुओं ने बारी-बारी से आहुतियां दीं और सुख-समृद्धि एवं कल्याण की मंगल कामना की। दोपहर में सभी भक्तों ने मिलकर केक काटा और एक-दूसरे को जन्मोत्सव की बधाई दी। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्री राम और जय हनुमान'' के जयकारों से गूंज उठा। केक काटने के बाद घंटे बजाए गए और संगीतमय सामूहिक आरती का आयोजन हुआ। पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल और व्यापारी नेता धन्नूमल बंसल समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। अंत में भंडारे का आयोजन किया गया।

### धूमधाम से निकाली श्री बाला जी की शोभायात्रा

**संवाददाता, सैफनी, अमृत विचार :** श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में श्री कष्ट भंजन बालाजी महाराज मंदिर कमेटी के तत्वावधान में बड़े धूमधाम से भगवान हनुमान की विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में झांकियां शामिल रहीं। शोभायात्रा का शुभारंभ गणेश पूजन के साथ हुआ। शोभा यात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा। श्री बाला जी शोभायात्रा नगर के मोहल्ला माता चौराहे वाली देवी मंदिर से शुरू हुई। शोभायात्रा में झांकियां शामिल थीं। शोभायात्रा सैनी मोहल्ला, वाल्मीकि बस्ती, जाटवान मोहल्ला, शाहबाद बिलारी रोड, छितौनी रोड, मोहल्ला छिड़िया आदि मोहल्लों में घूमकर श्री कष्ट भंजन बालाजी महाराज मंदिर पर संपन्न हुई। शोभा यात्रा में गणेश, हनुमान, राधा-कृष्ण, माता काली का अखाड़ा, सीता-राम, महंत जी, श्री बाला जी महाराज, बाबा का डोला आदि सुन्दर झांकियों ने लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर महंत शिवम श्री माली, मास्टर महेश चन्द्र, विशाल वाल्मीकि, डॉ. कृपाल सिंह, डॉ. चन्द्रपाल सिंह, उमेश माली, आकाश श्रीमाली, सुंदर पांडे आदि के अलावा सुरक्षा की दृष्टि से थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौजूद रहे।


शोभा यात्रा में शामिल झांकी। ● अमृत विचार

### केक काटकर मनाया हनुमान जी का जन्मोत्सव

**अमृत विचार, शाहबाद :** नगर स्थित शक्ति धाम धर्मशाला में श्री हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर हवन-पूजन और भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत आचार्य नितिन भारद्वाज ने विधि-विधान के साथ हवन-पूजन से कराई। जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। विशेष आकर्षण के रूप में हनुमान जी का केक काटकर जन्मोत्सव मनाया गया। जिसे लेकर युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। पूरा वातावरण भक्ति गीतों और जयकारों से गुंजायमान रहा। इस अवसर पर देवीदास रस्तोगी, नितिन भारद्वाज, अपूर्व पूठिया, शुभम रावत, विपुल शर्मा, यशवेंद्र चौहान, राम शर्मा, मोंटी शर्मा, राजेश पूठिया, पंकज चंद्रवंशी, सोहनलाल रस्तोगी, मनोहरी लाल, मोतीलाल बरनवाल, मक्खन लाल, आदेश रावत, वरुण शर्मा, विकास देवल आदि मौजूद रहे।

# टांडा की टीम ने 4-0 से जीता मैच

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


महात्मा गांधी स्टेडियम पर हुए मैच में भिड़ते खिलाड़ी। ● अमृत विचार

● महात्मा गांधी स्टेडियम में हो रहा फुटबाल टूर्नामेंट

**अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में गुरुवार को क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय बाबा साहब भीमराव अंबेडकर फुटबॉल टूर्नामेंट यंग मैन टांडा और हीरो क्लब रामपुर के बीच फुटबाल मैच हुआ। एक तरफा मुकाबले में यंगमैन टांडा की टीम ने 4-0 से मैच जीत लिया।

स्टेडियम पर मुख्य अतिथि सुनील कुमार शर्मा और विशिष्ट अतिथि रामचंद्र ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के फुटबाल में किक मारकर खेल का उद्घाटन किया। पहले हाफ में मैच शुरू होते ही टांडा के खिलाड़ी ओसामा ने मैच के 10 वें मिनट मे 1 गोल मारकर टीम का खाता खोल दिया। जबकि हीरो क्लब के खिलाड़ी गोल के लिए संघर्ष करते रहे लेकिन, कोई सफलता नहीं मिली। दूसरे हाफ के 55 वें मिनट में टांडा के यस ने और 66 वें मिनट में अनिकेत ने एक-एक गोल किया। 69 वें मिनट में यस ने एक ओर गोल कर अपनी टीम को 4-0 से जीत दिला दी। टांडा यंगमैन के खिलाड़ी यस ने अच्छे खेल का प्रदर्शन करते हुए अपनी टीम के लिए 2 गोले किए। मैच के निर्णायक अजीत कुमार रहे। लाइन मैन शिवम और आदित्य रहे। इस अवसर पर मनोज कुमार उपाध्यक्ष क्रीड़ा भारती रामपुर, अभिषेक लाल, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू ,अमित चौहान, नितिन, विजेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। शुक्रवार को बंगाली कॉलोनी रुद्रपुर और औऱ मॉर्निंग क्लब रामपुर के बीच शाम 4 बजे से मैच खेला जाएगा।

# यूरिया का दुरुपयोग रोकने को छापामारी

**रामपुर, अमृत विचार :** टेक्निकल ग्रेड यूरिया के दुरुपयोग को रोकने के लिए गुरुवार को जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने औद्योगिक इकाइयों में छापामारी की। उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि औद्योगिक इकाइयों द्वारा नीम लेपित यूरिया के डावर्जन को रोकने के लिए टेक्निकल ग्रेड यूरिया का प्रयोग करने वाली औद्योगिक इकाइयों पर छापामारी की गई है। निरीक्षण के दौरान टेक्निकल ग्रेड यूरिया के कुल 3 नमूने लिए गए हैं, जिन्हें परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम ने गुरुवार को पशु आहार, कुक्कुट पालन, पेंट में इमल्सन बाइंडर, चीनी, शीरा के एल्कोहल किण्वन, प्लाईवुड एवं पार्टिकल बोर्ड उद्योग, प्लास्टिक उत्पाद, कपड़ा रंगाई-छपाई तथा डिश शॉप आदि में छापामारी की।

# पुल की मरम्मत के चलते बदहाल रास्तों से गुजर रहे लोग

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


धूल से बचने को मुंह पर आंचल रखकर गुजरती महिला।


पनवड़िया मार्ग पर जाम में फंसे वाहन। ● अमृत विचार

● कहीं जलभराव तो कहीं धूल भरे रास्तों पर निकलने को मजबूर

**अमृत विचार :** राम-रहीम पुल बंद होने के बाद लोग बदहाल रास्तों से गुजर रहे हैं। कहीं जलभराव तो कहीं धूल भरे रास्तों से गुजरने को लोग मजबूर हैं। सुबह को पनवड़िया और सीआरपीएफ चुंगी रेलवे क्रासिंग पर जाम लगने से लोगों को काफी परेशानी हो रही है। प्रशासन ने ज्वालानगर क्षेत्र की करीब 1 लाख आबादी की आवाजाही के लिए कोई वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था नहीं कराई और पुल को बंद कर दिया गया। 20 वर्ष बाद पुल की मरम्मत कराई जा रही है।

ज्वालानगर को सिविल लाइंस से जोड़ने वाला राम-रहीम पुल मरम्मत के लिए 20 मई तक बंद रहेगा। पुल बंद हुए चार दिन गुजरे हैं और लोग बदहाल रास्ते पर चलने से बेहाल हो गए हैं। प्रशासन राम-रहीम पुल की मरम्मत का कार्य शुरू करा दिया लेकिन, वैकल्पिक मार्गों को दुरुस्त नहीं कराया। सुबह से शाम तक पनवड़िया और सीआरपीएफ चुंगी रेलवे क्रासिंग पर जाम-जाम ही रहता है। पनवड़िया कोसी क्रासिंग पर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। ज्वालानगर से आगापुर और सीआरपीएफ कालोनी जाने वाले मार्ग पर मिट्टी का भराव कराया गया लेकिन, ट्रैफिक का दबाव बढ़ने से मार्ग पर कीचड़ हो गई। जिसके कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। अंडरपास में अधिक आवाजाही से मिट्टी नीचे बैठ गई और कीचड़ होने लगी। गुरुवार को अंडरपास पर बैरिकेडिंग लगाकर सफाई कार्य किया गया लेकिन, दोपहर में लोगों ने अंडरपास पर लगी बैरिकेडिंग हटाकर आवाजाही शुरू कर दी जिसके कारण काम की रफ्तार सुस्त हो गई।

**समस्या** — शहर के मोहल्ला छीपियान में सीवर के मैन होल से हो रहा रिसाव

# सीवर की बदबू से जीना दुश्वार, लोग हो रहे बीमार

● जल निगम के अधिकारियों से कई बार की जा चुकी शिकायत

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर के मोहल्ला छीपियान में सीवर लाइन के मैन होल से गंदे पानी के रिसाव से उठने वाली बदबू से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। लोग बीमार होने लगे हैं कई बार जल निगम के अधिकारियों से शिकायत कर चुके हैं लेकिन, स्थिति जस की तस है। गुस्साए लोग सड़क पर आ गए और मैन होल को दुरुस्त कराए जाने की मांग करने लगे। लोगों का कहना है कि सीवर लाइन ठीक काम नहीं कर रही है।

सीवर लाइन के मैन होल से गंदगी बाहर आने से मोहल्ला छीपियान में बदबू के कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। मोहल्ला निवासी दिनेश सागर बताते हैं कि कई बार जल निगम के अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है लेकिन, स्थिति जस की तस है। कहा कि विभाग से कर्मचारी आते हैं लेकिन, खानापूरी करके चले जाते हैं। इसके बाद विभाग से फोन आता है कि समस्या दूर हुई कि नहीं। विभागीय अधिकारियों को बताया जाता है कि कर्मचारी आए थे लेकिन, स्थिति जस की तस है। इसके बाद अधिकारी कोई संतोषजनक उत्तर नहीं देते। बताया कि गंदे पानी में चलने और उससे उठने वाली बदबू से लोग बीमार हो रहे हैं। लेकिन अधिकारी इस ओर तवज्जो नहीं दे रहे हैं। मांग है कि सीवर लाइन को दुरस्त कराया जाए।


सीवर के मैन होल से निकलता गंदा पानी।


मैन होल से निकलते गंदे पानी को दिखाते मोहल्ले के लोग। ● अमृत विचार

> सीवर लाइन को ठीक करने के लिए टीम गठित है जोकि कोई शिकायत मिलने पर मौके पर पहुंचती और समस्या का निदान करती है। सीवर लाइन की किसी समस्या के लिए टोल फ्री नंबर-1800 313797979 पर शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। – देवेंद्र कुमार एक्सईएन जल निगम शहरी क्षेत्र।


सीवर लाइन पर पड़े हुए पत्थरों की दरारों से गंदा पानी सड़क पर आ रहा है जिससे बदबू उठती है तो घर में रुकना मुहाल हो जाता है। सीवर लाइन को सही कराएं। **– सायरा बानो**


जल निगम के अधिकारियों से कई बार सीवर लाइन खराब होने की शिकायत कर चुके हैं। लेकिन सीवर लाइन को दुरुस्त नहीं कराया गया है वह जगह-जगह से लीक हो रही है। **– विक्की अली**


सीवर लाइन बिछने के बाद से लोग परेशान हैं। अधिकारियों से शिकायतें करते-करते थक चुके हैं। गंदा पानी पत्थर से लीक होने पर बहुत बदबू फैल जाती है। **–अकरम**


शेखों वाली गली में सीवर का पानी सड़कों पर चल रहा है। जिसके कारण सड़कों पर गंदगी फैल जाती है और बीमार हो रहे हैं। प्रशासन सीवर लाइन को दुरुस्त कराए। **– आरिफ**

# तू नारी है, तू खुशियों की क्यारी है

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


राजकीय महिला डिग्री कालेज में कविता पाठ करती छात्रा। ● अमृत विचार

● राजकीय महिला डिग्री कालेज में हुआ कविता पाठ

**अमृत विचार :** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस 5 द्वितीय चरण के अंतर्गत कविता पाठ हुआ। छात्रा संजना बीएससी सेकेंड सेमेस्टर ने कविता के माध्यम से महिला सशक्तिकरण को शब्दों में यू पिरोया - तू नारी है ,तू प्यारी है, तू खुशियों की क्यारी है। तू कुटिया को भी महल बनाए, तुझ में वह कलाकारी है।

कालेज सभागार में आयोजित कार्यक्रम में कुमारी शिवानी ने कहा- मैं रही दिए कि लौ बनकर, घर आंगन रोशन करती हूं। मत खेलो मेरे जज्बातों से अंगार भी मैं बन सकती हूं । कालेज प्राचार्य डॉ. सुनीता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और व्यक्तिगत निर्णय लेने में सक्षम, आत्मनिर्भर और समान अधिकार प्रदान करना है। यह न केवल लैंगिक असमानता को दूर करता है, बल्कि परिवार की आय बढ़ाकर, गरीबी कम करने, शिक्षा व स्वास्थ्य में सुधार लाने और देश के सतत आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देता है। डॉ. प्रीति लता ने कहा कि महिला सशक्तिकरण का अर्थ महिलाओं को अपने जीवन के निर्णय लेने, शिक्षा, आर्थिक स्वतंत्रता, और सामाजिक समानता प्राप्त करने के लिए समर्थ बनाना है।

कार्यक्रम की सह-समन्वयक डॉ. मनोरमा चौहान ने कहा कि परिवार और समाज में हर स्तर पर पुरुषों के बराबर अधिकार और निर्णय लेने की स्वतंत्रता होना अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस अवसर अवसर पर डॉ. यामिनी सिंह एवं डॉ. टिकेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों को मारपीट कर किया घायल

**बिलासपुर, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव मानपुर ओझा में पुरानी रंजिश के चलते दो युवकों को मारपीट कर घायल कर दिया। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी पर भर्ती कराया गया। साथ ही पुलिस ने तीन युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। क्षेत्र के गांव मानपुर ओझा निवासी प्रभाती मंडल द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसमें महिला ने कहा कि वह 30 मार्च को जरूरी कार्य से नगर की ओर आ रही थी। आरोप लगाया कि गांव के ही अमन, अभिषेक और सोनू ने पुरानी रंजिश के चलते गाली-गलौज के साथ धमकियां देने लगे। विरोध करने पर तीनों युवकों द्वारा तीखी नोकझोंक शुरू हो गई। महिला का कहना है कि जब उसके रिश्तेदार राहुल सरकार व आकाश ठाकुर बीच बचाव करने के लिए आएं। तब उन्हें लाठी-डंडों से प्रहार कर घायल कर दिया। बाद में महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर पर तीनों युवकों के खिलाफ संबंधी धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### युवती की इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाने पर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**बिलासपुर** : एक महिला ने अज्ञात युवक द्वारा पुत्री की सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर फर्जी आईडी बनाकर ब्लैकमेल किए जाने का आरोप लगाया। पुलिस ने महिला की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला द्वारा कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जिसमें कहा कि उसकी दो पुत्रियां हैं। बताया कि 30 जनवरी 2026 को उसने छोटी पुत्री का विवाह पंजाब निवासी युवक के साथ हुआ था। महिला ने आरोप लगाया कि किसी शरारती युवक द्वारा बेटी के नाम से इंस्टाग्राम पर फोटो लगाकर फर्जी आईडी बना ली। इसके पश्चात युवक द्वारा पुत्री को ब्लैकमेल किया जा रहा है, जिससे वह परेशान है। बाद में महिला ने पुलिस को तहरीर सौंपकर फर्जी आईडी बनाने वाले के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि महिला की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कहा कि मामले की विवेचना की जा रही है, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सामान संभालने बस से उतरे काल बनकर आई टाटा मैजिक

## शाहबाद में बिलारी रोड पर बड़ा गांव के पास हुआ हादसा, दो लोगों की चली गई जान


शाहबाद सीएचसी में मौजूद मृतकों और घायलों के परिजन। ● अमृत विचार

**संवाददाता, शाहबाद**

**अमृत विचार** : बिलारी रोड पर बड़ागांव चौराहे के पास गुरुवार तड़के तेज रफ्तार टाटा मैजिक ने निजी बस से सामान उतार रहे लोगों को टक्कर मार दी। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग घायल हुए हैं। बस से सामान उतारते समय कुछ सवारियां केवल सहयोग के लिए नीचे उतर कर खड़ी हो गईं और हादसे का शिकार हो गए।

बस में सवार सवारियों के मुताबिक बड़ागांव चौराहे पर बस रुकने के दौरान कंडक्टर सवारी का सामान उतारने के लिए बस से उतरा था। इस दौरान अरशद को लगा कि उसका सामान तितर बितर न हो जाए, इसलिए वह भी अपना सामान संभालने के लिए बस से नीचे उतरकर सामान देखने लगा था। इसी बीच पीछे से आई तेज रफ्तार टाटा मैजिक काल बनकर उन पर टूट पड़ी। किसी को संभलने का मौका नहीं मिला और देखते ही देखते हादसा दर्दनाक मंजर में बदल गया। मौके पर अफरा-तफरी मच गई और चीख-पुकार गूंज उठी। बताया जा रहा है कि अरशद सिरौली रोड पर स्पेयर पार्ट्स की दुकान चलाते थे। दिल्ली से दुकान का सामान लेकर लौट रहे था।

### टाटा मैजिक की तेज रफ्तार बनी हादसे की वजह

**शाहबाद** : प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टाटा मैजिक काफी तेज गति में थी। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और सीधे बस के पीछे खड़े लोगों को टक्कर मार दी। जिससे यह दर्दनाक हादसा हो गया। हादसे के बाद टाटा मैजिक चालक वाहन में ही फंस गया था। पुलिस ने काफी प्रयास के बाद उसे बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया। हादसे में वसीम की टांगें टूट गई। वहीं, उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है।


बड़ा गांव पर हादसे के बाद क्षतिग्रस्त टाटा मैजिक।

## नाबालिग बच्ची का अपहरण कर जबरन कराया निकाह

**अमृत विचार, संवाददाता टांडा** : दबंगों ने एक नाबालिग बच्ची का अपहरण कर बच्ची का जबरन निकाह पढ़वा दिया और विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में छह लोगों पर मामला दर्ज हो गया है। कोतवाली क्षेत्र के गांव शिकारपुर निवासी आसिफ ने पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री जिसने हाल ही में कक्षा 5 की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उसकी उम्र लगभग 13 वर्ष है। जिसको बीती 28 मार्च की रात करीब 2 बजे गांव के ही कुछ युवकों और उनके साथियों ने बहला-फुसलाकर व डरा-धमकाकर अगवा कर लिया। पीड़ित पिता के अनुसार, जब उन्होंने आरोपियों के घर जाकर अपनी बेटी देने की गुहार लगाई, तो वहां मौजूद लोगों ने साफ कह दिया, लड़की हम जबरदस्ती लाए हैं, अब जो करना हो कर लो। पीड़ित परिवार का दावा है कि आरोपियों ने न केवल बच्ची को बंधक बनाया, बल्कि दबंगई दिखाते हुए यह तक कह दिया कि उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। परिवार को अब अपनी जान का खतरा सता रहा है।

## सदन में गूंजी रामपुर में एम्स बनवाने की मांग


सदन में बोलते सांसद मोहिबुल्लाह नदवी। ● अमृत विचार

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : सांसद मोहिबुल्लाह नदवी ने सदन में रामपुर में एम्स बनाए जाने की मांग की। सांसद की मांग का मुरादाबाद की सांसद रुचि वीरा और संभल के सांसद जिया-उर-रहमान बर्क ने हाथ उठा कर समर्थन किया। सांसद ने सदन में कहा कि अस्पताल बनने से मुरादाबाद मंडल के गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों को विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा उनके अपने क्षेत्र में ही मिल सकेगी।

संसद में सांसद ने कहा कि वर्तमान में गंभीर मरीजों को इलाज के लिए दिल्ली ले जाना पड़ता है।

● **मुरादाबाद और संभल के सांसदों ने हाथ उठाकर दिया समर्थन**

रामपुर से दिल्ली की दूरी अधिक होने के कारण कई बार मरीज रास्ते में ही दम तोड़ देते हैं।


सरकार की जिम्मेदारी है कि वह रामपुर की जनता को दिल्ली की भागदौड़ से राहत दिलाए और जीवन रक्षा के लिए यहीं रामपुर में उच्च स्तरीय संस्थान दे। कहा कि यह पहल पूरे मंडल की जनता के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है। यदि सरकार इस मांग को स्वीकार करती है, तो यह रामपुर और आसपास के जिलों के स्वास्थ्य ढांचे में एक क्रांतिकारी बदलाव होगा। यह जानकारी सांसद के मीडिया प्रभारी महबूब अली पाशा ने दी है।

## 63 बसों की जांच, 9 को नोटिस, एक स्कूली बस का संचालन किया बंद

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : स्कूली बच्चों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए एआरटीओ ने अभियान चलाकर 63 स्कूली बसों की जांच की। कमियां पाए जाने पर 9 बस संचालकों को नोटिस भेजा है जबकि, एक बस का संचालन तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया है। अभियान स्कूली वाहनों में सुरक्षा मानकों के अनुपालन को सुनिश्चित करने तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही पर प्रभावी कार्रवाई करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत एआरटीओ, पीटीओ, आरआई एवं संबंधित स्टाफ की संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न स्थानों पर सघन चेकिंग की गई। 63 स्कूल बसों की गहन जांच की गई, जांच के दौरान कई बसों में सुरक्षा मानकों का उल्लंघन पाया गया, जिसके चलते 9 बसों को नोटिस जारी किए गए और उनसे निर्धारित समयावधि में कमियों को दूर करने के निर्देश दिए हैं। जांच के दौरान एक बस में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं, जो बच्चों की सुरक्षा के दृष्टिगत अत्यंत चिंताजनक थीं। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित बस का संचालन पूर्णतः बंद करने के निर्देश जारी किए गए। एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि स्कूली वाहनों में फिटनेस, फायर सेफ्टी, फर्स्ट एड किट, स्पीड गवर्नर, जीपीएस, एवं अन्य अनिवार्य सुरक्षा मानकों का पालन कराया जा रहा है। किसी भी वाहन में कमी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन स्वामियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।


बस चेक करते परिवहन कर्मचारी।

● **नियमों का उल्लंघन करने वाले संचालकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई : एआरटीओ**

## उर्दू खूबसूरत मीठी और दिलकश जबान : प्रो. रिजवी

**रामपुर, अमृत विचार** : राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में उर्दू विभाग के तत्वावधान में प्रसार व्याख्यान हुआ। मुख्य अतिथि प्रो. अरशद रिजवी ने कहा कि उर्दू भाषा की एक खूबसूरत, मीठी और दिलकश जबान है। यह भाषा अलग-अलग सभ्यताओं, संस्कृतियों और परंपराओं का एक सुंदर मेल दिखाती हैं। उर्दू ने सदियों से लोगों के बीच प्यार, भाईचारे और मेलजोल को बढ़ावा दिया है। इसीलिए उर्दू सिर्फ एक जबान नहीं बल्कि सभ्यता की निशानी भी मानी जाती है। इस भाषा में नरमी, तहजीब और साहित्य की झलकियां बहुत ज्यादा नजर आती हैं। कालेज सभागार में बुधवार को आयोजित व्याख्यान में उर्दू विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. रजिया परवीन ने कहा कि उर्दू इसलिए भी जरूरी है क्योंकि यह लोगों की आसान और आम जबान है। इसके लफ्ज आसान और दिल को छूने वाले हैं।

## विधवा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**संवाददाता, स्वार**

**अमृत विचार**: गांव वालानगर में गुरुवार को 38 वर्षीय विधवा महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। महिला अपनी सास और अपने एक बच्चे के साथ ससुराल में रह रही थी। गुरुवार दोपहर उसकी तबीयत बिगड़ गई। परिजन से उसे उत्तराखंड के बाजपुर के एक अस्पता ले गए लेकिन, चिकित्सकों ने उसे मृत बताया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है।

नगर के मोहल्ला रसूलपुर निवासी इशरत जहां की शादी करीब 12 वर्ष पूर्व कोतवाली के गांव वालानगर निवासी शफीक अहमद के साथ हुई थी। लगभग पांच वर्ष पहले पति की मृत्यु के बाद वह अपनी सास और एक बच्चे के साथ रहकर किसी तरह परिवार का पालन पोषण कर रही थी। गुरुवार को घर में काम करते समय अचानक इशरत जहां की तबीयत बिगड़ गई और वह बेहोश होकर गिर पड़ी। परिजन उसे तुरंत उपचार के लिए उत्तराखंड के बाजपुर स्थित अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत की सूचना मिलते ही उसके मायके पक्ष के लोग गांव पहुंच गए और उन्होंने ससुराल पक्ष पर लापरवाही और अन्य आशंकाओं को लेकर हंगामा खड़ा कर दिया। स्थिति बिगड़ती देख किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर दोनों पक्षों को शांत कराया।

● **पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा**

## करोड़ों की जीएसटी चोरी में एक गिरफ्तार

**रामपुर, अमृत विचार** : प्रधान सहायक कार्यालय उपायुक्त आदित्य प्रताप सिंह की तहरीर पर राज्य सरकार की करोड़ों की जीएसटी चोरी कर जमा नहीं करने पर थाना अजीमनगर पुलिस ने अजीम अहमद निवासी मोहल्ला छीपियान इमरान चौक जसपुर जिला ऊधमसिंह नगर को बस स्टैंड से गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई कर दी है। प्रधान सहायक द्वारा 25 अगस्त 2025 को राज्य सरकार करोड़ों रुपये की चोरी किए जाने के मामले में थाना अजीमनगर में रईसउद्दीन निवासी काशीपुर तहसील तहसील सदर रामपुर, बरहानुद्दीन निवासी ग्राम काशीपुर थाना गंज रामपुर समेत 3 अन्य फर्मों के व्यक्तियों पर मामला दर्ज कराया था। थाना अजीमनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अजीम अहमद पुत्र लईक अहमद निवासी मोहल्ला छीपियान इमरान चौक थाना जसपुर जनपद उधमसिंह नगर, उत्तराखण्ड को बस स्टैंड रामपुर से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई।

## 11 को होगी विनियमन समीक्षा समिति की बैठक

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : उत्तर प्रदेश विधान परिषद की विनियमन समीक्षा समिति की बैठक सभापति अश्विनी त्यागी की अध्यक्षता में 11 अप्रैल मुरादाबाद में होगी। बैठक में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में जनप्रतिनिधियों के प्रोटोकॉल के अनुपालन, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध प्राप्त भ्रष्टाचार सम्बंधी शिकायतों तथा उन पर की गई कार्यवाई की समीक्षा होगी।

विनियमन मानव सम्पदा पोर्टल पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संपत्ति विवरण दर्ज किए जाने की स्थिति, विधानमंडल सदस्यों से प्राप्त पत्रों पर की गई कार्यवाई तथा उनके द्वारा प्रस्तावित विकास कार्यों की प्रगति की भी समीक्षा की जाएगी। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर विगत एक वर्ष में किए गए व्यय का विवरण भी पेश किया जाएगा। साथ ही आबकारी विभाग द्वारा अवैध एवं नकली शराब के विरुद्ध की गई कार्यवाही पर भी विस्तृत चर्चा की जाएगी। समिति द्वारा सभी सम्बंधित अधिकारियों से कहा है कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित बिंदुवार आख्या तैयार कर बैठक से पूर्व उपलब्ध कराएं।

● **अपने विभागों की बिंदुवार आख्या लेकर बैठक में पहुंचें अधिकारी**

## नदियों, तालाबों को नहीं करें प्रदूषित

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : नमामि गंगे के तहत चल रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत जिला गंगा समिति के तत्वावधान में छात्र-छात्राओं ने रामगंगा घाट मदारपुर मड्डी, ब्लॉक शाहाबाद में स्वच्छता अभियान चलाया। जन जागरूकता रैली, भाषण प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता, गंगा गीत स्वच्छता शपथ ग्रहण कराई। जिला परियोजना अधिकारी लव कुमार ने कहा कि नदियों, तालाबों और कुंडों में ऐसी कोई वस्तु नहीं डालें जिससे वे प्रदूषित हों।

छात्र-छात्राओं ने नदी एवं घाट को स्वच्छ रखने घाट में पूजा की सामग्री न डालने एवं प्लास्टिक का उपयोग कम करने अपील की। डालचंद शर्मा इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य ने कहा इस स्वच्छता अभियान को एक दिन तक सीमित न रखकर जन आंदोलन बनाना होगा। कहा कि इस स्वच्छता अभियान में सभी को आगे आना होगा। ये सामूहिक जिम्मेदारी है। जिला परियोजना अधिकारी ने कहा कि नदियों तालाबों और कुंडों में ऐसी कोई भी वस्तु न डाले जिससे वह प्रदूषित नहीं हो। कहा कि नदियों तालाबों कुंडों को स्वच्छ रखना ही सबसे बड़ी पूजा है। उन्होंने लोगों से अपील कि नदियों को साफ रखिए यह हमारी धरोहर है। नदियों को स्वच्छ रखने से आप उनमें रह रहे जलीय जीवों को बचाते हैं। इस अवसर शुभम मिश्रा आर्ट ऑफ़ लिविंग और गंगा स्वच्छता के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।


रामगंगा घाट पर स्वच्छता अभियान में शामिल छात्राएं। ● अमृत विचार

● **छात्र-छात्राओं ने रामगंगा घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान**

## न्यूज डायरी

### महाराजा दक्ष प्रजापति द्वार बनवाने की विधायक से की मांग

**अमृत विचार, रामपुर** : प्रजापति समाज का प्रतिनिधि मंडल शहर विधायक आकाश सक्सेना से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पनवड़िया चौराहे के पास भमरोआ शिव मंदिर को जाने वाले मार्ग पर महाराजा दक्ष प्रजापति द्वार बनवाने की मांग की है। जिलाध्यक्ष लाला राम कुमार प्रजापति ने कहा हमारा समाज बहुत पिछड़ा हुआ समाज है। समाज के वंशज महाराजा दक्ष प्रजापति जी के नाम पर कोई चौक चौराहा नहीं है। रामपुर में प्राचीन श्री पातालेश्वर शिव मंदिर है जिसका जीवन द्वारा किया जा रहा है इसी मार्ग पर समाज ने महाराजा दक्ष द्वार बनवाए जाने की मांग की है। क्योंकि पातालेश्वर शिव मंदिर में दर्शन के लिए इसी मार्ग से श्रद्धालु गुजरते हैं। इस दौरान लाल सिंह प्रजापति, सत्य प्रकाश प्रजापति, दिनेश प्रजापति, संजू बाबा प्रजापति, महेश प्रजापति, प्रधान कुमरपाल प्रजापति राजीव कुमार प्रजापति, डालचंद प्रजापति, विशाल सैनी, राम प्रजापति उपस्थित रहे।



### मेहनत और समर्पण से लक्ष्यों को आसानी से कर सकते हैं हासिल : अमन

**बिलासपुर** : मदर टेरेसा इंटर कॉलेज में वार्षिक परिणाम घोषित हआ और प्रबंधन द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। नगर के मोहल्ला टांडा हुरमतनगर स्थित विद्यालय परिसर में वार्षिक परीक्षा फल घोषित किया गया। जिसमें कक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रीति, फैजान, इजमा आदि छात्र-छात्राओं को मैडल एवं ट्रॉफी प्रदान की गई। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक अमन कुमार गुप्ता ने छात्र-छात्राओं से कहा कि आपकी मेहनत, समर्पण और परिश्रम ने आपको इस मुकाम तक पहुंचाया है। आप सभी को आगे बढ़ने और अपने सपनों को पूरा करने के लिए प्रेरित करता हूं। याद रखें, सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता, लेकिन मेहनत और समर्पण से आप अपने लक्ष्यों को आसानी से हासिल कर सकते हैं।



### अवार्ड सेरेमनी में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

**मिलक, अमृत विचार** : हेरिटेज चिल्ड्रन एकेडमी मिलक में अवार्ड सेरेमनी कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अंजलि अग्रवाल के साथ स्कूल संस्थापक गंगा शंकर पांडे, प्रबंधक मनोज कुमार पांडे, प्रधानाचार्य डॉ. रीना दुबे और कोऑर्डिनेटर एलआर कुशवाहा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इससे पहले प्रधानाचार्य ने मुख्य अतिथि और अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से की गई जिसमें विद्यालय की छात्राएं आभा, अदिति, अलाहिम, महिमा और तान्य तिवारी नं प्रस्तुत किया। इसके बाद छात्राओं द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया। छात्र-छात्राओं ने एक लघु नाटिका प्रस्तुत कर खूब तालियां बटोरीं। शत- प्रशित उपस्थित रहने वाले छात्रों तथा अध्यापकों को जिला विद्यालय निरीक्षक ने पुरस्कार के साथ प्रशस्ति पत्र बांटे। प्रधानाचार्या डॉ. रीना दुबे ने विद्यालय की वर्तमान स्थिति और परीक्षा परिणाम की जानकारी दी। कार्यक्रम में महेंद्र पांडे, दीपांशु शर्मा, नीरज सक्सेना, दीपांकर सिंह, विनोद कुमार, वैष्णवी पांडे, जितेंद्र कुमार, हिमांशु शर्मा आदि मौजूद रहे। संचालन फरहत उल्ला खां ने किया।

### व्यापारियों ने वक्फ संपत्तियों से कब्जे हटवाने को दिया ज्ञापन

**बिलासपुर** : उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने वक्फ संपत्तियों से कब्जे हटवाए जाने के लिए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मोहम्मद अनस खां के नेतृत्व में संगठन के सदस्य तहसील पहुंचे। जहां उन्होंने उपजिलाधिकारी अरुण कुमार से मुलाकात कर डीएम के नाम चार सूत्रीय ज्ञापन दिया। ज्ञापन में कहा गया है कि दो वक्फ संपत्तियों पर कब्जा किया जा रहा है, जिससे दुकानदारों में रोष है। उन्होंने नगर क्षेत्र में आवारा और बीमार कुत्तों के बढ़ते प्रकोप पर भी चिंता जताई, जिससे जनता परेशान है। केमरी रोड पर मांस की अवैध बिक्री से संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका व्यक्त की। इसके अतिरिक्त रामपुर रोड पर नई शराब की दुकान खुलने से बाजार में असामाजिकता बढ़ने का भी अंदेशा जताया है। एसडीएम ने समस्याओं निराकरण का आश्वासन दिया। इस मौके पर मोहम्मद याकूब खां, माहिर खां, शुऐब सलमानी, रोहित कश्यप, मुरशद खां, मंसूर खां, सतपाल सिंह, संजीव कुमार, दिनेश कुमार आदि रहे।



## तरक्की की राहों पर बढ़ते रहें छात्र

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : मिस्टन गंज स्थित मदरसा जामे उल उलूम फुरकानिया में छात्रों को वार्षिक परीक्षाफल वितरित किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत मौलवी इतिसामुल्लाह खान वजीही की सेवाओं से रूबरू कराया। इसके बाद मौलवी मोहम्मद मकसूद फुरकानी ने कहा कि छात्र तरक्की राहों पर ऐसे ही आगे बढ़ते रहें।

मदरसे के सभागार में गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में प्रोफेसर जुल्फिकार अली सिद्दीकी ने छात्रों के शैक्षिक प्रगति के बारे में जानकारी दी। इसके बाद छात्रों को अमरोहा से आए मुफ्ती रियासत अली ने परीक्षाफल वितरित किए। कक्षा एक में आतिक प्रथम, साजम द्वितीय और मोहम्मद हमजा तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा दो में अल्फैज प्रथम, कादिर अली द्वितीय, मोहम्मद अमान तृतीय रहे। कक्षा तीन में इमरान प्रथम, मोहम्मद हैदर द्वितीय और अब्दुल अहद तृतीय रहे। कक्षा चार में अब्दुल अहद प्रथम, शाहनवाज द्वितीय, अरसलान तृतीय स्थान पर रहे। कक्षा पांच में फैज प्रथम, तौहीद द्वितीय और जैब तृतीय रहे। कक्षा छह में औन प्रथम, तैयब द्वितीय और फरमान तृतीय रहे। कक्षा सात में अब्दुल कादिर प्रथम, अब्दुल्लाह फातिर द्वितीय, अब्दुस्समद तृतीय रहे। कक्षा आठ में अब्दुल कादिर प्रथम, जैद द्वितीय और अमन तृतीय रहे। संचालन मौलवी अब्दुल वहाव खां फैजान ने किया।


कार्यक्रम में मौजूद छात्र एवं शिक्षक। ● अमृत विचार

● **मदरसा फुरकानिया में वितरित हुए परीक्षाफल**

## महिला थाने में सुंदरकांड का पाठ, एसपी भी पहुंचे

**रामपुर, अमृत विचार** : नवागन्तुक पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने थाना सिविल लाइन का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्योहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि को चेक किया गया। साथ ही विभिन्न पोर्टल पर की जा रही फीडिंग की समीक्षा की एवं थाना परिसर मे बने कार्यालय, भोजनालय, मालखाना, हवालात, कम्प्यूटर कक्ष, मिशन शक्ति केन्द्र, साइबर सेल आदि की साफ-सफाई का जायजा लिया। महिला थाने में सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए।

पुलिस अधीक्षक ने इसके अलावा अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के दृष्टिगत थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न ड्यूटी प्वाइंटों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता एवं कार्यप्रणाली को परखा। पुलिस कार्यालय पर जनसुनवाई कर फरियादियों की शिकायतों को सुना। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सम्बन्धित को सौंपा। पुलिस अधीक्षक महिला थाना परिसर स्थित मन्दिर में आयोजित सुन्दरकांड पाठ कार्यक्रम में शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक ने पूजा-अर्चना कर जनपद में शांति की कामना की।


सुंदरकांड पाठ में एसपी सोमेंद्र मीना।

## न्यूज ब्रीफ

### किशोर से कुकर्म करने वाले भेजे जेल

**अमरोहा, अमृत विचार :** डिडौली कोतवाली क्षेत्र के जोया कस्बे में मानसिक रूप से कमजोर नाबालिग युवक के साथ कुकर्म करने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि एक आरोपी की तलाश जारी है। यह घटना थाना क्षेत्र के जोया कस्बे में 30 मार्च को हुई। यहां कस्बे के एक मोहल्ले में रहने वाले मजदूर का नाबालिग बेटा, जो मानसिक रूप से कमजोर है, अचानक लापता हो गया था। जानकारी मिलने पर पिता जंगल की ओर पहुंचे, जहां उन्होंने अपने बेटे को दो युवकों के साथ आते देखा। पिता को देखते ही दोनों युवक मौके से फरार हो गए। पिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। गुरुवार को आरोपियों को जेल भेज दिया।

### घायल ट्रैक्टर चालक की इलाज के दौरान मौत

**डिडौली, अमृत विचार :** हाईवे पर अम्हेड़ा मजार के पास हुए सड़क हादसे में घायल ट्रैक्टर चालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। जानकारी के अनुसार डिडौली निवासी तेजपाल उर्फ पप्पू (38) पुत्र रामेश्वर दयाल ट्रैक्टर-ट्रॉली से ईंट डालकर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने ट्रैक्टर-ट्रॉली में जोरदार टक्कर मार दी। तेजपाल पहिए के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ सुंदरकांड का पाठ

## शहर के सभी मंदिरों में की गई पूजा अर्चना, श्रद्धालुओं ने मंदिरों में किया भजन-कीर्तन, लगाए जयकारे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** श्री रामायण संकीर्तन मंडल (रजि.) अमरोहा द्वारा बड़ा बाजार स्थित मंदिर श्री बाबा गंगानाथ जी में हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा, उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।

- **मंदिरों में सुबह से जुटी रही भक्तों की भीड़, झंडा यात्रा निकाली**

गुरूवार को कमेटी पदाधिकारियों द्वारा सुबह 10 बजे भगवान श्री हनुमान जी का भव्य श्रृंगार कर चोला चढ़ाया गया। महाआरती के उपरांत भक्तों में प्रसाद का वितरण किया गया। शाम 5 बजे मंदिर प्रांगण में सुंदरकांड का संगीतमय पाठ आयोजित किया गया। श्री रामायण संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष चौनसुख गोले ने बताया कि संस्था द्वारा वर्षभर विभिन्न धार्मिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। कार्यक्रम में अनिल स्वरूप टंडन, प्रतुल शर्मा, अतुल पंडित, संदीप रस्तौगी, राजवीर यादव, सुधांशु शर्मा, दाऊ दयाल शर्मा, अमित रस्तौगी, आशुतोष त्रिवेदी, शरद टंडन, सानिध्य शर्मा, रेनू शर्मा, वरुण त्रिवेदी, विकास व्यास, पवन कौशिक, राकेश माहेश्वरी, जयवीर तिवारी, यश महेश्वरी, अर्जुन शर्मा, अनिल गौतम, प्रेमचंद पाठक, सुभाष गुप्ता, उत्कर्ष कौशिक, कृष्ण त्रिवेदी, कृष्ण वशिष्ठ सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।



शोभायात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



सुदरकांड का पाठ करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार



कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु। ● अमृत विचार

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

क्षेत्र में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। यूसुफपुर उर्फ इस्सेपुर, पृथ्वीपुर सराय सहित विभिन्न स्थानों पर स्थित बालाजी मंदिरों में विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इसके बाद कलश यात्रा, आकर्षक झांकियां और भव्य शोभायात्रा निकाली गई। मंदिर पहुंचकर शोभायात्रा का समापन हुआ, जहां हर वर्ष की भांति भंडारे का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी शेर सिंह उर्फ गुड्डू ने बताया कि रात्रि आठ बजे महा आरती के साथ केक काटकर छप्पन भोग का वितरण किया जाएगा।

### हनुमान जन्मोत्सव पर हुआ भंडारे का आयोजन



**हसनपुर, अमृत विचार :** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में कई स्थानों पर भक्तों द्वारा बाबा का हवन कर भंडारे का आयोजन किया गया। शुक्रवार को नगर में हनुमान जयंती महोत्सव भक्तों ने धूमधाम से मनाया। नगर के मोहल्ला कायस्थान, वृंदावन कॉलोनी, राधा कृष्ण मंदिर, शिव मंदिर मेंन बाजार, शिवाला मंदिर, बाबूराम जी मंदिर, रहरा रोड आदि स्थानों पर भक्तों में सुबह से ही उत्साह था। हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर हवनकुंड में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां देकर विश्व के कल्याण की कामना की। इसके बाद महाआरती कर भक्तों को 56 भोग का प्रसाद वितरण किया। भक्तों द्वारा हवन में विधि विधान से आहुतियां दी गई और भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। काफी संख्या में भक्त मौजूद रहे।

### श्रद्धा, आस्था के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर नगर के प्रसिद्ध श्री बालाजी धाम में गुरुवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ भव्य आयोजन किया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरे क्षेत्र में भक्ति का माहौल बना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन से हुई, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर भगवान हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पश्चात श्री बालाजी महाराज को छप्पन भोग अर्पित किया गया। दोपहर बाद मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर चेयरमैन प्रवीण अग्रवाल, शिवकुमार वर्मा, सुमित अग्रवाल, भोले शाह, राघव वर्मा, राकेश अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, रेनू अग्रवाल, सिंपल सिंघल, अनीता वर्मा, नीति अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, अरविंद अग्रवाल, नवीन वर्मा, सूरज अग्रवाल, रजनीश अग्रवाल, देव अग्रवाल सहित काफी संख्या में भक्त गण मौजूद रहे।

## सैदनगली में सौंदर्यीकरण के लिए प्रतिबद्ध है नगर पंचायत



उद्घाटन करतीं अध्यक्षा डॉ. अनुकृति चौधरी, भाजपा जिला महामंत्री अभिनव कौशिक।

संवाददाता, सैदनगली (अमरोहा)

**अमृत विचार :** नगर पंचायत क्षेत्र में सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देते हुए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्षा डॉ. अनुकृति चौधरी ने सैदनगली थाने के सामने नवनिर्मित फव्वारों का फीता काटकर लोकार्पण किया। यह फव्वारा सौंदर्यीकरण का हिस्सा है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा के जिला महामंत्री अभिनव कौशिक ने कहा कि नगर पंचायत प्रशासन विकास कार्यों के प्रति प्रतिबद्ध है। आधुनिक सुविधाओं के विस्तार से नगर की छवि लगातार बेहतर हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से न केवल शहर का सौंदर्य बढ़ता है, बल्कि स्थानीय लोगों को भी बेहतर वातावरण मिलता है। इस मौके पर थाना अध्यक्ष विकास सहरावत, सभासद अमित भाटी, धारा सिंह, वागेश चौधरी, भगवत खड़कबंशी, नईम और फरीद कुरैशी समेत अन्य गणमान्य लोग व स्थानीय निवासी मौजूद रहे। सभी ने नगर के विकास कार्यों की सराहना करते हुए इसे सकारात्मक पहल बताया।

## पंचायत में चले लाठी-डंडे, हुआ पथराव

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव में चल रही पंचायत में उस समय मारपीट हो गई। जब मामूली कहासुनी के बाद दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों ओर से लाठी-डंडे चलने लगे। इस दौरान जमकर पथराव होने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई।

लोग जान बचाकर सुरक्षित स्थानों की ओर भागने लगे। पंचायत में हुई हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस की मौजूदगी में स्थिति को किसी तरह नियंत्रण में किया गया। कोतवाली प्रभारी राजेश कुमार तिवारी ने बताया फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था कायम है। पुलिस घटना के वीडियो फुटेज और साक्ष्यों के आधार पर शामिल उपद्रवियों की पहचान कर रही है।

## युवतियों के फोटो खींचने पर विवाद, दूल्हे के भाई को पीटा

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** नगर के एक बैंकट हॉल में बुधवार रात शादी समारोह के दौरान युवतियों के फोटो खींचने को लेकर हुए विवाद में सरे राह जमकर मारपीट हुई। हमलावरों ने दूल्हे के सगे भाई को कार से खींचकर बुरी तरह पीट दिया। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार जनपद संभल के थाना नखासा क्षेत्र के गांव मिर्जापुर ककरोवा निवासी युवक की बारात बुधवार रात नगर के गजरौला अड्डे के नजदीक बाईपास किनारे बैंकट हॉल में आई थी। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम के दौरान बारात में शामिल युवक घरात पक्ष की युवतियों के फोटो खींचने लगे। कई लोगों ने ऐसा करने से मना किया। इस बात को लेकर कहासुनी के बाद दूल्हे के भाई नसीम पुत्र जफरुद्दीन से विवाद हो गया। विवाद बढ़ा तो दूल्हे का भाई अपनी कार में बैठकर जाने लगा। आरोप है कि तभी कई युवकों ने उसकी कार को चारों ओर से घेर लिया और बाहर खींच लिया। हमलावरों ने दूल्हे के भाई को जमीन पर गिराकर लात-घूसों से जमकर पीटा। वहां मौजूद किसी राहगीर ने घटना का वीडियो बना लिया, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि युवक को बेरहमी से पीटा जा रहा है। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि हसीन पुत्र सलीम व अयान पुत्र निजामुद्दीन निवासी मोहम्मदाबाद गजरौला व दो अज्ञात के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। उधर, हंगामे के चलते शादी का कार्यक्रम काफी देर तक बाधित रहा। देर रात निकाह की रस्म पूरी हुई।

## दूसरे दिन पेड़ से लटका मिला लापता युवक का शव

संवाददाता, मंडी धनौरा

- **शिवपुरी निवासी 20 वर्षीय नमन गिरि की मौत से मचा कोहराम**

**अमृत विचार :** कस्बा के कलाली रोड स्थित एक बाग में गुरुवार 20 वर्षीय युवक का शव आम के पेड़ से फंदे पर लटका हुआ मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक की पहचान नमन गिरि (20) पुत्र विनोद गिरि के रूप में हुई है।



फाइल फोटो।

परिजनों ने बताया कि बुधवार शाम करीब 7.30 बजे नमन अपने दोस्तों के साथ घर से निकला था। देर रात तक वापस नहीं लौटा। परिजन उसकी तलाश में जुटे थे, तभी गुरुवार सुबह कलाली रोड पर स्कूल के सामने स्थित मास्टर सुबोध गर्ग के बाग में उसका शव पेड़ से लटका मिलने की सूचना मिली। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी अमरपाल सिंह और कस्बा चौकी प्रभारी नीरज कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और शव को पेड़ से नीचे उतरवाया। साथ ही फॉरेंसिक साक्ष्य जुटाने के लिए मौके पर फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी भी कराई गई। मृतक नमन गिरि अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा था। उसके पिता गाड़ी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। जवान बेटे की अचानक मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर हर पहलू की जांच कर रही है।

### युवक की मौत से सदमें में परिवार

मृतक नमन गिरि अपने पांच भाइयों में सबसे छोटा था और परिवार का दुलारा था। उसके पिता मेहनत-मजदूरी करते हुए गाड़ी चलाकर परिवार का पालन-पोषण करते हैं। ऐसे में जवान बेटे की अचानक मौत ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। घटना के बाद से घर में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने जल्द खुलासा की मांग की है।

## एचटी लाइन का तार टूटने से खेत में लगी आग

**गजरौला, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बहलोलपुर में गुरुवार को अचानक सिंचाई वाली 11 हजार हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर खेतों में गिर गया। तार गिरते ही गेहूं की फसल में आग लग गई और देखते ही देखते लपटों ने विकराल रूप ले लिया। खेत स्वामी हरपाल पुत्र खजान सिंह के करीब 15 बीघा गेहूं की फसल और आसपास के खेतों में खतरा पैदा हो गया। उस समय खेत में कई मजदूर गेहूं काट रहे थे। अचानक धुआं उठता देख लोगों ने शोर मचाया और आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। काटे हुए गेहूं की फसल में भी आग लग गई। सूचना पर लाइन बंद की गई। ग्रामीणों ने जर्जर तारों को जल्द से जल्द सही कराने की मांग की है।

## सैदनगली के विकास कार्यों के लिए खर्च होंगे 24 करोड़ रुपये

संवाददाता, सैदनगली (अमरोहा)

**अमृत विचार:** नगर पंचायत सैदनगली के विकास को नई गति देने के लिए 24 करोड़ रुपये के बजट को सर्वसम्मति से स्वीकृति दी गई है। गुरुवार को नगर पंचायत सभागार में आयोजित बोर्ड बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय बजट पर चर्चा करते हुए इसे पारित किया गया। बैठक की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनुकृति चौधरी ने की।



बोर्ड बैठक में मौजूद नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ अनुकृति चौधरी, ईओ व अन्य।

- **बोर्ड की बैठक में परित हुए कई प्रस्ताव**

गुरूवार को नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित बोर्ड की बैठक में बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में नगर पंचायत की कुल आय 10.30 करोड़ रुपये रही, जबकि 8.00 करोड़ रुपये व्यय किए गए। इओ सलिल भारद्वाज ने बताया कि इसके साथ ही आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 24 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित कर सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस बजट के तहत नगर में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों को पूरा किया जाएगा। नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ अनुकृति चौधरी ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा बीते वित्तीय वर्ष में कराए गए प्रमुख विकास कार्य कराए गए। नगर स्वच्छता प्रेरक अभिनव कौशिक ने बताया कि बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नगर पंचायत क्षेत्र में अधूरे विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाएगा। नए प्रस्तावित कार्यों को भी शीघ्र शुरू किया जाएगा। अधिशासी अधिकारी सलिल भारद्वाज ने बताया कि नगर के सर्वांगीण विकास के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा।

## दुष्कर्म के आरोपी की मौत का कारण स्पष्ट नहीं

**रहरा, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव पौरारा मुस्तकम निवासी पिंटू त्यागी पर दुष्कर्म का आरोप था। आरोपी ने कुछ दिन पूर्व जहरीला पदार्थ खा लिया था। बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। गुरुवार को पिंटू के शव का पोस्टमार्टम हुआ, जिसमें मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। विसरा प्रिजर्व किया गया है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि दुष्कर्म के झूठे आरोप में पुलिस ने उसे 36 घंटे हवालात में रखा था, जिससे आहत होकर उसने जहर खा लिया। गुरुवार को परिजनों ने पिंटू त्यागी का गमगीन महौल में अंतिम संस्कार कर दिया। पिंटू की मौत से उसकी मां मिथलेश का रो रोकर बुराहाल है। थाना प्रभारी ने बताया कि पिंटू की मौत संभवतः हृदय गति रुकने से हुई है।

## न्यूज डायरी



### भाजपा की नगर कार्यकारिणी का हुआ स्वागत

**अमरोहा, अमृत विचार :** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष विनोद मौर्य के आवास पर गुरुवार को नगर की नव निर्वाचित कार्यकारिणी के सम्मान में स्वागत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान नवनियुक्त नगर अध्यक्ष अमित सैनी एवं उनकी टीम का किया गया। मोहल्ला अहमदनगर स्थित कार्यक्रम में मुख्य वक्ता मनु शर्मा एडवोकेट ने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि अमित सैनी ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार कर संगठन को मजबूत करने का कार्य किया है। विकास बाबू प्रजापति ने इस निर्णय की सराहना की। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। विनोद मौर्य, विकास बाबू प्रजापति, मनु शर्मा, संजीव जिंदल, अशोक कुमार, गीता सैनी, रोहित जैन सेठी, रमेश, रवि कुमार, गोविंदा, विशाल वेद, राकेश सैनी आदि रहे।



### नवागत एसपी से मिले भाकियू (शंकर) के पदाधिकारी

**अमरोहा, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) के प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नवागत पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव से उनके कार्यालय में शिष्टाचार भेंट की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व चौधरी दिवाकर सिंह ने किया। पुलिस अधीक्षक को किसानों का प्रतीक हल भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। पुलिस अधीक्षक ने आश्वासन दिया कि कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ रखते हुए सभी वर्गों के हितों की रक्षा सुनिश्चित की जाएगी और किसानों के सम्मान में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। प्रतिनिधिमंडल में विक्रम पवार, चौधरी दिवाकर सिंह, चौधरी धर्मवीर सिंह, जगत सिंह चौहान, मोनू चौधरी, कैप्टन वीर सिंह चौहान, लोकेश चौधरी, समरपाल सैनी, शेर सिंह राणा, कुलदीप सिंह, नरेश भगत, राज सिंह फौजी आदि रहे।



### चैंपियन लीग सीजन-2 में लैंड मार्क टीम बनी विजेता

**हसनपुर, अमृत विचार :** नगर की खेल प्रतिभाओं को मंच देने के उद्देश्य से नत्थूमल एकेडमी में हसनपुर चौंपियन लीग सीजन-2 का आयोजन किया गया था। जिसमे क्षेत्र की 8 टीमें ने प्रतिभाग किया था। गुरुवार को टूर्नामेंट का फाइनल मैच आयोजित किया गया। जिसमें गजरौला की लैंड मार्क एवं हसनपुर की अमिया किंग टीम के बीच फाइनल खेला गया। अमिया किंग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 113 रन बनाए। लैंड मार्क की टीम ने 12 ओवरों में पांच विकेट खोकर 114 रन बनाकर टूर्नामेंट जीत लिया। मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने विजेता टीम के कप्तान को ट्राफी एवं 31 हजार रुपए का नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। वहीं उपविजेता टीम अमिया किंग को ट्रॉफी एवं 21 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया। इस दौरान इशांत सैनी, संजीव सैनी, मयंक आदि लोग रहे।




### दीक्षांत समारोह मे नन्हे मेधावियों को मिला सम्मान

**हसनपुर, अमृत विचार :** गुरुवार को गोल्डन पेटल्स इंटरनेशनल स्कूल में दीक्षांत समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नन्हे विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि जीपीएस इंटरनेशनल के संस्थापक व चेयरमैन और एसबी एमपीजी कॉलेज के एमडी खुर्रम आजाद खान ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर एसबी एमपीजी कॉलेज के अध्यक्ष शहजाद खान और निदेशक दानिश खान विशिष्ट अतिथि के रूप रहे। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ व अभिभावक मौजूद रहे।

## भारत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया स्थापना दिवस



कार्यक्रम को संबोधित करते मुख्य अतिथि विनोद नागर। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार :** कस्बे के एक बैंकट हॉल में गुरुवार को भारत राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का स्थापना दिवस एवं हनुमान जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विनोद नागर, करनल अश्वनी कुमार, एडवोकेट अभिजीत भाटी, ताराचंद नागर, नवीन बिश्नोई, एनआरआई अनीता कसाना, विशाखा त्यागी ने विचार व्यक्त किए। बैठक की अध्यक्षता धीरज सिंह और संचालन उदयवीर सिंह ने किया। इस मौके पर सतपाल सिंह, अजय पाल कटारिया, मुनेश चंद्र, कविंद्र सिंह, मिंकु सिंह, राजीव त्यागी, दीपक गुर्जर, पवन सिंह, सतीश कुमार, मनोज सिंह, पूजा चौधरी, छाया सागर, सोमवती शर्मा, अंकित बंसल, शीशपाल सिंह, जसपाल सिंह चपराना, शरद गुर्जर, कुलदीप चौहान, राजेश चौहान, अनीता कसाना, वीर सिंह आदि मौजूद रहे।

## नामित सभासदों को एसडीएम ने दिलाई शपथ

**हसनपुर अमृत विचार:** शासन की ओर से नामित किए गए पांच सभासदों को गुरुवार को नगर पालिका सभागार में शपथ समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसडीएम हिमांशु उपाध्याय ने नामित सभासद वीर सिंह प्रजापति, पंकज भटनागर, अजय पाल, ज्योति गर्ग एवं मानसी त्यागी को शपथ दिलाई। सभासदों को चेयरमैन राजपाल सैनी व विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने बधाई दी। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी ने बधाई दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने की तथा संचालन ईओ विजयपाल सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन हरिसिंह सैनी, मयंक अग्रवाल, शिखर अग्रवाल, मुकेश गुप्ता, सचिन गुप्ता, रानू रस्तोगी आदि लोग रहे।



नामित सभासदों को शपथ दिलाते हुए उप जिला अधिकारी। ● अमृत विचार

### नगर पालिका के नामित सदस्यों को दिलाई शपथ

**अमरोहा, अमृत विचार :** नगर पालिका परिषद अमरोहा के नामित सदस्यों को गुरुवार को उपजिलाधिकारी शैलेष दुबे द्वारा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। गुरूवार को यह शपथ ग्रहण समारोह नगर पालिका परिषद के चेतन चौहान सभागार में आयोजित हुआ। डीएम के निर्देश पर आशा आर्य, प्रेम सिंह सैनी, सुगंध शर्मा, शार्दुल अग्रवाल और पिंकी रानी वर्मा एसडीएम शैलेश दुबे ने गुरुवार को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उप नगर आयुक्त डॉ. बृजेश कुमार, पालिका के पूर्व अध्यक्ष अतुल जैन, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बृजेश चौधरी, पूरन सिंह सैनी, राकेश वर्मा, चंद्रभान भाटी, वरिष्ठ भाजपा नेता अखिल जैन, मोनू यादव, निरंजन चौधरी आदि लोग रहे।

# हनुमान जयंती पर शोभायात्रा में उमड़ा आस्था का सैलाब

## कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में हुआ, जयकारों से भक्तिमय हो उठा वातावरण, जगह-जगह लोगों ने किया स्वागत, मंदिरों में रही भीड़

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार :** कल्कि नगरी संभल में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हल्लू सराय स्थित सिद्धपीठ श्री बालाजी मंदिर में दो दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ गुरुवार को ब्रह्म मुहूर्त में हुआ। मंदिर परिसर में सुबह से ही जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूजा-अर्चना की और बजरंगबली से मनौतियां मांगीं। वहीं मंदिर में पूजा अर्चना के बाद भव्य शोभायात्रा निकाली गई।

भगवान श्री बालाजी महाराज के जन्मोत्सव पर श्रद्धालुओं ने तिलक लगाकर भेंट अर्पित की। इसके बाद विश्व शांति के लिए यज्ञ का आयोजन किया। जिसमें 5151 आहुतियां देकर भक्तों ने अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की प्रार्थना की। पूर्णाहुति के बाद महाआरती संपन्न हुई और भगवान को छप्पन भोग अर्पित किये। इसके उपरांत मंदिर से भव्य नगर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालु शामिल हुए। शोभायात्रा में भगवान हनुमान और श्री बालाजी महाराज की आकर्षक झांकियां सजाई गईं, जिनका जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। भजन-कीर्तन, ढोल-नगाड़ों की धुन और जयकारों के बीच श्रद्धालु झूमते-गाते हुए नगर भ्रमण करते रहे।

शोभायात्रा बालाजी मंदिर हल्लू सराय से चामुंडा मंदिर रोड, बहजोई रोड, सरथल चौकी, शंकर कॉलेज चौराहा, यशोदा चौराहा, दुर्गा कॉलोनी, बरेली सराय, शिव मंदिर और शिवाजी चौक सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः बालाजी मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। वहीं अन्य मार्गों से होते हुए भी यात्रा का संचालन किया गया, जहां जनता पेट्रोल पंप, चौधरी चरण सिंह तिराहा, पुराना टेलीफोन एक्सचेंज व यशोदा रोड सहित कई जगह श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा का स्वागत किया। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान और प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई।

कार्यक्रम के दौरान महंत हरिओम सिंह, मंजू सिंह, लता रानी, गुनगुन, रेनू, राखी, निष्ठा सिंह, राधा, पूनम, संजय कुमार, राकेश, राजेंद्र सैनी, प्रशांत रस्तोगी, अनिल अग्रवाल, हरीश गांधी, अशोक सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। आयोजन से जुड़े अनंत अग्रवाल और सुमित रस्तोगी ने बताया कि जन्मोत्सव के तहत रात्रि में महाआरती के बाद जागरण का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बाहर से आए कलाकार भजन प्रस्तुत करेंगे। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा ।


संभल में शोभायात्रा में शामिल महिला श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में हनुमान जी की झांकी।

● मंदिरों में सुबह से श्रद्धालुओं ने शुरू किया सुंदरकांड का पाठ

### श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया हनुमान जन्मोत्सव

**बबराला, अमृत विचार :** गांव बाघऊ के समीप स्थित प्राचीन खेरेश्वर मंदिर तथा लाइन पार स्थित हनुमान गढ़ी मंदिर समेत अन्य मंदिरों में विशेष सजावट की गई। यहां भक्तों ने हनुमान जी को सिंदूर और चमेली के तेल का चोला चढ़ाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण होने की मनौती मांगी। पूरे दिन मंदिरों में भक्ति का माहौल बना रहा। इस मौके पर हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का सामूहिक पाठ किया गया। खेरेश्वर मंदिर में विजय पाल गुप्ता, प्रेम कुमार, अनिल वार्ष्णेय, गौरव मित्तल, सौमित्र कांत रज्जन, अश्विनी शर्मा, दामोदर शर्मा आदि ने विशेष पूजा अनुष्ठान किया।

### धूमधाम से मनाया बालाजी जन्मोत्सव


चंदौसी में हनुमान जयंती कार्यक्रम में शामिल महिलाएं ● अमृत विचार

**चंदौसी, अमृत विचार :** बालाजी दर्शनार्थ सेवा समिति के तत्वावधान में गुरुवार को मेला ग्राउंड खान बाबा की मजार के सामने बालाजी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। बालाजी जन्मोत्सव के उपलक्ष में सुबह 8 बजे से प्रभात फेरी निकाली गई जो कैथल गेट से शुरू होकर ब्रह्म बाजार, सीता रोड, मनिहार चौक, हनुमान मंदिर, मेला ग्राउंड होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। जहां पर भजन कीर्तन कर बालाजी का गुणगान किया गया। उसके बाद दोपहर दो बजे से सुंदरकांड पाठ, कन्या भोज व ब्रह्म भोज और शाम छह बजे से भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में बोबी, अनिल कुमार, नरायण दास बबल, राहुल, सारिका, नीरज आदि ने सहयोग किया।

## न्यूज ब्रीफ

### झोलाछाप के इलाज से बालक की मौत

**सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के करनपुर कायस्थ गांव निवासी संजय अपने 3 वर्षीय बेटे मोहित को बुखार आने पर इलाज के लिए सौंधन लेकर आए थे। जहां झोलाछाप अनिकेत की दुकान पर बच्चे को दिखाया गया। आरोप है कि डॉक्टर ने बिना जांच के बच्चे को इंजेक्शन लगा दिया, जिसके बाद उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। स्थिति गंभीर होते देख डॉक्टर ने परिजनों को संभल ले जाने की सलाह दी और खुद जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया। परिजन बच्चे को संभल लेकर जा रहे थे, लेकिन रास्ते में ही मोहित ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने अस्पताल पहुंचकर हंगामा किया( झोलाछाप मौके से भाग गया।

### बिजली चेकिंग के नाम पर उत्पीड़न का आरोप

**संभल/चंदौसी अमृत विचार :** चंदौसी विधानसभा क्षेत्र के गांव आटा के दर्जनों ग्रामीणों ने गुरुवार शाम माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी के आवास पहुंचकर बिजली विभाग के अधिकारियों पर उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। ग्रामीणों ने मंत्री को बताया कि बिजली विभाग और विजिलेंस टीम रात के समय गांव में पहुंचकर चेकिंग के नाम पर घरों में जबरन घुसती है और लोगों को परेशान करती है। मंत्री गुलाब देवी ने ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए तत्काल विद्युत विभाग के एक्सईएन से फोन पर वार्ता की और निर्देश दिए कि किसी भी उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए।

### प्रतिमा की जगह पर रेलवे ने किया दावा

**बबराला , अमृत विचार :** रेलवे स्टेशन के सामने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रस्तावित प्रतिमा के लिए बनाए गए चबूतरे को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। रेलवे ने उस जमीन को अपनी बताया है जिस पर प्रतिमा के लिए चबूतरा बनाया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान डीएम ने दोनों पक्षों के बीच प्रशासनिक मध्यस्थता से समाधान निकालने के निर्देश दिए। इस दौरान रेलवे की ओर से सहायक मंडलीय अभियंता सुभाष श्रीवास्तव आरपीएफ टीम के साथ मौजूद रहे। वहीं नगर पंचायत चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय के नेतृत्व में स्थानीय व्यापारी भी बड़ी संख्या में मौके पर एकत्रित हो गए और अपना पक्ष रखा। मामले के समाधान के लिए गुरूवार को डीएम कार्यालय बहजोई में दोपहर तीन बजे द्विपक्षीय बैठक निर्धारित की गई थी, जिससे विवाद सुलझने की उम्मीद जगी थी।

# हनुमान प्रतिमा के लिए हुआ भूमि पूजन

**बबराला, अमृत विचार:** गुन्नौर में मेरठ-बदायूं स्टेट हाईवे स्थित आञ्जनेय धाम में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर 51 फीट ऊंची भगवान हनुमान की भव्य प्रतिमा स्थापना के लिए भूमि पूजन एवं शिलान्यास पट्ट का अनावरण समारोह विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ।

कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान के तहत भूमि पूजन किया गया, जिसमें बतौर यजमान जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया, बदायूं सदर के भाजपा विधायक महेश चंद्र गुप्ता, पूर्व मंत्री अजीत कुमार उर्फ राजू यादव, चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय तथा धाम के भूमि दानदाता देवदत्त शर्मा शामिल रहे। इस दौरान क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं अधिकारी भी मौजूद रहे।

बताया गया कि आञ्जनेय धाम का निर्माण स्वर्गीय डॉ. देवकी नंदन शर्मा की स्मृति में कराया जा रहा है। शिलान्यास पट्ट के अनावरण कार्यक्रम में उनकी वयोवृद्ध पत्नी इंद्रवती शर्मा की उपस्थिति भी रही। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे शुरू हुए इस कार्यक्रम में वैदिक रीति से विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शिलान्यास की प्रक्रिया पूरी की गई।

इस मौके पर एसडीएम अवधेश कुमार वर्मा, नायब तहसीलदार अनुज कुमार के अलावा धर्मेंद्र प्रजापति, शारदा शर्मा, सुषमा शर्मा, नेक सिंह कुशवाहा, जयपाल गुप्ता, केवी यादव, रितेश कुशवाहा और सौमित्र कांत सहित कई प्रमुख लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के बाद भंडारा आयोजित किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।


51 फिट ऊंची हनुमान मूर्ति की स्थापना के लिए भूमि पूजन में शामिल डीएम व अन्य।

## चोर ने बाइक के साथ इंस्टाग्राम पर की पोस्ट, रिपोर्ट

**बबराला, अमृत विचार:** क्षेत्र में बाइक चोरी का एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। चोरी के बाद आरोपी ने खुद ही बाइक की फोटो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर डाल दी, जिससे उसकी पहचान उजागर हो गई। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव लावर निवासी विजय कुमार यादव ने बताया 16 मार्च को वह एसआईआर कार्य के सिलसिले में तहसील गुन्नौर आए थे। उन्होंने बाइक तहसील परिसर के पास एक दुकान के बाहर खड़ी कर दी थी। काम निपटाकर लौटने पर उनकी बाइक मौके से गायब मिली। बाद में पता चला कि ग्राम बसीटा निवासी संजू उर्फ पिंटा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उसी बाइक की फोटो स्टेटस में लगाई है। इसके बाद शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# धूमधाम से मनाया हनुमान जन्मोत्सव

संवाददाता, मनोटा/असमोली

**अमृत विचार:** हिंदू जागृति मंच के तत्वाधान में क्षेत्र में हनुमान जी के पावन जन्मोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर उनके जन्मोत्सव को हर्षोल्लास के साथ मनाया।

असमोली में कार्यक्रम के दौरान प्रसाद वितरण किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। श्रद्धालुओं ने हनुमान जी के जयकारों के साथ प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज में आपसी भाईचारे, एकता और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं। पुनीत त्यागी ने कहा कि इस तरह के आयोजन लोगों को एक मंच पर लाकर सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं। अंकुश त्यागी और कुंवर पाल ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना होती है। वहीं वैभव गुप्ता ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान हनुमान का जीवन त्याग, सेवा और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे हनुमान जी के आदर्शों को अपनाकर अपने जीवन को सही दिशा दें। कार्यक्रम में अनुज त्यागी, अवध दूबे, आशीष, शुभम, विवेक, प्रदीप, राहुल, अमन त्यागी सहित क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कार्यक्रम को सफल बनाया और अंत में आयोजन समिति ने सभी का आभार व्यक्त किया।


असमोली में हनुमान जयंती पर प्रसाद वितरण करते लोग। ● अमृत विचार

# डीआरएम ने टीम भावना से काम के लिए किया प्रेरित

संवाददाता,चंदौसी

**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने बुधवार को उत्तर रेलवे के सबसे पुराने एवं एकमात्र प्रशिक्षण संस्थान क्षेत्रीय रेल प्रशिक्षण संस्थान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंडल रेल प्रबंधक ने प्रशिक्षुओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन कराया।

इस माध्यम से उन्होंने प्रशिक्षुओं को ड्यूटी के दौरान सदैव चुस्त-दुरुस्त और सतर्क रहने के महत्वपूर्ण मंत्र दिए। इस दौरान मुरादाबाद मंडल के परिचालन विभाग के प्रमुख आशीष कुमार सिंह ने प्रशिक्षुओं को रेल सुरक्षा सेफ्टी तथा रेल यात्रियों,ग्राहकों की समस्याओं के त्वरित समाधान से संबंधित महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डीआरएम ने संस्थान में स्थित मॉडल रूम के स्थान पर एक नया आधुनिक मॉडल रूम विकसित करने का सुझाव दिया। इस दौरान मुरादाबाद मंडल के परिचालन विभाग के प्रमुख आशीष कुमार सिंह, कार्मिक विभाग के प्रमुख अभिषेक ठाकुर, वाणिज्य विभाग की प्रमुख ऋचा शर्मा, संस्थान की प्रधानाचार्य डॉ. अंजू सिंह, छात्रावास अधीक्षक आशुतोष राज आदि मौजूद रहे।


निरीक्षण करतीं डीआरएम।

# गंगा घाटों पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

कार्यालय संवाददाता, संभल/बबराला

**अमृत विचार:** चैत्र पूर्णिमा के अवसर पर जनपद के गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही श्रद्धालु गंगा स्नान के लिए पहुंचने लगे और पूरे दिन आस्था का सिलसिला जारी रहा। श्रद्धालुओं ने मां गंगा में डुबकी लगाकर पुण्य अर्जित किया और पूजा-अर्चना की।

राजघाट गंगा, सिसौना डांडा, श्रीविष्णु देव, हरिबाबा बांध समेत अस्थाई असदपुर और सांकराघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। स्थानीय जनपद के साथ ही बुलंदशहर, बदायूं, अलीगढ़, बरेली और रामपुर से भी श्रद्धालु यहां स्नान के लिए आए।

श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। थाना जुनावई, गुन्नौर , बबराला व रजपुरा पुलिस के जवान विभिन्न घाटों पर तैनात रहे। संभल-अनूपशहर मार्ग पर जाम की स्थिति न बने, इसके लिए भी विशेष व्यवस्था की गई। राजघाट और सिसौना डांडा गंगा घाट पर मेले जैसा माहौल रहा, जहां श्रद्धालुओं ने स्नान के साथ धार्मिक अनुष्ठान किए। धार्मिक मान्यता के अनुसार चैत्र पूर्णिमा हिंदू नववर्ष की पहली पूर्णिमा होती है, जिसे अत्यंत पुण्यदायी माना जाता है। इस दिन भगवान विष्णु, माता लक्ष्मी और भगवान हनुमान की पूजा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदी में स्नान और दान करने से पापों का नाश होता है और सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है। श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्होंने श्रीविष्णु देव गंगा घाट पर स्नान किया और इस दिन के धार्मिक महत्व को विशेष बताया। महंत महेश आनंद गिरि के अनुसार सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचने शुरु हुए और देर शाम तक लोगों के गंगा स्नान के लिए पहुंचने का सिलसिला जारी रहा।


रजपुरा के सिसौना डांडा गंगा घाट पर स्नान करते श्रद्धालु ● अमृत विचार

## न्यूज डायरी

### राइजिंग स्टार ने गुरु बिग्रेड को पांच विकेट से हराया

**चंदौसी, अमृत विचार :** क्रीड़ा भारती के तत्वावधान में टीचर प्रीमियर लीग का सातवां मैच गुरुवार को गुरु बिग्रेड और राइजिंग स्टार के मध्य पंडित हनुमान सिंह ग्राउंड, सीता पर खेला गया। जिसमें राइजिंग स्टार ने गुरु बिग्रेड को पांच विकेट से हरा दिया। राइजिंग स्टार ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। गुरू बिग्रेड ने पहले खेलते हुए 143 रन बनाए। गुरू बिग्रेड की ओर से दीपक कुमार ने 65 मोहसिन ने 16 रनों का योगदान दिया। राइजिंग स्टार के गेंदबाज अनिल कपूर 3 विकेट, सरवन एवं अनुज ने 2-2, मनीष एवं अंकित मौर्य ने 1-1 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करते हुए राइजिंग स्टार की टीम ने 17 .1ओवर में 5 विकेट से विजय प्राप्त की। राइजिंग स्टार की ओर से मनीष बेनीवाल ने 60, अनिल कपूर ने 32 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच अनिल कपूर रहे। मैच की अंपायरिंग कुश रावत व माथुर ने की। स्कोरिंग अभिषेक राठौर ने की। मैच में क्रीड़ा भारती के महामंत्री डॉ .गौरव मिश्रा, कोषाध्यक्ष अशोक पाठक, उपाध्यक्ष प्रफुल्ल, मंत्री संजीव सिंह, सहमंत्री अमित कुमार, अनुज कुमार, खुशाल, अंकित शर्मा, हेमन्त, राजीव, विजयमुकेश आदि मौजूद रहे।



### बोलेरो की टक्कर से ऑटो सवार युवक की मौत

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** रिश्तेदारी में शादी समारोह से लौट रहे एक ही परिवार के लोग सड़क हादसे का शिकार हो गए। मुरादाबाद जिले के बिलारी क्षेत्र के पास ऑटो और बोलेरो की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि अन्य लोग घायल हो गए। सभी घायलों को मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार असमोली थाना क्षेत्र के गांव मुबारकपुर बंद निवासी फरमान (30) अपने बड़े भाई अकबर (32), तहेरा भाई अनवर (35), अनवर के पुत्र हननान (4), हैदर (2), मां जरीना (58) और बहन सना (18) के साथ नए खरीदे गए ऑटो से बुधवार को मुरादाबाद जिले के बनियाठेर में एक शादी समारोह में शामिल होने गए थे। गुरुवार दोपहर सभी लोग वापस अपने गांव लौट रहे थे। बताया गया कि जैसे ही उनका ऑटो बिलारी पार कर आगे बढ़ा, तभी सामने से आ रही बोलेरो ने टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो में सवार सभी लोग सड़क पर गिर पड़े और ऑटो पलटकर उनके ऊपर जा गिरा। हादसे में फरमान गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने ऑटो को सीधा कर नीचे दबे घायलों को बाहर निकाला और सभी को तत्काल मुरादाबाद के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान फरमान ने दम तोड़ दिया, जबकि अन्य घायलों का इलाज जारी है।



### डीआईजी ने किया पैदल गश्त

**संभल, अमृत विचार :** मुरादाबाद परिक्षेत्र के उप महानिरीक्षक मुनिराज जी ने जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से कस्बा बहजोई में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त की। गश्त के दौरान डीआईजी ने कस्बे के प्रमुख बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थानों का निरीक्षण किया। उन्होंने व्यापारियों, समाजसेवियों और स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। लोगों से सहयोग की अपील की। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन चेकिंग की गई। एक सप्ताह में डीआईजी ने दूसरी बार संभल का दौरा किया है जबकि वह रोजाना संभल के अफसरों से बात कर दिशा निर्देश देते हैं।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली गई पालकी

**चंदौसी, अमृत विचार :** गांव गुमथल में हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दौरान गांव में प्रभात फेरी निकाली गई । जन्मोत्सव के अवसर पर विधि-विधान से हवन-पूजन और हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद हनुमान जी की प्रतिमा को भव्य पालकी निकाली गई। आयोजन में जोगिंदर पाठक, महंत हीरा मुनी बाबा संदीप कुमार प्रजापति , अंशु सिंह, राकेश दिवाकर, प्रमोद कुमार, जैन साहब, लालाराम मौर्य, मोहनलाल मौर्य, भोला कश्यप, राजकुमार, मिलन कुमार, महेश चंद्र प्रजापति, भोला कश्यप ,जितेंद्र कुमार, करण कश्यप, विमलेश देवी ,आनंद देवी, कमला देवी ,पूनम मौर्या, नरेश मौर्य आदि ने सहयोग किया।



# दस्तावेजों में गड़बड़ी की आशंका

● सिटी मजिस्ट्रेट ने मदरसों का किया निरीक्षण, जब्त किए रजिस्टर

कार्यालय संवाददाता,संभल

**अमृत विचार:** शासन के निर्देश पर गुरुवार को अनुदान प्राप्त मदरसों की जांच के तहत सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने निरीक्षण अभियान चलाया। इस दौरान जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार भी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने तीन मदरसों का निरीक्षण किया।

थाना रायसत्ती क्षेत्र के मोहल्ला हिलाली सराय स्थित मदरसा सिराज-उल-उलूम और कोतवाली क्षेत्र के तिवारी सराय स्थित मदरसा हमादिया अशरफी में अधिकारियों ने मिड-डे-मील की गुणवत्ता की जांच की। जांच के दौरान उपस्थिति रजिस्टर और मिड-डे-मील रजिस्टर में मिलान नहीं हो सका। जब इस संबंध में मदरसा संचालकों और शिक्षकों से जानकारी ली गई तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद अधिकारियों ने दोनों मदरसों के रजिस्टर और संबंधित अभिलेख अग्रिम जांच के लिए जब्त कर लिए। वहीं थाना हयातनगर क्षेत्र की उपनगरी सरायतरीन के मोहल्ला बराहदरी स्थित मदरसा जिया-उल-उलूम का निरीक्षण जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार द्वारा किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट के निर्देश पर यहां से भी रजिस्टर जांच के लिए कब्जे में लिए गए। सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने बताया कि शासन के निर्देश पर अनुदान प्राप्त मदरसों की जांच की जा रही है। भोजन की गुणवत्ता ठीक पाई गई, लेकिन उपस्थिति और एमडीएम रजिस्टर में अंतर मिलने के कारण कागजात जब्त कर आगे की जांच की जा रही है।


मदरसे की जांच के लिए जाते सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार। ● अमृत विचार

# सौंधन में निकाली गई जागरूकता रैली, बच्चों का किया तिलक

संवाददाता, सौंधन

**अमृत विचार:** पंवासा विकासखंड के ग्राम सौंधन में सर्व शिक्षा अभियान के अंतर्गत स्कूल चलो अभियान के तहत कम्पोजिट विद्यालय सौंधन एवं रामनिवास स्मारक इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई।

रैली में शामिल छात्र-छात्राओं ने गांव की गलियों में भ्रमण कर लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान बच्चों ने चलो स्कूल चलो, जैसे प्रेरणादायक नारे लगाए। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों को तिलक लगाकर और पुष्प भेंट कर की गई। अभियान के तहत शिक्षकों ने अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का नामांकन कराएं और उन्हें नियमित रूप से स्कूल भेजें, ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। इस अवसर पर कम्पोजिट विद्यालय के इंचार्ज अध्यापक ओमप्रकाश के साथ अनिल कुमार, जाकिर हुसैन, उमेश, शालू, भावना, संगीता और कुसुम आदि मौजूद रहे।



अभियान में जागरूकता रैली निकालती छात्राएं। ● अमृत विचार

अमृत विचार www.amritvichar.com



## न्यूज ब्रीफ

### वाराणसी में 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य का मंचन आज से

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार से दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे, जहां वे केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ 'सम्राट विक्रमादित्य' महानाट्य का शुभारंभ करेंगे। बीएलडब्ल्यू मैदान में 3 से 5 अप्रैल तक आयोजित इस महानाट्य का उद्देश्य भारत के गौरवशाली इतिहास, विक्रम संवत की वैज्ञानिकता और प्राचीन परंपराओं से जनमानस को जोड़ना है। करीब 1 घंटे 45 मिनट की प्रस्तुति में 175 से अधिक कलाकार भाग लेंगे। इस अवसर पर बाबा विश्वनाथ को वैदिक घड़ी समर्पित की जाएगी, जो भारतीय काल गणना की परंपरा को आधुनिक स्वरूप में प्रस्तुत करेगी। आयोजन स्थल पर ज्ञानवर्धक प्रदर्शनियां भी लगाई जाएंगी। मुख्यमंत्री शुक्रवार शाम कार्यक्रम में शामिल होंगे। यह आयोजन उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश सरकार के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है।

### जगजीवन राम की जयंती 'समता दिवस' के रूप में मनाएगी कांग्रेस



प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पार्टी पूर्व केंद्रीय नेता बाबू जगजीवन राम की जयंती (5 अप्रैल) को 'समता दिवस' के रूप में मनाएगी। इसके तहत 4 अप्रैल को लखनऊ स्थित कांग्रेस कार्यालय में संगोष्ठी और सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मीरा कुमार शामिल होंगी। कार्यक्रम की जानकारी प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से किया जा रहा है, जिसके लिए बाबू जगजीवन राम का योगदान देश के इतिहास में महत्वपूर्ण रहा है। इस दौरान अजय राय ने भाजपा सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि देश में महंगाई लगातार बढ़ रही है और सरकार वास्तविक स्थिति को छुपा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं। आईएएस रिंकू सिंह राही के इस्तीफे के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि जो अधिकारी गलत कार्य नहीं करना चाहते, वे पद छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। साथ ही स्मार्ट मीटर के मुद्दे पर चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इसे नहीं रोका गया तो कांग्रेस प्रदेशभर में आंदोलन और घेराव करेगी।

# मदरसों में मिड-डे-मील में व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच के निर्देश

- मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की निदेशक ने सभी जिलाधिकारियों को भेजा पत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य सरकार से अनुदानित मदरसों में संचालित मिड-डे मील योजना में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच कराई जाएगी।

इस संबंध में मध्यान्ह भोजन प्राधिकरण की निदेशक मोनिका रानी ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर समग्र जांच कराने के निर्देश दिए हैं। यह कार्रवाई अखिल भारतीय पसमांदा मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष इंजीनियर मो. तलहा अंसारी की शिकायत के आधार पर की गई है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रदेश के 558 अनुदानित मदरसों में मिड-डे मील योजना के संचालन में व्यापक स्तर पर अनियमितताएं हो रही हैं।

निदेशक ने जिलाधिकारियों से कहा है कि शिकायत में उल्लिखित बिंदुओं की गंभीरता से जांच कर तथ्यों के आधार पर विस्तृत आख्या शासन को भेजी जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि जांच निष्पक्ष, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरी हो, ताकि योजना का लाभ पात्र छात्रों तक सही तरीके से पहुंच सके। निर्देश के बाद प्रशासनिक महकमे में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि जांच के दौरान मदरसों के संचालन, खाद्यान्न वितरण, उपस्थिति रजिस्टर और वित्तीय लेनदेन की गहन पड़ताल की जाएगी।

# बांग्लादेश से आए 331 हिंदू परिवारों को मिला ठिकाना

- लखीमपुर की तीन तहसीलों के चार गांवों में बसाए गए परिवार खेती के लिए दी गई जमीन
- पीएम आवास, किसान सम्मान निधि समेत कई योजनाओं का मिल रहा लाभ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर बांग्लादेश से विस्थापित होकर आए 331 हिंदू परिवारों को लखीमपुर खीरी जिले की विभिन्न तहसीलों में बसाकर उन्हें स्थायी जीवन का आधार दिया गया है। इन परिवारों का पुनर्वास धौरहरा, मोहम्मदी और गोला तहसील के चार गांवों में किया गया है, जहां वे अब स्थायी रूप से निवास कर रहे हैं।

प्रशासन के अनुसार, धौरहरा तहसील के सुजानपुर गांव में 97 परिवार, मोहम्मदी तहसील के मोहनपुर ग्रन्ट में 41 और मियांपुर में 156 परिवारों को बसाया गया है, जबकि गोला तहसील के ग्रन्ट नंबर-3 में 37 परिवारों को आवास उपलब्ध कराया गया है। इन परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि भूमि भी आवंटित की गई है। गोला तहसील में प्रति परिवार लगभग 3 एकड़ जमीन दी गई, जबकि सुजानपुर में परिवारों को औसतन 0.607 से 1.620 हेक्टेयर भूमि मिली। मोहम्मदी तहसील में परिवारों को 3 से 7 एकड़ तक जमीन का पट्टा दिया गया है। वहीं मियांपुर में प्रत्येक परिवार को औसतन 4.75 एकड़ भूमि दी गई है, जिससे वे खेती कर आजीविका चला रहे हैं।

इन परिवारों को केवल जमीन ही नहीं, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से भी जोड़ा गया है। पात्र परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, पेंशन योजनाएं और सुकन्या समृद्धि योजना का लाभ मिल रहा है। इसके अलावा गांवों में राशन वितरण, टीकाकरण, मनरेगा, मिड-डे मील, स्वच्छ भारत मिशन और प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बुनियादी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि सभी 331 परिवारों को व्यवस्थित रूप से बसाया गया है और उन्हें कृषि भूमि के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ दिया जा रहा है, ताकि वे आत्मनिर्भर जीवन जी सकें।

# कांग्रेस ने वंदे मातरम का किया था विरोध

## स्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री बोले- आकाशवाणी बना जनजागरण का मजबूत माध्यम, आज भी जनविश्वास का प्रतीक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आकाशवाणी ने आजादी की लड़ाई और जनजागरण का अहम भूमिका निभाई। उन्होंने वंदे मातरम को लेकर कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आजादी की लड़ाई के इस मंत्र को लेकर 1924 में कांग्रेस के अधिवेशन में मो. अली जौहर ने विरोध किया। 13 साल बाद कांग्रेस ने वंदे मातरम के पहले दो छंद गाए जाने का निर्णय लिया। आकाशवाणी लखनऊ में 'वंदे मातरम' का 1938 से नियमित प्रसारण हो रहा है।

मुख्यमंत्री योगी गुरुवार को आईजीपी में आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और आकाशवाणी के वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित भी किया। योगी ने कहा कि आकाशवाणी ने हमेशा निष्पक्षता और सत्यनिष्ठा के साथ देश को दिशा देने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि जहां आज मीडिया पर कई तरह के सवाल उठते हैं, वहीं आकाशवाणी ने कभी पीत पत्रकारिता का सहारा नहीं लिया और "जो जैसा है, वैसा" प्रस्तुत करने का साहस दिखाया। योगी ने अपने बचपन को याद करते हुए कहा कि उस समय स्मार्टफोन या टीवी नहीं थे और देश-दुनिया की जानकारी का सबसे भरोसेमंद माध्यम आकाशवाणी ही था। उन्होंने कहा कि स्कूलों में भी भाषा को शुद्ध करने के लिए आकाशवाणी सुनने की सलाह दी जाती थी, क्योंकि इसके उद्घोषकों की भाषा और प्रस्तुति आदर्श मानी जाती थी।

उन्होंने कहा कि आकाशवाणी ने हिंदी के साथ-साथ भोजपुरी, अवधी, गढ़वाली और कुमाऊंनी जैसी बोलियों के माध्यम से समाज को जोड़ने का काम किया। यह केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि ज्ञान, संस्कृति और लोककलाओं के संरक्षण का सशक्त मंच रहा है। सीएम ने कहा कि आकाशवाणी देश के अनेक ऐतिहासिक पड़ावों, स्वतंत्रता आंदोलन, आपातकाल और सांस्कृतिक आंदोलनों का साक्षी रहा है।

आज भी प्रधानमंत्री के 'मन की बात' जैसे कार्यक्रमों के जरिए यह समाज को प्रेरित करने का कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि बदलते समय के साथ आकाशवाणी नए दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ेगा और युवाओं, किसानों, कलाकारों व साहित्यकारों के लिए मजबूत मंच बना रहेगा।

कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, आकाशवाणी के महानिदेशक राजीव कुमार जैन, कार्यक्रम प्रमुख सुमोना पांडेय आदि की मौजूदगी रही। संचालन आत्म प्रकाश मिश्र ने किया।




आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

### मुख्यमंत्री ने पद्म विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को किया सम्मानित

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आकाशवाणी लखनऊ के 89वें स्थापना दिवस पर पद्म पुरस्कार से सम्मानित विभूतियों और वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये सम्मान केवल व्यक्तियों का नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के प्रति उनके योगदान का है। उन्होंने वरिष्ठ प्रसारकों को "नींव के पत्थर" बताते हुए कहा कि इन्हीं के प्रयासों से आकाशवाणी जैसी संस्थाएं मजबूत बनी हैं। मेरा सौभाग्य है कि 88 वर्ष की शानदार यात्रा के समारोह में पद्म पुरस्कार से सम्मानित होने वाली यूपी की विभूतियों और आकाशवाणी के कार्यक्रमों में प्रस्तुतियां या संवर्धन देने वाले विभूतियों को सम्मानित करने का अवसर मिल रहा है। कार्यक्रम में साहित्यकार विद्या बिंदु सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पं. हृदय नारायण दीक्षित (सम्मान उनके परिजनों ने ग्रहण किया), प्रो. सोनिया नित्यानंद, लोकगायिका मालिनी अवस्थी, पर्वतारोही अरुणिमा सिन्हा, रंगकर्मी डॉ. अनिल रस्तोगी, प्रगतिशील किसान रामशरण वर्मा, चिकित्सक डॉ. सुनील प्रधान सहित कई विभूतियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा डॉ. राजेंद्र प्रसाद, डॉ. केके ठकराल, प्रो. नवजीवन रस्तोगी, प्रो. शादाब मोहम्मद, एथलीट सुधा सिंह और एसएस सरकार को भी सम्मान मिला।

मुख्यमंत्री ने आकाशवाणी के वरिष्ठ लोकसेवा प्रसारकों सुशील रॉबर्ट बनर्जी, सतीश कुमार ग्रोवर, यज्ञदेव पंडित, विजय कुमार बनर्जी, रज्जन लाल, नवनीत मिश्र, भोलानाथ और केवल कुमार को भी सम्मानित किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आकाशवाणी ने दशकों तक समाज को जोड़ने, जागरूक करने और भारतीय संस्कृति को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई है। ऐसे में इससे जुड़े कर्मयोगियों का सम्मान समाज के प्रति सम्मान व्यक्त करने जैसा है।

# रिफॉर्म, परफॉर्म, ट्रांसफॉर्म से यूपी बना निवेश का केंद्र

- सिंगापुर के उच्चायुक्त ने योगी से की मुलाकात, निवेश पर सहमति
- सिंगापुर का औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल जल्द करेगा यूपी का दौरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुरुवार को भारत में सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वोंग ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों पक्षों के बीच निवेश, कौशल विकास, आधारभूत संरचना और सांस्कृतिक सहयोग को और मजबूत बनाने पर सहमति बनीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश 'रिफॉर्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म' के मंत्र के साथ तेजी से विकसित होती अर्थव्यवस्था के रूप में उभरा है। प्रदेश में बेहतर कानून-व्यवस्था, आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एक्सप्रेस-वे नेटवर्क, डिफेंस कॉरिडोर और लॉजिस्टिक्स हब निवेशकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध करा रहे हैं।

उच्चायुक्त वोंग ने मुख्यमंत्री की हालिया सिंगापुर यात्रा को सफल बताते हुए कहा कि सिंगापुर सहित आसपास के देशों का औद्योगिक जगत अब यूपी को निवेश के नए अवसरों के केंद्र के रूप में देख रहा है। उन्होंने प्रदेश में बीते वर्षों में कानून-व्यवस्था, इंफ्रास्ट्रक्चर और औद्योगिक विकास में हुए सुधारों की सराहना करते हुए कहा कि सिंगापुर की कंपनियां यहां निवेश बढ़ाने की दिशा में सक्रिय हैं। साथ ही उन्होंने जानकारी दी कि सिंगापुर का एक बड़ा औद्योगिक प्रतिनिधिमंडल जल्द ही उत्तर प्रदेश का दौरा करेगा और निवेश संभावनाओं का आकलन करेगा।

### पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्रों में सहयोग पर जोर

दोनों पक्षों ने कुशीनगर और सारनाथ जैसे बौद्ध पर्यटन स्थलों की संभावनाओं पर चर्चा करते हुए पर्यटन क्षेत्र में साझेदारी बढ़ाने पर भी सहमति जताई। साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा, झांसी और वाराणसी समेत विभिन्न क्षेत्रों में निवेश की संभावनाओं को आगे बढ़ाने की बात कही गई।



मुख्यमंत्री योगी से मुलाकात करते सिंगापुर के उच्चायुक्त साइमन वांग।

# सोलर इंस्टॉलेशन में यूपी की बड़ी छलांग

- मार्च में रिकॉर्ड 52,729 इंस्टॉलेशन, क्षमता 1161 मेगावाट के पार
- अंतिम तिमाही में तेज रफ्तार 3.47 लाख रूफटॉप संयंत्र स्थापित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में सोलर ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए 3,47,729 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए हैं। इस दौरान कुल स्थापित क्षमता 1161.756 मेगावाट तक पहुंच गई, जो प्रदेश की ग्रीन एनर्जी की दिशा में तेज प्रगति को दर्शाता है।

माहवार आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल 2025 में 15,836 इंस्टॉलेशन से शुरुआत हुई, जो मई में 18,509 और जून में 18,494 तक पहुंच गई। जुलाई में 29,850 इंस्टॉलेशन के साथ बड़ी छलांग दर्ज हुई और इसके बाद अगस्त-सितंबर में भी रफ्तार बनी रही।



अक्टूबर में हल्की गिरावट के बाद नवंबर (30,894) और दिसंबर (31,164) में फिर तेजी देखने को मिली।

**अंतिम तिमाही में रिकॉर्ड उछाल:** जनवरी 2026 में 33,314, फरवरी में 35,804 और मार्च में रिकॉर्ड 52,729 संयंत्र स्थापित किए गए। केवल मार्च में ही 173.84 मेगावाट क्षमता जुड़ी, जो किसी एक माह में अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। यूपीनेडा के निदेशक इंद्रजीत सिंह ने बताया कि अंतिम तिमाही में आई यह तेजी सरकार की नीतियों, सब्सिडी और प्रभावी क्रियान्वयन का परिणाम है। इससे उपभोक्ताओं को सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है।

**पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में यूपी अव्वल :** प्रदेश अब पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में देश का अग्रणी राज्य बन गया है। कुल मिलाकर प्रदेश में अब तक 4,48,233 रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित हो चुके हैं, जिनसे प्रतिदिन 1524 मेगावाट से अधिक बिजली उत्पादन हो रहा है।

# बिजली से जुड़ी उपभोक्ता सेवाएं 16 घंटे रहेंगी बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। पावर कॉर्पोरेशन की आईटी सेल की ओर से जारी सर्कुलर के अनुसार, राज्य में तीन अप्रैल रात 10 बजे से चार अप्रैल दोपहर दो बजे तक कुल 16 घंटे के लिए बिजली से जुड़ी सभी उपभोक्ता सेवाएं बंद रहेंगी। इस दौरान न तो ऑनलाइन और न ही ऑफलाइन माध्यम से बिजली बिल जमा किया जा सकेगा। साथ ही, प्रीपेड मीटर उपभोक्ता भी अपना मीटर रिचार्ज नहीं कर पाएंगे।

आईटी सेल के अधीक्षण अभियंता अरविंद सिंह ने यह सर्कुलर पूर्वांचल (वाराणसी), मध्यांचल (लखनऊ), पश्चिमांचल (मेरठ), दक्षिणांचल (आगरा) और केस्को (कानपुर) डिस्कॉम के प्रबंध निदेशकों को भेजा है। सर्कुलर में बताया गया है कि इस अवधि में आरएमएस बिलिंग प्रणाली का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके चलते उपभोक्ता पोर्टल और यूपीपीसीएल कंज्यूमर ऐप पूरी तरह से बंद रहेंगे। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं के प्रीपेड मीटर में बैलेंस कम है, उन्हें सलाह दी गई है कि वे शुक्रवार से पहले ही रिचार्ज कर लें, ताकि असुविधा से बचा जा सके।

# चुनाव आयोग की भूमिका संदिग्ध

- सपा प्रमुख ने यूपी उपचुनाव में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ कार्रवाई न होने का लगाया आरोप

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि आयोग भाजपा के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल और असम में चल रहे चुनावों में आयोग की भूमिका संदेह के घेरे में है। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी उपचुनाव में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ शिकायतों पर अभी तक कार्रवाई नहीं हुई है।

सपा मुख्यालय में गुरुवार को मीडिया से बातचीत के दौरान अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल में डीजीपी सहित कई बड़े अधिकारियों को हटाया गया, जबकि उत्तर प्रदेश में 2022 के चुनाव के दौरान ऐसा नहीं हुआ। उन्होंने आरोप लगाया कि यूपी के उपचुनाव में जिन अधिकारियों ने गड़बड़ी की थी, उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। अखिलेश यादव ने कहा कि बंगाल और असम के चुनाव समाप्त होने के बाद भाजपा के नेता उत्तर प्रदेश आएंगे, लेकिन इस बार प्रदेश में पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अच्छे दिन का वादा किया था, लेकिन जनता को उसका लाभ नहीं मिला। आईएएस रिंकू सिंह राही के इस्तीफे का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है और ऐसे हालात में सपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सिलेंडर संकट के पीछे भी भाजपा से जुड़े लोग हैं। उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने का वादा भी पूरा नहीं हुआ और किसान अपनी उपज का उचित मूल्य पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव।

**बढ़ते कदम** | बीते वित्तीय वर्ष में लखनऊ रेल मंडल ने दर्ज की कई उपलब्धियां

# ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग से यात्री सुविधाओं तक तेज विकास

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल कार्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने रेल संचालन में आधुनिक तकनीक को अपनाते हुए 51.02 रूट किमी पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग (एबीएस) सफलतापूर्वक स्थापित की है।

बताया कि यह प्रणाली ट्रैक को छोटे-छोटे ब्लॉकों में विभाजित कर ट्रेनों की स्थिति का स्वतः पता लगाती है। जैसे ही कोई ट्रेन किसी ब्लॉक में प्रवेश करती है, पीछे का



सिग्नल स्वतः लाल हो जाता है और ट्रेन के आगे बढ़ने पर क्रमशः पीला और हरा हो जाता है। इससे ट्रेनों के बीच सुरक्षित दूरी बनी रहती है और दुर्घटनाओं, विशेषकर रियर-एंड टक्कर की संभावना कम होती है। इस प्रणाली के कारण एक ही ट्रैक पर अधिक ट्रेनों का संचालन संभव हुआ है, जिससे लाइन क्षमता बढ़ी है और रेल यातायात अधिक सुगम बना है। इसके साथ ही गोरखपुर से लखनऊ मार्ग पर अगले वर्ष तक एबीएस प्रणाली पूरी हो जाएगी।

मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि बादशाहनगर, ऐशबाग और गोण्डा जैसे प्रमुख केंद्रों का नवीनीकरण किया गया है। ऐशबाग स्टेडियम में हाई मास्ट लाइटिंग लगाई गई, जिससे अब दिन-रात खेल गतिविधियां संभव हैं। लखनऊ जंक्शन और कैबवे का सौंदर्यीकरण तथा आधुनिकीकरण भी किया गया है।

डिजिटल सुविधाओं को बढ़ावा देते हुए 34 स्टेशनों पर 80 एटीवीएम लगाए गए हैं। रेलवन ऐप के माध्यम से टिकट बुकिंग, पीएनआर स्टेटस, भोजन ऑर्डर जैसी सेवाएं एक ही प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध हैं। अनारक्षित टिकट पर 3 प्रतिशत छूट जैसी सुविधाएं यात्रियों को आकर्षित कर रही हैं।

### अमृत भारत स्टेशन योजना में तेजी

अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कई स्टेशनों का पुनर्विकास किया जा रहा है। प्रधानमंत्री की ओर से मण्डल के स्टेशनों (सिद्धार्थनगर, बलरामपुर, स्वामी नारायण छपिया, रामघाट हाल्ट, गोला गोकरननाथ, मैलानी जं.) का लोकार्पण किया गया। साथ ही 4 स्टेशनों (लखीमपुर, तुलसीपुर, खलीलाबाद, लखनऊ सिटी) का लोकार्पण जल्द प्रस्तावित है। कुल 21 स्टेशन स्वीकृत है। अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकास के लिए चयनित : सिद्धार्थनगर, बढ़नी, तुलसीपुर, बलरामपुर, स्वामी नारायण छपिया, रामघाट हाल्ट, डालीगंज, लखनऊ सिटी, ऐशबाग, बादशाहनगर, मगहर, बस्ती, खलीलाबाद, सीतापुर, लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, आनन्दनगर, गोण्डा जं., गोरखपुर जं., गोमतीनगर, मैलानी जं. है।

### नई ट्रेनों का संचालन और विस्तार

मंडल ने कई नई ट्रेनों का संचालन शुरू किया है, जिनमें वंदे भारत और अमृत भारत ट्रेनें शामिल हैं। साथ ही कई ट्रेनों का विस्तार कर यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान की गई है। त्योहारों के दौरान 5427 विशेष ट्रेनों का संचालन भी किया गया।

### इंफ्रास्ट्रक्चर और विद्युतीकरण में प्रगति

लखनऊ मंडल ने 40.47 ट्रैक किमी का विद्युतीकरण पूरा किया है। इसके अलावा नई और अतिरिक्त रेल लाइनों का निर्माण तेजी से चल रहा है। गोरखपुर-बाराबंकी खंड पर सुरक्षा फेंसिंग पूरी हो चुकी है। गोंडा डिपो में 1964 वैगनों की ओवरहॉलिंग कर नया रिकॉर्ड बनाया गया, जो मंडल की तकनीकी दक्षता को दर्शाता है।

# महाविद्यालयों में शोध और नामांकन बढ़ाएं : राज्यपाल

- लखनऊ विवि से संबद्ध कॉलेजों के प्राचार्यों संग की समीक्षा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार:** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने महाविद्यालयों को नैक मूल्यांकन में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हुए शोध, प्रकाशन और नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को पुस्तक लेखन के लिए प्रोत्साहित किया जाए और संस्थानों में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाया जाए।

वे गुरुवार को जन भवन स्थित गांधी सभागार में लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध शासकीय एवं वित्त पोषित महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रही थीं। बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और राज्यमंत्री रजनी तिवारी भी मौजूद रहीं। बैठक में 17 शासकीय और 33 वित्त पोषित महाविद्यालयों ने अपनी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इसमें फैकल्टी, शोध, एमओयू, खेल गतिविधियां, नामांकन, प्लेसमेंट, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और छात्रवृत्ति जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी गई।



कांटों के बीच जिस दिन तुम चलना सीख लो और कांटों के बीच चलो और कांटे चुभें न, बस उसी दिन समझ लेना कि अब तुम योग्य हो गए। – **ओशो**, दार्शनिक

## ट्रंप के दावों का अर्थ

डोनाल्ड ट्रंप का यह दावा कि तीन सप्ताह के भीतर युद्ध खत्म हो सकता है, जितना आकर्षक लगता है, उतना ही जटिल और संदिग्ध भी है। अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में युद्ध केवल एक देश की इच्छा से समाप्त नहीं होते, बल्कि अनेक पक्षों, हितों और वास्तविकताओं के संतुलन से नियंत्रित होते हैं। ट्रंप अमेरिका के लिए युद्ध समाप्ति की घोषणा कर सकते हैं, लेकिन वे न तो इजराइल और न ही ईरान को युद्ध विराम के लिए बाध्य कर सकते हैं। इजराइल और ईरान दोनों अपने-अपने रणनीतिक हितों के अनुसार निर्णय लेते हैं। ऐसे में तीन सप्ताह में संपूर्ण युद्ध समाप्त होने का दावा व्यावहारिक नहीं, बल्कि राजनीतिक शिगूफा है। ट्रंप का यह कहना कि अमेरिका अपने "लक्ष्य हासिल कर चुका है", कई सवाल खड़े करता है। यदि लक्ष्य केवल ईरान की सैन्य क्षमताओं को सीमित करना था, तो सीमित अर्थों में यह दावा स्वीकार्य हो सकता है, लेकिन यदि लक्ष्य ईरान में सत्ता परिवर्तन था, तो यह दावा वास्तविकता से दूर है। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था अभी भी कायम है और वहां किसी स्पष्ट सत्ता परिवर्तन के संकेत नहीं हैं। इसी प्रकार, ट्रंप का यह दावा कि ईरान युद्ध विराम चाहता है, तब और कमजोर पड़ जाता है, जब स्वयं ईरान इस बात से इनकार करता है।

अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति में इस तरह के विरोधाभासी बयान अक्सर "नेरेटिव निर्माण" का हिस्सा होते हैं, जिनका उद्देश्य घरेलू और वैश्विक जनमत को प्रभावित करना होता है। ट्रंप के युद्ध समाप्ति के प्रति उत्साह के पीछे घरेलू राजनीतिक दबावों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अमेरिका में बढ़ती महंगाई, रक्षा खर्च का बोझ और आगामी चुनावी चुनौतियां, उन्हें एक "निर्णायक नेता" की छवि प्रस्तुत करने के लिए प्रेरित करती हैं। इतिहास गवाह है कि ट्रंप कई बार बड़े दावे करते रहे हैं और बाद में उनसे पीछे भी हटते रहे हैं। यह उनकी राजनीतिक शैली का हिस्सा भी है और कभी-कभी परिस्थितिजन्य मजबूरी भी। ट्रंप का यह कहना कि "होर्मुज जलडमरूमध्य से मेरा लेना-देना नहीं" वस्तुतः आंशिक सत्य है। अमेरिका पर इसका प्रत्यक्ष आर्थिक प्रभाव सीमित हो सकता है, लेकिन वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित होने पर पूरी दुनिया प्रभावित होती है। चूंकि यह संकट उसी संघर्ष से जुड़ा है, जिसमें अमेरिका की भूमिका रही है, इसलिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय का यह अपेक्षा करना स्वाभाविक है कि अमेरिका समाधान में सक्रिय भूमिका निभाए।

ट्रंप का तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने का दावा सुनिश्चित कूटनीतिक वास्तविकता नहीं होने से ऐसा संभव नहीं दिखता, पर मान लिया जाए कि तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त हो जाता है, तो इसका भारत और विश्व पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। तेल की कीमतों में स्थिरता आएगी, आपूर्ति श्रृंखला सुधरेगी और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता कम होगी। भारत जैसे ऊर्जा आयातक देश के लिए यह राहत अत्यंत महत्वपूर्ण होगी। परंतु भारत को ट्रंप के बयानों को सतर्कता और यथार्थवाद के साथ लेना चाहिए। कूटनीति में घोषणाओं से अधिक महत्व परिस्थितियों और ठोस कदमों का होता है। भारत की नीति स्पष्ट होनी चाहिए- भावनाएं पीछे, पहले रणनीतिक स्वायत्तता, ऊर्जा सुरक्षा और अपने नागरिकों के दीर्घकालिक हितों की रक्षा के विवेक सम्मत निर्णय।

### प्रसंगवश

## दहेज नहीं लिया या बस नाम बदल दिया

भारतीय समाज में विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं, बल्कि दो परिवारों का संबंध माना जाता है। यह संबंध परंपराओं, रीति-रिवाजों और सामाजिक मान्यताओं से जुड़ा होता है, लेकिन जब इन परंपराओं के पीछे छिपी मानसिकता पर सवाल उठता है, तो एक कड़वा सच सामने आता है। हमने बुराइयों को छोड़ा नहीं है, बस उनका स्वरूप बदल दिया है। आजकल शादियों में एक नया चलन तेजी से उभर रहा है। बड़े गर्व के साथ यह घोषणा की जाती है-"हमने दहेज नहीं लिया।" यह सुनते ही एक सकारात्मक छवि बनती है कि समाज बदल रहा है, लोग जागरूक हो रहे हैं, लेकिन जैसे ही शादी की रस्में आगे बढ़ती हैं, यह आदर्शवाद धीरे-धीरे दिखावे में बदलता नजर आता है।




डॉ. सत्यवान सौरभ

लेखक


थाली में सजी नगदी, सोना-चांदी और महंगे उपहार-सब कुछ सलीके से प्रस्तुत किया जाता है। फिर एक प्रतीकात्मक अभिनय होता है-लड़का या उसका परिवार उस ढेर में से मात्र एक रुपया उठाता है, मानो यह सिद्ध कर रहा हो कि उन्होंने दहेज नहीं लिया। शेष सब कुछ "रिवाज", "भात", "शगुन" या "उपहार" के नाम पर स्वीकार कर लिया जाता है। यह दृश्य केवल एक रस्म नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक मानसिकता का आईना है। सवाल यह नहीं कि एक रुपया लिया गया या नहीं, असली प्रश्न यह है कि क्या लड़की के परिवार पर आर्थिक या सामाजिक दबाव पड़ा या नहीं। दहेज प्रथा सदियों से भारतीय समाज की एक गंभीर समस्या रही है। पहले इसे खुले तौर पर मांगा जाता था- नकदी, गाड़ियाँ, गहने। समय बदला, कानून सख्त हुए, जागरूकता बढ़ी, और इस प्रथा के खिलाफ आवाजें उठीं, लेकिन क्या दहेज वास्तव में समाप्त हुआ? शायद नहीं। आज इसने अपना रूप बदल लिया है। अब इसे सीधे मांगना अनुचित माना जाता है, इसलिए इसे परंपरा और सम्मान की आड़ में छिपा दिया गया है। "भात", "तिलक", "सगाई के उपहार" और "विदाई के तोहफे" नाम भले बदल गए हों, पर लेन-देन की प्रवृत्ति वही है। "भात" जैसी परंपराएं, जो कभी स्नेह और आत्मीयता का प्रतीक थीं, आज कई जगह सामाजिक प्रतिस्पर्धा और दिखावे का माध्यम बन चुकी हैं। कितना सोना दिया गया, कितनी नगदी रखी गई, कितने महंगे वस्त्र और उपहार दिए गए, इन्हीं पैमानों पर अब "इज्जत" का आकलन होने लगा है। यह प्रवृत्ति न केवल आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर बोझ डालती है, बल्कि मध्यम वर्ग को भी अपनी क्षमता से अधिक खर्च करने के लिए विवश करती है। दिखावे की यह संस्कृति आज के समाज की एक बड़ी विडंबना बन चुकी है।

वास्तविक बदलाव के लिए हमें अपने दृष्टिकोण और व्यवहार दोनों को बदलना होगा। परंपराओं का पुनर्मूल्यांकन करना होगा और यह तय करना होगा कि कौन-सी परंपराएं सार्थक हैं और कौन-सी केवल दिखावे और दबाव का माध्यम बन चुकी हैं। विवाह को सादगी और गरिमा के साथ स्वीकार करना होगा। यह समझना होगा कि यह कोई प्रदर्शन नहीं, बल्कि विश्वास और सम्मान का संबंध है। इसमें सबसे बड़ी जिम्मेदारी लड़के और उसके परिवार की है। उन्हें स्पष्ट रूप से यह तय करना होगा कि वे किसी भी रूप में, किसी भी नाम से लेन-देन स्वीकार नहीं करेंगे। अंततः यह स्वीकार करना होगा कि सम्मान धन से नहीं, मूल्यों से आता है। जब तक समाज खर्च को प्रतिष्ठा से जोड़कर देखता रहेगा, तब तक यह समस्या बनी रहेगी। अब समय आ गया है कि हम केवल यह कहने का दिखावा न करें कि "हमने दहेज नहीं लिया", बल्कि वास्तव में ऐसी स्थिति पैदा करें, जहां किसी को कुछ देने या लेने की आवश्यकता ही न पड़े।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

# वैश्विक खाद्य संकट की ओर बढ़ता खाड़ी युद्ध







अविनाश झा

डीएफएमओ, चित्रकूट


कोई भी युद्ध हमेशा विनाशक ही होता है। इंसान हमेशा से अपने वर्चस्व, सत्ता की ताकत और अहंकार के लिए खुद को युद्ध में झोंकता रहता है, लेकिन इसका परिणाम सिर्फ युद्ध में लड़ रहे दोनों पक्षों पर ही नहीं, बल्कि पूरे समाज, देश और विश्व पर पड़ता है। एक माह से अधिक समय से चल रहे ईरान-इजरायल-अमेरिका युद्ध की दशा और दिशा तय नहीं हो पा रही है और उसके परिणामों की आग में न सिर्फ ईरान और इजरायल, बल्कि लगभग आधी दुनिया जलने के कगार पर है और यदि ऐसा ही चलता रहा, तो पूरा विश्व एक ऐसे संकट में फंसने जा रहा है, जिस ओर अभी किसी का संभवतः ध्यान नहीं जा रहा है। तेल, गैस, उर्जा संकट से गुजर रहे विश्व पर निकट भविष्य में खाद्य संकट का पहाड़ टूटने वाला है।

मैरीटाइम इंटेलिजेंस कंपनी 'सिग्नल ग्रुप' के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में व्यापार होने वाली प्रमुख उर्वरकों- अमोनिया, फॉस्फेट और सल्फर का 20 प्रतिशत हिस्सा अकेले खाड़ी देशों से आता है। ब्लूमबर्ग इंटेलिजेंस के अनुसार यूरिया, जो सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाली नाइट्रोजन खाद है, का लगभग आधा हिस्सा खाड़ी क्षेत्र से आता है। जब से ईरान युद्ध शुरू हुआ है, उर्वरकों की कीमतें 10 से 30 प्रतिशत तक बढ़ गई हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ के अनुसार हर महीने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज के रास्ते लगभग 13.3 लाख टन उर्वरक का निर्यात किया जाता है।

यहां हम जानते हैं कि उर्वरकों का सीधा संबंध खाद्यान उत्पादन से है। उर्वरकों की कमी से मक्का, गेहूं और चावल जैसी फसलों का उत्पादन गिरने की संभावना है। भारत के दृष्टिकोण से देखें, तो हम लगभग दो-तिहाई नाइट्रोजन यानी यूरिया के लिए खाड़ी देशों पर निर्भर है। भारतीय यूरिया उत्पादकों को अपनी प्राकृतिक गैस की आवश्यकता का 60-70 प्रतिशत ही प्राप्त हो रहा है। भारत ओमान, सऊदी अरब और कतर से यूरिया का भी आयात करता है, जो वर्तमान युद्ध से प्रभावित हैं। उर्वरक की कमी आने वाले मानसून में खरीफ की बुवाई पर असर डाल सकती है, जिससे चावल, गेहूं और अन्य मुख्य अनाजों की खेती की लागत बहुत बढ़ जाएगी तथा उत्पादन भी कम हो जाएगा।

> भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं।

वित्त वर्ष 2025 में भारत ने 22 लाख टन सल्फर का आयात किया, जिसमें से 80 प्रतिशत से अधिक पश्चिम एशिया या खाड़ी देशों से आया है। सल्फर, कच्चे तेल के शोधन का एक मूल्यवान उत्पाद है, जिसका उपयोग डायमोनियम फॉस्फेट (डीएपी) बनाने में किया जाता है, जो एक अन्य महत्वपूर्ण उर्वरक है। वित्त वर्ष 2025 में डीएपी आयात का 42 प्रतिशत से सऊदी अरब से आया था। 10 मार्च 2026 को भारत का यूरिया भंडार 62 लाख टन था। खरीफ फसल सीजन (जून-सितंबर) के लिए इसकी आवश्यकता लगभग 18-19 लाख टन है। गैस की कमी और आयात को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू उत्पादन में गिरावट आई है, ऐसे में आपूर्ति की स्थिति स्पष्ट नहीं है। हम सब जानते हैं कि भारतीय किसान यूरिया का अत्यधिक उपयोग करते हैं, क्योंकि अन्य उर्वरकों की तुलना में इस पर भारी सब्सिडी दी जाती है। युद्ध की प्रारंभ से ही, वैश्विक यूरिया की कीमतें लगभग 48 प्रतिशत बढ़ चुकी हैं।

भारत मध्य-पूर्व और पश्चिम एशिया के लिए प्रमुख खाद्यान्न आपूर्तिकर्ता है, परंतु भारतीय खाद्य निर्यातकों का अधिकांश स्टॉक बंदरगाहों पर फंसा हुआ है। भारत के लिए खाद्य तेलों की बढ़ती कीमतें चिंताजनक हैं। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में सोयाबीन तेल की कीमत 1100 डॉलर प्रति टन को पार कर गई है। कच्चे पाम तेल में भी लगभग 1.8 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है, जो जून 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। काला सागर बंदरगाहों से आने वाला सूरजमुखी का तेल भी तीन साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है और इसका मूल्य 1,355 डॉलर प्रति टन है। वस्तुतः भारत पाम तेल और सोयाबीन तेल जैसे आयातित खाद्य तेलों पर अत्यधिक निर्भर है और यह उन्हीं जहाजों से आता हैं, जिनमें जीवाश्म ईंधन आता है।

भारत ही नहीं, बल्कि ब्राजील जो प्रमुख कृषि उत्पाद निर्यातक है, अपनी आवश्यकता का लगभग 40 प्रतिशत नाइट्रोजन (यूरिया) खाड़ी देशों से मंगाया है। युद्ध से उपजे संकट का असर वहां सोयाबीन और मक्के के उत्पादन पर पड़ेगा। अफ्रीकी देशों के लिए तो यह ज्यादा चिंताजनक है, क्योंकि उर्वरक की कीमतों में थोड़ी सी भी वृद्धि छोटे किसानों पर गहरा असर डालेगी, जिससे फसलों का उत्पादन गिर जाएगा और वहां पहले से विद्यमान भुखमरी की समस्या और भी गहरी हो जाएगी। स्वयं खाड़ी देश भी अपनी आवश्यकता का 80 से 90 प्रतिशत खाद्य पदार्थ आयात करते हैं, जिनमें अनाज और मांस से लेकर डेयरी उत्पाद और खाद्य तेल तक शामिल हैं। वे सभी आवागमन के लिए पूरी तरह होर्मुज जलडमरूमध्य पर निर्भर हैं। अगर यह स्ट्रेट लंबे समय तक बंद रहता है, तो उनके सुरक्षित भंडार भी जल्द ही खत्म हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में उन्हें राशनिंग लागू करने या लाल सागर और ओमान की खाड़ी के जरिए बहुत महंगे वैकल्पिक रास्तों का चुनाव करना होगा।

लंबे युद्ध का असर यूरोप और उत्तरी अमेरिका में बोआई के मौसम पर बहुत बुरा पड़ सकता है, जिसका मतलब है कि इस साल के अंत में खाद्य संकट पैदा हो जाएगा। संभवतः इसीलिए राष्ट्रपति ट्रंप इस युद्ध का जल्द अंत चाहते हैं। कम उपलब्धता और बढ़ती कीमतों के संयोजन से किसानों को कम उर्वरक उपयोग करने हेतु मजबूर होना पड़ेगा और इसका असर फसलों के उत्पादन पर पड़ेगा। बहस का मुद्दा यह नहीं है कि मध्य-पूर्व सहित पूरे पश्चिम एशिया को युद्ध की आग में किसने और क्यों झोंका? मुद्दा यह है कि इस युद्ध से उपजे उर्जा और खाद्य संकट ने पूरे वैश्विक मानव को अपनी चपेट में ले लिया है और यदि यह इसी तरह चलता रहा तो तेल, गैस खाद्यान्न एवं पानी के लिए इंसान को तरसा देगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### आमने सामने



बिहार देश का सबसे गरीब राज्य है, जबकि इसकी तुलना में केरल एक विकसित राज्य है। शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्रों में बिहार को केरल से सीखने की आवश्यकता है। एलडीएफ एक बार फिर केरल की सत्ता में वापसी करेगी।

**–तेजस्वी यादव**
कार्यकारी अध्यक्ष, आरजेडी

केरल की धरती पर खड़े होकर बिहार का अपमान करना शर्मनाक है। बिहार को गरीब बताने से पहले, तेजस्वी को अपने गिरेबान में झांककर देखना चाहिए। तेजस्वी यादव यह बताएं कि उनके माता-पिता लालू यादव और राबड़ी देवी ने अपने शासनकाल के दौरान बिहार के खजाने को लूटकर अपनी तिजोरियां कैसे भरी थीं।

**–उमेश कुशवाहा**
प्रदेश अध्यक्ष, जेडीयू



# पश्चिम एशिया में तनाव और भारतीय शेयर बाजार




धनीश शर्मा

लेखक


पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव का असर अब वैश्विक अर्थव्यवस्था के साथ-साथ भारतीय शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। फरवरी के बाद से क्षेत्र में पैदा हुई अस्थिरता ने निवेशकों के भरोसे को कमजोर किया है, जिसका सीधा असर बाजार की दिशा पर पड़ा है। इस दौरान प्रमुख सूचकांक बीएसई सेंसेक्स में गिरावट देखने को मिली और यह अपने उच्चतम स्तर से फिसलकर नीचे आ गया, जिससे निवेशकों को नुकसान उठाना पड़ा।

दरअसल पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव खासतौर पर इजरायल, ईरान और अमेरिका के बीच टकराव ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता पैदा कर दी है। भले ही इसे पूर्ण युद्ध नहीं कहा जा सकता, लेकिन हालात इतने संवेदनशील हैं कि निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। यही वजह है कि बाजार में उतार-चढ़ाव और गिरावट का माहौल बना हुआ है। इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है। नतीजतन, तेल की कीमतों में वृद्धि होती है, जिसका असर भारत जैसे आयात-निर्भर देशों पर पड़ता है। इससे महंगाई का दबाव बढ़ता है और कंपनियों की लागत में इजाफा होता है, जो अंततः शेयर बाजार को प्रभावित करता है।

> इस स्थिति को और गंभीर बनाने में कच्चे तेल की कीमतों की बड़ी भूमिका रही है। पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का प्रमुख केंद्र है, और वहां किसी भी तरह का संघर्ष आपूर्ति को प्रभावित करता है।

इसके साथ ही, विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार पूंजी निकासी ने बाजार की गिरावट को और तेज कर दिया है। हाल ही में जारी केंद्रीय डिपॉजिटरी सेवा कंपनी के आंकड़ों के मुताबिक, मार्च महीने में विदेशी निवेशकों ने भारतीय पूंजी बाजार से भारी धनराशि निकाली। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार यह निकासी करीब 1.26 लाख करोड़ रुपये रही, जिसे असाधारण और रिकॉर्ड स्तर की बिकवाली माना जा रहा है। यह स्थिति इसलिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि कोविड-19 महामारी के दौरान वर्ष 2020 के बाद यह पहला अवसर माना जा रहा है, जब विदेशी निवेशकों ने इतनी बड़ी मात्रा में शुद्ध निकासी की है। इस बड़े पैमाने पर हुए पूंजी बहिर्वाह ने बाजार में गिरावट के दबाव को और बढ़ा दिया तथा निवेशकों की धारणा को कमजोर किया।

विदेशी निवेशकों की यह रणनीति वैश्विक अस्थिरता के बीच सामान्य मानी जाती है। जब भी दुनिया में किसी बड़े भू-राजनीतिक संकट का सामना होता है, निवेशक उभरते बाजारों से पैसा निकालकर सुरक्षित निवेश विकल्पों जैसे सोना या अमेरिकी बॉन्ड की ओर रुख करते हैं। भारत भी इस वैश्विक प्रवृत्ति से अछूता नहीं रह पाया है।

वहीं दूसरी ओर, रूस और यूक्रेन के बीच लंबे समय से चल रहा युद्ध भी वैश्विक आर्थिक माहौल पर दबाव डाल रहा है। हालांकि इसका भारतीय शेयर बाजार पर असर अब तक अपेक्षाकृत कम देखने को मिला है, लेकिन यह वैश्विक अनिश्चितता और निवेशकों के जोखिम के आकलन में एक कारक के रूप में बना हुआ है। तेल, गैस और अन्य कच्चे माल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक पूंजी प्रवाह पर इसका अप्रत्यक्ष प्रभाव निवेशकों की रणनीतियों में बदलाव ला रहा है। इस वजह से, भारतीय बाजार भले ही फिलहाल स्थिर दिखाई दे रहा हो, लेकिन लंबे समय में इस संघर्ष के संभावित प्रभाव को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अब पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष का असर शेयर बाजार पर भी स्पष्ट रूप से दिखाई देने लगा है, लेकिन इस चुनौतीपूर्ण समय में केंद्र सरकार की भूमिका सराहनीय रही है। सरकार ने हालात को देखते हुए आर्थिक स्थिरता बनाए रखने के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं। महंगाई को नियंत्रित करना, आपूर्ति श्रृंखला को सुचारु रखना और निवेशकों का भरोसा बनाए रखना इसके मुख्य प्रयास रहे हैं। वैश्विक दबाव के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था को संतुलित बनाए रखना सरकार की प्रभावी रणनीति को दर्शाता है। इसके चलते बाजार में भरोसा बना हुआ है और दीर्घकाल में सुधार की उम्मीद कायम है। हालांकि इस चुनौतीपूर्ण माहौल में घरेलू संस्थागत निवेशकों ने कुछ हद तक बाजार को सहारा दिया है। उनकी खरीदारी ने गिरावट को पूरी तरह बेकाबू होने से रोका है। इसके अलावा, भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी मजबूती जैसे मजबूत मांग, सरकारी निवेश और सुधारों की प्रक्रिया लंबी अवधि में बाजार के लिए सकारात्मक संकेत देती है।

अंततः कहा जा सकता है कि पश्चिम एशिया में जारी तनाव, रूस-यूक्रेन युद्ध का अप्रत्यक्ष असर, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और विदेशी निवेशकों की भारी निकासी ने मिलकर भारतीय शेयर बाजार को दबाव में ला दिया है। अल्पकाल में यह स्थिति निवेशकों के लिए चुनौतीपूर्ण बनी रह सकती है, लेकिन दीर्घकाल में बाजार की रिकवरी की उम्मीद बनी हुई है, क्योंकि मजबूत आर्थिक आधार अंततः निवेशकों का भरोसा वापस ला सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

### सोशल फोरम

## विलुप्त होती किराना दुकानें

30 वर्षों में मेरे देखते-देखते अमेरिका में मॉम और पॉप स्टोर अर्थात् गली के नुक्कड़ वाली किराना वाली दुकानें विलुप्त हो गईं। वैसे 1996 तक ही अमेरिका में काफी हद तक कॉर्पोरेट कल्चर आ चुका था, लेकिन फिर भी पचास पर्सेंट किराना मार्केट छोटी-छोटी दुकानें होती थीं और शेष पचास पर्सेंट बड़े सुपर स्टोर्स। उस समय चार बड़ी सुपर स्टोर चेन का प्रतिशत कुल बाजार का 40 प्रतिशत था। वर्तमान में चार बड़ी चेन का बाजार में हिस्सा लगभग 70 प्रतिशत है। आरंभ सभी देशों का गली के नुक्कड़ वाली किराना दुकानों से हुआ, पर जैसे-जैसे टेक्नोलॉजी आई, मॉनिटरिंग आसान होने लगी, सेंट्रलाइज्ड कंट्रोल आसानी से होने लगा और एक दो दुकान वाले मालिक हजार स्टोर वाली चेन के मुकाबले टक्कर न ले पाए और फिर अंत में अमेजन आ गया, जहां घर बैठे सब कुछ मिल जाता है, तो इसने तो ताबूत में अंतिम कील ठोक दी। रही-सही कसर एआई ने पूरी कर दी। पिछले कुछ वर्षों में स्मॉल बिजनेसेज का कॉर्पोराइजेशन और तेजी से होने लगा। एआई ने ऐसे रिसोर्सेज जो कभी बिलियन डॉलर कंपनीज के पास ही होते थे आम जनता को पहुंचा दिए। अब ऐप बनाने के लिए प्रोग्रामर को दस हजार डॉलर देने की जरूरत न रही, क्लॉड में कोई भी स्वयं बना सकता है, तो ऐसे में हर क्षेत्र में नए दिमागी एंटरप्रेन्योर्स आए, सामान्य जनता इनके मुकाबले टिक न पाई और कॉर्पोरेटाइजेशन बहुत तेजी से हुआ।




नितिन त्रिपाठी

लेखक


वैसे यह बुरा किसी के लिए न हुआ। एक ग्रोसरी स्टोर मालिक का औसत फायदा आज की मुद्रा में 50,000 डॉलर होता, जिसके लिए उसे रोजाना पंद्रह घंटे खपाने पड़ते, सरदर्द अलग रहती। अब यह ऑनर नौकरी करते हैं मोस्टली स्टोर/ शिफ्ट मैनेजर जैसी पोस्ट पर हैं। दिन के आठ घंटे काम कर 70,000 डॉलर प्लस सैलरी बनाते हैं बगैर किसी रिस्क के। हां! वो आजादी चली गई, बॉस को रिपोर्ट करना पड़ता है। टेक के क्षेत्र में पिछले सौ सालों से टेक्नोलॉजी पहले अमेरिका में आती है, फिर शेष विश्व में यहीं के इन्वेस्टर फैलाते हैं। भारत में भी बहुत तेजी से सभी क्षेत्रों में कॉर्पोरेटाइजेशन हो रहा है। अब आप टैक्सी स्टैंड कोई न देखेंगे। ज्यादातर इंडिपेंडेंट टैक्सी ड्राइवर अब ओला/उबर में चलने लगे हैं। किराना के क्षेत्र में भी यह अंतिम पीढ़ी है, जो गली के कोने पर गुप्ता जी की दुकान देख रही है। गुप्ता जी का बेटा दुकान बेचकर या तो रियल एस्टेट में जाएगा या नौकरी करेगा। काफी हद तक छोटी दुकानों की मार्केट आलरेडी मॉल/ स्टोर/अमेजन/ब्लिंकिट चौपट कर चुके हैं। बस यह समय की बात है, दस से बीस वर्षों में यहां भी कॉर्पोरेट ही दुकानें भी चलाएंगे और देश भी।

**– फेसबुक वॉल से**



### सामयिकी

## अपसंस्कृति के खिलाफ एक मुहिम

उत्तर प्रदेश के कुशीनगर के गांव जोगिया जगुनी पट्टी में पिछले 19 साल से चल रहा लोकरंग किसी साहित्य, संस्कृति, कला प्रेमी के लिए अब नया नहीं रह गया है। हाशिए के समाज के इतिहासकार और इतिहासकार सुभाषचंद्र कुशवाहा जिस लगन और प्रतिबद्धता के साथ इसे आयोजित करने का सिलसिला जारी रखे हुए हैं, उसने जन संस्कृति के संवर्धन को एक नया व्यावहारिक रंग-रूप दिया है। अंधाधुंध बाजारीकरण से उपजी लिप्सा की संस्कृति और बेरोजगारी के दंश ने गांवों की तस्वीर कुछ मायनों में शहरों से भी ज्यादा खराब कर दी है।




दया शंकर राय

लेखक


वैसे तो वर्णाश्रमी व्यवस्था की जटिल सामाजिक संरचना वाले भारतीय गांव श्यामाचरण दुबे की भद्र लोक वाली नजर से देखे गए और छायावादी कवियों की कल्पनाओं और कविताओं में अभिव्यक्त 'अहा ग्राम्य जीवन' वाले गांव कभी नहीं थे। आज बेरोजगारी के दंश के बीच शराब की दुकानों ने जिस तरह बहुतेरे गांवों की कुछ बची खुची पारंपरिक लोक संस्कृति पर हमला बोला है, उससे वहां की तस्वीर और बदरंग हो चुकी है। ऐसे में शहर से कम जरूरी नहीं है कि गांवों के इस बदरंग होते स्वरूप को किसी न किसी तरह बचाया जाए।

सुभाष कुशवाहा ने 19 साल पहले जो पहल की थी, उसने अब एक दिशा पकड़ ली है और फूहड़ता और अपसंस्कृति के खिलाफ कारगर हस्तक्षेप की एक ठोस राह भी दिखाई है। उनकी यह पहल उल्लेखनीय इसलिए कही जाएगी कि शराब की खुलती दुकानों ने गांवों के बेरोजगारों को नशे की ओर धकेल दिया है, लेकिन पिछले 19 साल से लोकरंग से जुड़ी इस जोगिया गांव की टीम के युवा न सिर्फ नशे से दूर हैं, बल्कि वे लोक संस्कृति और फूहड़ संस्कृति का फर्क भी बखूबी समझने लगे हैं।

बेरोजगारी बेशक उनके सामने भी वैसे ही है, पर जिस समझदारी भरी लगन से यह टीम लोकरंग को जमीन पर उतारती है, वह एक मिसाल है। जाहिर है इसमें सुभाष कुशवाहा का मार्गदर्शन अहम रहा है, लेकिन पहल तो किसी न किसी को लेनी पड़ती ही है। आज शहरों से भी ज्यादा जरूरी है कि ऐसे आयोजन गांवों, कस्बों और छोटे जिलों में हों। लखनऊ, इलाहाबाद, भोपाल जैसे शहरों में तो फिर भी कुछ साहित्यिक सांस्कृतिक और वैचारिक आयोजन होते रहते हैं, जिससे एक वैचारिक हलचल और बहस मुबाहिसे के मंच उपलब्ध होते हैं। ज्यादातर गांव तो इससे अछूते ही हैं, जबकि जरूरत इस बात की है कि हर किस्म के पिछड़ेपन और वैचारिक कूपमंडूकता और जड़ता के खिलाफ आधुनिकता पर आधारित मूल्यों और विचारों के उन्नयन और विचार-विमर्श के लिए गांवों में संस्कृति, कला और विचार के ज्यादा से ज्यादा मंच बनें।

लोकरंग का यह सफर इस दिशा में एक रास्ता दिखाता है। इसलिए अगर लोकरंग में शामिल टीमें और साथी इस दिशा में पहल करते हैं, तो यह बेहद मानीखेज होगा और लोकरंग का यह विस्तार एक नया रंग लाएगा। इससे बहुत कुछ न सही कुछ कुछ तो समृद्ध होगा ही, जो आगे चलकर बहुत कुछ की जमीन तैयार करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।




# ऐसे हुआ माचिस का आविष्कार

माचिस की खोज मानव इतिहास में एक महत्वपूर्ण कदम थी, क्योंकि इससे आग जलाना बेहद आसान हो गया। पहले के समय में लोग आग जलाने के लिए पत्थरों को आपस में रगड़ते थे या लकड़ी से घर्षण पैदा करते थे, जो काफी कठिन और समय लेने वाला काम था। आधुनिक माचिस का विकास 19 वीं सदी में हुआ। वर्ष 1826 में इंग्लैंड के रसायनज्ञ जॉन वॉकर ने पहली बार ऐसी माचिस बनाई, जिसे रगड़कर जलाया जा सकता था। उन्होंने लकड़ी की छोटी तीली के सिरे पर रसायनों का मिश्रण लगाया, जिसमें एंटिमनी सल्फाइड, पोटैशियम क्लोरेट और गोंद शामिल थे। जब इस तीली को खुरदुरी सतह पर रगड़ा जाता था, तो घर्षण से यह जल उठती थी।

हालांकि वॉकर की माचिस में एक समस्या थी। यह जलते समय तेज गंध और चिंगारियां पैदा करती थी। इसके बाद फ्रांस के रसायनज्ञ चार्ल्स सौरिया ने इसमें सफेद फॉस्फोरस का उपयोग किया, जिससे माचिस आसानी से जलने लगी, लेकिन यह फॉस्फोरस जहरीला था और इससे काम करने वाले मजदूरों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता था। इस समस्या को दूर करने के लिए स्वीडन के वैज्ञानिक गुस्ताफ पास्च और बाद में जोहान लुंडस्ट्रॉम ने "सेफ्टी माचिस" विकसित की। इसमें लाल फॉस्फोरस को तीली पर नहीं, बल्कि माचिस की डिब्बी की साइड पर लगाया गया। इससे माचिस ज्यादा सुरक्षित हो गई और आज भी हम इसी प्रकार की माचिस का उपयोग करते हैं। इस तरह माचिस की खोज कई वैज्ञानिकों के प्रयासों का परिणाम है, जिसने मानव जीवन को सरल और सुविधाजनक बना दिया। आज माचिस हमारे दैनिक जीवन का एक सामान्य और बेहद उपयोगी साधन बन चुकी है।

## वैज्ञानिक के बारे में



जॉन वॉकर का व्यक्तिगत जीवन अत्यंत सरल और सादगीपूर्ण था, लेकिन उनकी खोज ने उन्हें इतिहास में विशेष स्थान दिलाया। उनका जन्म 29 मई 1781 को इंग्लैंड के स्टॉकटन-ऑन-टीज में हुआ था। वे पेशे से एक केमिस्ट और दवा विक्रेता थे तथा अपनी दुकान पर दवाइयां बनाते हुए खाली समय में रसायनों के साथ प्रयोग किया करते थे। स्वभाव से वे शांत, जिज्ञासु और मेहनती थे। उन्हें न तो अधिक प्रसिद्धि की चाह थी और न ही धन कमाने की लालसा, यही कारण रहा कि उन्होंने माचिस की खोज का पेटेंट भी नहीं कराया। उनके इस निर्णय का लाभ बाद में अन्य लोगों ने उठाया। जॉन वॉकर ने विवाह नहीं किया और अपना पूरा जीवन अपने काम व प्रयोगों को समर्पित कर दिया। 1 मई 1859 को उनका निधन हो गया, लेकिन उनकी खोज आज भी दुनियाभर में उपयोगी बनी हुई है।

# सृष्टि के स्मार्ट सर्जक



डॉ. कैलाश चन्द सैनी
वन्यजीव लेखक, जयपुर

प्रकृति की हर रचना के पीछे एक सुस्पष्ट उद्देश्य और जीवन का गहरा विज्ञान छिपा होता है। पक्षियों के लिए घोंसला महज तिनकों का संकलन नहीं, बल्कि उनके वंश की सुरक्षा का एक अभेद्य दुर्ग है। ये नीड़ न केवल उन्हें प्रकृति के थपेड़ों- सर्दी, गर्मी और बरसात से बचाते हैं, बल्कि शत्रुओं से सुरक्षा का एक मनोवैज्ञानिक और भौतिक कवच भी प्रदान करते हैं। वर्षावनों की सघनता हो या ग्रामीण अंचलों की शांति, परिंदों ने अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए ऐसे समाधान खोजे हैं, जो आधुनिक इंजीनियरिंग को भी विस्मय में डाल देते हैं।





## बया: वास्तुकला की बेजोड़ किलेबंदी

भारतीय परिवेश में यदि पक्षियों के कलात्मक कौशल की बात हो, तो नन्हें 'बया' का नाम सर्वोपरि है। बया का घोंसला किसी कलात्मक उल्टे लटके थैले जैसा दिखता है, जिसे वह टहनियों के सबसे लचीले और संकरे सिरों पर बड़ी कुशलता से बुनती है। बया के घोंसले का असली रहस्य इसकी लंबी और संकरी प्रवेश सुरंग में छिपा है। जब कोई सांप या शिकारी पक्षी अंदर पहुंचने का प्रयास करता है, तो उसे इस झूलती हुई संकरी नली से गुजरना पड़ता है। चूंकि घोंसला अत्यंत लचीली टहनी पर होता है, शिकारी का भारी वजन उसे हिला देता है और वह अपना संतुलन खोकर नीचे गिर जाता है। जहां मैनाकिन शिकारी को मनोवैज्ञानिक भ्रम में छकाती है, वहीं बया अपनी संरचनात्मक बुनावट से शिकारी के लिए रास्ता ही दुर्गम और असंभव बना देती है।

## ब्लू मैनाकिन: लहराती पूंछ और दृश्य-भ्रम का विज्ञान

ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी जंगलों में जब हवा का झोंका आता है, तो पेड़ों की डालियों से काई और घास की लंबी-लंबी लटें झूलती दिखाई देती हैं। पहली नजर में ऐसा भ्रम होता है मानो किसी ने मोटे हरे रेशमी धागों की कोई झालर टांक दी हो, लेकिन यह कोई साधारण सजावट नहीं, बल्कि अस्तित्व की रक्षा का एक चतुर और सूझबूझ भरा सुरक्षा उपाय है। यह 'ब्लू मैनाकिन' पक्षी का घोंसला है, जिसने हाल ही में जीव विज्ञानियों को चकित किया है।

ब्लू मैनाकिन का घोंसला ऊपर से छोटा और प्यालेनुमा होता है, लेकिन इसके नीचे लटकती काई और रेशों की लंबी 'पूंछ' इसे अद्वितीय बनाती है। हवा में लहराती ये लटें दरअसल एक सुरक्षा कवच का काम करती हैं। इस पूंछ की लंबाई कभी-कभी दो मीटर तक पहुंच जाती है। हाल ही में विज्ञान पत्रिका 'बायलॉजी लैटर्स' में प्रकाशित एक शोध के अनुसार, बड़े शिकारी पक्षी इन लटों को देख तो लेते हैं, पर यह नहीं समझ पाते कि इनके शीर्ष पर घोंसला भी हो सकता है। दरअसल, घोंसले का जाना-पहचाना गोल आकार इन बिखरी हुई रेखाओं के बीच पूरी तरह लुप्त-सा जाता है। विज्ञान की भाषा में इसे 'डिस्रप्टिव कैमुफ्लाज' (विघटनकारी छलावरण) कहते हैं - एक ऐसा दृश्य-भ्रम जहां असली आकृति अपनी पहचान खोकर प्राकृतिक परिवेश में विलीन हो जाती है। एक प्रयोग में शोधकर्ताओं ने कुछ घोंसलों की ये लटकती पूंछें हटा दीं और कुछ को यथावत रहने दिया। परिणाम चौंकाने वाले थे जिन घोंसलों की पूंछ नहीं थी, उन पर शिकारियों के लगभग दस गुना अधिक हमले हुए। प्रयोग से यह प्रमाणित हुआ है कि प्रकृति में कभी-कभी 'दिखना' ही 'छिपने' का सबसे सुरक्षित तरीका होता है।

## रक्षा के दो बेजोड़ दर्शन: एक नजर में

प्रकृति ने इन नन्हें पक्षियों को जो 'सर्वाइवल स्किल्स' दी हैं, वे उनकी बुद्धिमत्ता का जीवंत प्रमाण हैं। जहां ब्राजील की ब्लू मैनाकिन दृश्य-भ्रम पर भरोसा करती है, वहीं भारतीय बया अपनी सुरक्षा के लिए जटिल वास्तुकला का सहारा लेती है। मैनाकिन की लंबी पूंछ घोंसले के वजूद को शिकारी की नजरों से ओझल करने वाला पर्दा है, तो बया का शिल्प कौशल एक ऐसा फिल्टर है, जहां से यह पक्षी खुद तो अंदर आ-जा सकता है, लेकिन बड़े सांप या शिकारी पक्षी संतुलन खोकर नीचे गिर जाते हैं।



## गंध और दृष्टि का संतुलन

दिलचस्प तथ्य यह है कि मैनाकिन की यह तकनीक केवल उन शिकारियों पर प्रभावी है, जो दृष्टि का इस्तेमाल करते हैं। सांप या छोटे स्तनधारी शिकारी जो गंध से शिकार तलाशते हैं, उनके लिए यह पक्षी एक और युक्ति अपनाता है। ये अपने घोंसले जलस्रोतों के ठीक ऊपर लटकी पतली टहनियों पर बनाते हैं, जहां गंध का पीछा करने वाले जीवों के लिए पहुंचना लगभग नामुमकिन होता है।

## कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति

घोंसला पक्षियों के शिशुओं के लिए केवल आश्रय नहीं, बल्कि एक विकसित और सूझबूझ भरा अनुकूलन है। इन नन्हें परिंदों की दुनिया हमें सिखाती है कि सुरक्षा के लिए हमेशा शारीरिक शक्ति की आवश्यकता नहीं होती। कभी सूझबूझ भरी बुद्धिमानी, तो कभी समझदारी से बुना गया शिल्प ही सबसे बड़ा सुरक्षा कवच बन जाता है। मैनाकिन की लहराती पूंछें हों या बया की सूक्ष्म कलाकारी, जिसमें हर तिनका जीवन की रक्षा के विज्ञान से जुड़ा है। ये जीव अपने सीमित संसाधनों से ऐसी रणनीतियां विकसित करते हैं, जो आधुनिक सुरक्षा-डिजाइन की अवधारणाओं को भी प्रेरित कर सकती हैं। अंततः यह संघर्ष केवल परिंदों का नहीं, बल्कि इस सार्वभौमिक सत्य का है कि अस्तित्व की लड़ाई में कल्पनाशीलता ही सबसे बड़ी शक्ति है।

## वैज्ञानिक फैक्ट



# आखिर क्यों उदय और अस्त के समय लाल दिखाई पड़ता है सूर्य

सुबह उगते और शाम को ढलते समय सूरज का लालिमा लिए दिखाई देना एक सामान्य, लेकिन बेहद आकर्षक प्राकृतिक दृश्य है। दिन के समय वही सूरज सुनहरा या पीला नजर आता है, जबकि क्षितिज के पास पहुंचते ही उसका रंग लाल या नारंगी हो जाता है। साथ ही आसमान भी कई रंगों- लाल, पीला, नीला, बैंगनी और नारंगी की छटा बिखेरता नजर आता है। यह परिवर्तन किसी जादू का नहीं, बल्कि विज्ञान का परिणाम है। इस घटना के पीछे 'रेली स्कैटरिंग' यानी प्रकाश का प्रकीर्णन जिम्मेदार होता है। जब सूर्य का सफेद प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल में प्रवेश करता है, तो वह हवा में मौजूद गैसों, धूल और अन्य सूक्ष्म कणों से टकराकर अलग-अलग दिशाओं में फैल जाता है। सूर्य के प्रकाश में सात रंग होते हैं- लाल, नारंगी, पीला, हरा, नीला, जामुनी और बैंगनी। इन सभी रंगों की तरंगदैर्ध्य (वेवलेंथ) अलग-अलग होती है।

बैंगनी और नीले रंग की तरंगदैर्ध्य सबसे छोटी होती है, इसलिए ये रंग वायुमंडल में अधिक बिखर जाते हैं। इसी कारण दिन के समय आसमान हमें नीला दिखाई देता है। वहीं लाल और नारंगी रंग की तरंगदैर्ध्य लंबी होती है, जिससे ये रंग ज्यादा दूरी तय कर पाते हैं और कम बिखरते हैं। सुबह और शाम के समय सूर्य की किरणें पृथ्वी के वायुमंडल से तिरछे कोण पर गुजरती हैं। इस दौरान उन्हें अधिक दूरी तय करनी पड़ती है। परिणामस्वरूप छोटी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (नीला और बैंगनी) रास्ते में ही बिखर जाते हैं, जबकि लंबी तरंगदैर्ध्य वाले रंग (लाल और नारंगी) हमारी आंखों तक पहुंचते हैं। यही कारण है कि सूरज उस समय लाल या नारंगी दिखाई देता है और आसमान रंग-बिरंगा हो जाता है। इस समय सूरज जरूर पीले से लाल रंग का लगने लगता हो, लेकिन इसका मतलब ये नहीं होता कि उसका रंग बदल गया है। धूल के बादल, धुंआ और इसी तरह के अन्य तत्व आसमान के रंग पर असर डालते हैं। अगर आप भारत, कैलिफॉर्निया, चिली, ऑस्ट्रेलिया या अफ्रीका के कुछ हिस्सों या लाल रेत वाले इलाकों के नजदीक रहते हैं, तो आपका वातावरण मौसम की स्थिति के आधार पर प्रकाश को प्रतिबिंबित करने वाले कणों से भरा हो सकता है।


# अप्रैल में आकाश दर्शन

अप्रैल 2026 आकाश को देखने वालों के लिए काफी रोमांचक महीना है। इसमें कोई सूर्य या चंद्र ग्रहण नहीं है, लेकिन पूर्णिमा, उल्का वर्षा, ग्रहों के सुंदर संयोग और गहरी आकाशीय वस्तुएं अच्छा-खासा नजारा दिखाएंगी। हमें सबकुछ आसानी से दिखेगा, बस शहर की रोशनी से दूर जाएं, बाइनोकुलर या छोटा टेलीस्कोप हो, तो बेहतर है। सभी समय यूटीसी में दिए गए हैं (भारतीय समय आईएसटी- यूटीसी+ 5:30 घंटे)।



डॉ. इरफान ह्यूमन
विज्ञान लेखक

- **चंद्र पूर्णिमा** - 2 अप्रैल को पूर्णिमा थी। चंद्रमा सूर्य से पृथ्वी के विपरीत स्थित और उसका चेहरा पूरी तरह से रोशन था। यह चरण 2:13 यूटीसी (कोऑर्डिनेटेड यूनिवर्सल टाइम) पर था। इस पूर्णिमा को प्रारंभिक मूल अमेरिकी जनजातियों द्वारा पूर्ण कृमि चंद्रमा (पिंग मून) के रूप में जाना जाता था, क्योंकि इसने मॉस पिंक या जंगली ग्राउंड फ्लॉक्स की उपस्थिति को चिह्नित किया, जो पहले वसंत फूलों में से एक है। इस चंद्रमा को स्प्राउटिंग ग्रास मून, ग्रोइंग मून और एग मून के नाम से भी जाना जाता है। कई तटीय जनजातियों ने इसे फिश मून भी कहा जाता है।
- **उच्चतम बिंदु पर बुध**- 3 अप्रैल को बुध ग्रह सूरज से 27.8 डिग्री की सबसे ज्यादा पश्चिमी ऊंचाई पर पहुंचेगा। बुद्ध ग्रह को देखने का यह सबसे अच्छा समय है, क्योंकि यह सुबह आसमान में क्षितिज के ऊपर अपने सबसे ऊंचे बिंदु पर होगा। सूरज उगने से ठीक पहले ग्रह को पूर्वी आसमान में नीचे देखें। बुध ग्रह को देखने का आनंद वाकई अनोखा और रोमांचक होता है। सौरमंडल का सबसे छोटा और सूर्य के सबसे नजदीक ग्रह होने के कारण बुध को 'भूतिया ग्रह' भी कहते हैं। यह ज्यादातर समय सूर्य की चमक में छिपा रहता है, इसलिए इसे देखना चुनौतीपूर्ण, लेकिन बेहद संतोषजनक होता है। बुध सूर्य से कभी ज्यादा दूर नहीं जाता। इसे देखने का सबसे अच्छा समय सूर्योदय से ठीक पहले (सुबह) या सूर्यास्त के तुरंत बाद (शाम) होता है, जब यह क्षितिज के पास चमकदार बिंदु की तरह दिखता है। सूर्यास्त के 30-40 मिनट बाद पश्चिम-उत्तर-पश्चिम दिशा में देखा जाकता है। इसे देखने के लिए साफ क्षितिज चाहिए, शहर की लाइट्स से दूर बेहतर रहेगा। बुध को देखने का आनंद सिर्फ दृश्य नहीं, बल्कि यह एहसास भी है कि आप सूर्य के इतने करीब घूमते एक चट्टानी दुनिया को देख रहे हैं, जहां दिन में 400 सेल्सियस से अधिक तापमान और जहां रात में बेहद ठंड होती है।
- **आकाश में अंधकार**- 17 अप्रैल को अमावस्या (न्यू मून) होगी। इस दिन चंद्रमा सूर्य की तरह पृथ्वी के एक ही तरफ स्थित रहेगा और रात्रि आकाश में दिखाई नहीं देगा। यह खगोलीय घटना 20:30 यूटीसी पर घटित होगी। यह आकाशगंगा और तारा समूहों जैसी धुंधली वस्तुओं का निरीक्षण करने के लिए इस माह का सबसे अच्छा समय है, क्योंकि इन्हें देखने के लिए चांदनी बाधा नहीं बनेगी। ऐसे में रात के आकाश में आकाशगंगा या मंदाकिनी के दर्शन किए जा सकते हैं। नासा की शक्तिशाली हब्बल टेलिस्कोप ने अंतरिक्ष की कई आकाशगंगाओं की तस्वीरें लेने का अद्भुत काम किया है। कई आकाशगंगाएं इतनी दूर हैं कि उनका प्रकाश हम तक पहुंचने में लाखों साल का समय लग जाता है।



## अर्थ शाइन

19-20 अप्रैल को अर्थ शाइन होगी, जिसे हिंदी में पृथ्वी चमक या चंद्र चमक भी कहा जाता है, एक खगोलीय घटना है, जिसमें चंद्रमा के उस भाग पर पृथ्वी से परावर्तित सूर्य की रोशनी पड़ती है, जो हमारी दृष्टि से अंधेरा (अनिलुमिनेटेड) दिखाई देता है। सरल शब्दों में, जब चंद्रमा पतला (क्रिसेंट) आकार का होता है, तो उसके उज्ज्वल किनारे पर सूर्य की सीधी रोशनी पड़ती है, लेकिन अंधेरे भाग पर पृथ्वी की चमक (जो सूर्य से प्राप्त रोशनी को परावर्तित करती है) दिखाई देती है। यह चंद्रमा को दोहरी चमक वाला बनाती है, एक पतली रोशनी की पट्टी और उसके पीछे हल्की, नीली-ग्रे चमक। यह घटना अल्बर्टो डेमोंड (15वीं शताब्दी) द्वारा वर्णित की गई थी और इसे 'पुराना चंद्रमा नई चंद्रमा की गोद में' (ओल्ड मून इन द न्यू मून्स आर्म्स) भी कहा जाता है। अर्थ शाइन पृथ्वी के वायुमंडल और महासागरों के कारण चमकीला होता है, जो सूर्य की रोशनी को फैलाते हैं। इसे देखने का सबसे अच्छा दृश्य नव चंद्रमा (न्यू मून) के 2-3 दिन बाद या पहले, जब चंद्रमा 5-10 प्रतिशत रोशन (इल्यूमिनेटेड) होता है। इस समय चंद्रमा सूर्योदय या सूर्यास्त के करीब होता है और अंधेरा आकाश चमक को उभारता है।

## उल्का वर्षा का आनंद

अप्रैल माह में रात के आकाश में उल्का वर्षा का आनंद लिया जा सकता है। 22 व 23 अप्रैल रात के आकाश में लिरिड्स नामक उल्का वर्षा दिखाई देगी। आकाश में कभी-कभी एक ओर से दूसरी ओर अत्यंत वेग से जाते हुए अथवा पृथ्वी पर गिरते हुए, जो पिंड दिखाई देते हैं, उन्हें उल्का (मेट्योर) और साधारण बोलचाल में टूटते हुए तारे अथवा लूका कहते हैं। उल्काओं का जो अंश वायुमंडल में जलने से बचकर पृथ्वी तक पहुंचता है, उसे उल्कापिंड (मेट्योराइट) कहते हैं। प्राय: प्रत्येक रात्रि को उल्काएं अनगिनत संख्या में देखी जा सकती हैं, किंतु इनमें से पृथ्वी पर गिरने वाले पिंडों की संख्या अत्यंत अल्प होती है। एक विशेष समय में रात के आकाश में इनके गिरने की संख्या बढ़ जाती है, तब इसे उल्का वर्षा (मेट्योर शॉवर) कहते हैं। यह एक औसत प्रकार की उल्का वर्षा है, जिसमें आमतौर पर प्रति घंटे लगभग 20 उल्काओं का पात होगा। यह धूमकेतु सी/1861 जी 1 थैचर द्वारा छोड़े गए धूल कणों द्वारा निर्मित उल्का वर्षा है, जिसे वर्ष 1861 में खोजा गया था। उल्का वर्षा 16-25 अप्रैल तक सालाना चलती है। यह इस साल 22 की रात और 23 की सुबह अपने चरम पर होगी। ये उल्कापिंड कभी-कभी चमकीले धूलकणों का उत्पादन कर सकते हैं, जो कई सेकंड तक चलते हैं और टूटते तारों के रूप में दृष्टिगोचर होंगे। सर्वश्रेष्ठ दृश्य आधी रात के बाद किसी अंधेरे स्थान से दिखाई दे सकता है। उल्का नक्षत्र लियरा से आते दिखाई देंगे, लेकिन आकाश में कहीं भी दिखाई दे सकते हैं।

# हम चले चांद की ओर

नासा ने बीते कल आर्टेमिस 2 मिशन की सफलतापूर्वक लॉन्चिंग कर दी। फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से भारतीय समयानुसार सुबह 3:54 बजे विशाल एसएलएस रॉकेट ने आसमान में उड़ान भरी। यह 54 साल बाद इंसानों को चांद की ओर ले जाने वाला पहला मानव मिशन है। लॉन्च पूरी तरह सफल रहा और चारों अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित रूप से पृथ्वी की कक्षा में पहुंच गए हैं।



इस मिशन में चार सदस्यीय क्रू शामिल है- रीड वाइसमैन (मिशन कमांडर)
विक्टर ग्लोवर (पायलट) - चांद के पास जाने वाले पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री।

क्रिस्टीना कोच (मिशन स्पेशलिस्ट) - चांद मिशन पर जाने वाली पहली महिला।

जेरेमी हैनसेन (मिशन स्पेशलिस्ट)- चांद के पास जाने वाले पहले कनाडाई अंतरिक्ष यात्री ये चारों अब ओरियन कैप्सूल में बैठकर चांद की ओर बढ़ रहे हैं। आर्टेमिस 2 लैंडिंग मिशन नहीं है। यह 10 दिन का परीक्षण मिशन है। क्रू चांद के बहुत करीब- लगभग 9600 किलोमीटर तक जाएगा। वे चांद के चारों ओर घूमेंगे और फिर पृथ्वी पर वापस आएंगे। इस दौरान ओरियॉन कैप्सूल की गहरे अंतरिक्ष में काम करने की क्षमता, जीवन रक्षा प्रणाली, नेविगेशन, कम्युनिकेशन और हीट शील्ड की पूरी जांच की जाएगी। वापसी के समय ओरियॉन 40 हजार किलोमीटर प्रति घंटा की तेज गति से पृथ्वी के वायुमंडल में दाखिल होगा।

यह लॉन्च इसलिए ऐतिहासिक है, क्योंकि अपोलो 17 के बाद पहली बार इंसान चांद के इतने करीब जा रहे हैं। यह मिशन आर्टेमिस कार्यक्रम की असली शुरुआत है। इसकी सफलता के बाद नासा आर्टेमिस 3 में चांद पर इंसानों को उतारेगा और आगे चलकर चांद पर स्थायी बेस बनाने की तैयारी करेगा। यह मिशन भविष्य में मंगल ग्रह पर जाने वाले मिशनों की भी नींव रखेगा, साथ ही यह युवा पीढ़ी को अंतरिक्ष विज्ञान की ओर आकर्षित करेगा।



डॉ. राजीव अग्रवाल
लेखक

16 नवंबर सन् 2022 को आर्टेमिस-1 के प्रक्षेपण के साथ इस मिशन की शुरुआत हुई थी। अब क्रू कई दिनों तक चांद की ओर बढ़ता रहेगा। वे चांद के पीछे वाले हिस्से से भी गुजरेंगे, जहां पृथ्वी से रेडियो संपर्क कुछ समय के लिए टूट जाएगा। इस दौरान कई वैज्ञानिक प्रयोग किए जाएंगे। लगभग 10 दिन बाद ओरियॉन कैप्सूल प्रशांत महासागर में पैराशूट की मदद से उतरेगा। नासा की आर्टेमिस 2 मिशन की सफल लॉन्चिंग अंतरिक्ष इतिहास का एक बड़ा पल है। 54 साल बाद इंसान फिर चांद की यात्रा पर निकले हैं। यह मिशन न सिर्फ अमेरिका, बल्कि पूरी मानवता के लिए नई उम्मीद और नई संभावनाएं लेकर आया है।

## बिजनेस ब्रीफ

### एनटीपीसी ने 2025-26 में जोड़ी रिकॉर्ड 9.6 गीगावाट क्षमता

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनी एनटीपीसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने हाल ही में समाप्त हुए वित्त वर्ष 2025-26 में रिकॉर्ड 432.2 अरब यूनिट बिजली का उत्पादन किया है। एनटीपीसी ने बताया कि उसने इस दौरान अपने नेटवर्क में 9,619 मेगावाट (लगभग 9.6 गीगावाट) की रिकॉर्ड नयी उत्पादन क्षमता भी जोड़ी है। कंपनी की तरफ से जारी बयान के मुताबिक, पिछले वित्त वर्ष में जोड़ी गई कुल क्षमता में से 5,488 मेगावाट क्षमता सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और जल विद्युत परियोजनाओं की है।

### बढ़ेंगे महिंद्रा एसयूपी और वाणिज्यिक वाहनों के दाम

**मुंबई।** वाहन विनिर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने शुक्रवार को कहा कि वह आगामी छह अप्रैल से अपने गैर-इलेक्ट्रिक एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी ने इस मूल्य वृद्धि का कारण लागत में बढ़ोतरी को बताया है। कंपनी ने बयान में कहा कि महिंद्रा एंड महिंद्रा अपने (आईसीई-पेट्रोल/डीजल आधारित) एसयूवी और वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में 2.5 प्रतिशत तक की वृद्धि की घोषणा करती है। सभी मॉडल पर यह औसत बढ़ोतरी 1.6 प्रतिशत होगी।

### कोल इंडिया की बिक्री 6 माह में पहली बार बढ़ी

**नयी दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लि. (सीआईएल) ने मार्च महीने के दौरान छह माह में पहली बार बिक्री में बढ़ोतरी दर्ज की है। यह बढ़ोतरी पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण गैस की कमी के बीच, गर्मियों में कोयले की सबसे ज़्यादा मांग से पहले कोयले का ज़्यादा स्टॉक की स्थिति को दर्शाती है। कोल इंडिया का देश के कुल कोयला उत्पादन में 80 प्रतिशत से ज़्यादा का हिस्सा है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक, मार्च में सीआईएल द्वारा कोयले की बिक्री या ग्राहकों को आपूर्ति 0.7 प्रतिशत बढ़कर 6.95 करोड़ टन हो गई।

### ओला ने रोडस्टर 9.1 की कीमत 60,000 घटाई

**नयी दिल्ली।** ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी प्रमुख इलेक्ट्रिक मोटरसाइकिल रोडस्टर एक्स 9.1 केडब्ल्यूएच की कीमत में 60,000 रुपये की कटौती की बृहस्पतिवार को घोषणा की। यह मोटरसाइकिल कंपनी के 4680 भारत सेल से लैस है। कंपनी बयान के अनुसार, यह कदम उसकी गिगाफैक्ट्री में बड़े पैमाने पर उत्पादन बढ़ने और स्वदेशी रूप से विकसित 4680 भारत सेल के एकीकरण के कारण संभव हुआ है। सेल उत्पादन बढ़ने के साथ लागत दक्षता में उल्लेखनीय सुधार हुआ है जिससे इन लाभों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाना है।

# पेट्रोरसायन उत्पादों पर आयात शुल्क में छूट, 1800 करोड़ का पड़ेगा बोझ

## 30 जून तक प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटकों को मिलेगा लाभ

**नई दिल्ली, एजेंसी**

सरकार ने गुरुवार को महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात पर तीन महीने यानी 30 जून तक सीमा शुल्क से छूट देने की घोषणा की।

पश्चिम एशिया में संकट के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने एवं उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए यह कदम उठाया गया है। इससे प्लास्टिक, पैकेजिंग, वस्त्र, दवा, रसायन, मोटर वाहन घटक तथा अन्य विनिर्माण क्षेत्रों जैसे पेट्रोरसायन कच्चा माल और मध्यवर्ती वस्तुओं पर निर्भर उद्योगों को लाभ मिलेगा। इस कदम से सरकारी खजाने पर लगभग 1,800 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

वित्त मंत्रालय ने बयान में कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और उससे वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में उत्पन्न व्यवधान को देखते हुए सरकार ने 30 जून तक महत्वपूर्ण पेट्रोरसायन उत्पादों पर पूर्ण सीमा शुल्क छूट देने का फैसला किया है।




● मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

मंत्रालय ने कहा कि यह कदम एक अस्थायी एवं लक्षित राहत उपाय के रूप में उठाया गया है, ताकि घरेलू उद्योग के लिए आवश्यक पेट्रोरसायन कच्चे माल की उपलब्धता बनी रहे और प्रसंस्करण क्षेत्रों पर लागत का दबाव कम हो तथा देश में आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित की जा सके। इससे अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को भी राहत मिलेगी।

मेथनॉल, एनहाइड्रस अमोनिया, टॉलुइन, स्टाइरीन, डाइक्लोरोमिथेन (मेथिलीन क्लोराइड), विनाइल क्लोराइड मोनोमर, पॉली ब्यूटाडाइन, स्टाइरीन ब्यूटाडाइन और अनसैचुरेटेड पॉलिएस्टर रेजिन को सीमा शुल्क छूट दी गई है।

पश्चिम एशिया युद्ध के कारण शिपिंग मार्गों में व्यवधान से उर्वरक, कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस के आयात को लेकर चिंता बढ़ गई है।

भारत उर्वरक एवं पेट्रोलियम का बड़ा आयातक है। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले शुरू करने और तेहरान की व्यापक जवाबी कार्रवाई के बाद वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। सरकार ने पिछले सप्ताह वैश्विक कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के असर से उपभोक्ताओं को बचाने के लिए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क 10 रुपये प्रति लीटर घटा दिया था।

साथ ही डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क लगाया गया है। फिलहाल पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क तीन रुपये प्रति लीटर और डीजल पर शून्य है।

## रुपये में उछाल से सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा, निफ्टी 22,700 के पार

**मुंबई, एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजार बृहस्पतिवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए बढ़त के साथ बंद हुए। बीएसई सेंसेक्स 185 अंक चढ़ा जबकि एनएसई निफ्टी 22,713 अंक के ऊपर पार निकल गया। शेयरों की निचले स्तर पर लिवाली और रुपये में तेज बढ़त से बाजार को समर्थन मिला। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स कारोबार के निचले स्तर से 2,000 से अधिक अंक की वापसी करते हुए अंत में 185.23 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की बढ़त के साथ 73,319.55 अंक पर बंद हुआ।

सूचकांक गिरावट के साथ खुला और कारोबार के पहले भाग में 1,588 अंक टूटकर दिन के निचले स्तर 71,545.81 अंक पर आ गया। एचसीएल टेक और टीसीएस जैसी आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों और एचडीएफसी बैंक तथा आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख बैंकों में मजबूत लिवाली से सूचकांक को भारी नुकसान से उबरने में मदद मिली और कारोबार समाप्त होने से पहले यह 73,568.54 अंक के उच्च स्तर पर पहुंच गया।

## पूर्वोत्तर में IIA की पहल

# एमएसएमई क्षमता और प्रत्यक्ष निवेश को मिलेगा बढ़ावा

**नमसाई, अरुणाचल प्रदेश**

पूर्वोत्तर भारत के औद्योगिक परिदृश्य को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (IIA) ने इस क्षेत्र में अपनी रणनीतिक एंट्री की घोषणा की है। IIA के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल आज नमसाई पहुंचे, उनके साथ विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाला एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी मौजूद रहा।

इसके तहत स्थानीय उद्यमियों को शुरूआत से लेकर राष्ट्रीय बाजारों में विस्तार और वैश्विक स्तर तक पहुंचने के लिए संपूर्ण मार्गदर्शन (एंड-टू-एंड हैंडहोल्डिंग) प्रदान किया जाएगा।

उच्चस्तरीय सरकारी वार्ता प्रतिनिधिमंडल की उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री के साथ महत्वपूर्ण बैठकें प्रस्तावित हैं। इन बैठकों में MSME विकास को छात्रों के करियर प्रोफाइल से जोड़ने और औद्योगिक सहयोग को राज्य की आर्थिक नीति का मुख्य हिस्सा बनाने पर चर्चा होगी।

आईआईए अध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि हमारा लक्ष्य पूर्वोत्तर को एमएसएमई का सशक्त केंद्र बनाना है। अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्ट्डीज जैसे संस्थानों के साथ साझेदारी, राज्य नेतृत्व के साथ संवाद और प्रत्यक्ष निवेश के माध्यम से हम केवल उद्योग नहीं बना रहे, बल्कि अरुणाचल प्रदेश के लिए एक स्थायी आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र तैयार कर रहे हैं। IIA की इस पहल से क्षेत्र की आर्थिक संभावनाओं को नई दिशा मिलने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय व्यवसायों को देश के अग्रणी औद्योगिक संगठनों में से एक का समर्थन और नेटवर्किंग का लाभ मिलेगा।

● राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश गोयल के नेतृत्व में अरुणाचल पहुंचा उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल

### इन बातों पर रहेगा ध्यान

- **आपसी राज्य निवेश :** स्थानीय उत्पादों के विकास को बढ़ावा देने और औद्योगिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूंजी आकर्षित करना।
- **पारंपरिक क्षेत्र का आदान-प्रदान :** क्षेत्र के विशिष्ट पारंपरिक उद्योगों और व्यवसायों के आधुनिकीकरण एवं आपसी समझ को बढ़ावा देना
- उद्योग और शिक्षा के बीच की खाई को पाटना
- इसके अलावा IIA अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने जा रहा है। इस साझेदारी का उद्देश्य होगा-इंडस्ट्री-अकादमिक कनेक्ट। जिसके तहत शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को वास्तविक औद्योगिक जरूरतों के अनुरूप बनाने की दिशा में काम किया जाएगा।

## श्वेतक्रांति: 51 हजार महिलाएं बनीं उद्यमी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** प्रदेश के तराई क्षेत्र में आई श्वेतक्रांति ने महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। बरेली, लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर, सीतापुर और रामपुर समेत छह जिलों के 1500 गांवों में 51 हजार महिलाएं दुग्ध व्यवसाय के जरिए उद्यमी बन चुकी हैं। इन महिलाओं के खातों में हर महीने 3, 13 और 23 तारीख को नियमित भुगतान पहुंच रहा है, जिससे उनकी आय स्थिर और भरोसेमंद बनी है। स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाएं उत्पादन से लेकर संग्रहण और विपणन तक की पूरी जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

● 250 करोड़ से ज्यादा कारोबार 1500 गांवों में फैला दुग्ध व्यवसाय

● छह जिलों में महिलाओं ने बदली ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर

सृजनी एमपीसीएल के नेतृत्व में तराई क्षेत्र में प्रतिदिन एक लाख लीटर से अधिक दूध का संग्रहण और बिक्री हो रही है। अब तक महिलाएं सवा दो सौ करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी हैं। जो क्षेत्र पहले पिछड़े माने जाते थे, वे अब महिला उद्यमिता के नए केंद्र बन गए हैं।

तराई की यह श्वेतक्रांति केवल आर्थिक उन्नति नहीं, बल्कि सामाजिक बदलाव का भी मजबूत उदाहरण बन रही है, जहां महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति दे रही हैं।

## युवा उद्यमी योजना में आजमगढ़ दूसरे व हरदोई तीसरे स्थान पर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल पर संचालित मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में अहम साबित हो रहा है। जिलावार प्रदर्शन में जौनपुर ने 151.56 प्रतिशत उपलब्धि के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि आजमगढ़ 149.96 प्रतिशत के साथ दूसरे और हरदोई तीसरे स्थान पर रहा। वित्तीय वर्ष 2025-26 में योजना के तहत लक्ष्य से अधिक आवेदन आए और बड़े पैमाने पर युवाओं को लोन वितरित किया गया। प्रदेश में 1.5 लाख लोन वितरण के लक्ष्य के सापेक्ष 3,86,092 युवाओं ने आवेदन किया। इनमें से 3,30,441 आवेदन बैंकों को भेजे गए, जबकि 1,45,454 को स्वीकृति मिली।

अब तक 1,38,304 युवाओं को लोन वितरित किया जा चुका है। जौनपुर ने लक्ष्य से 151.56 प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर पहला स्थान प्राप्त किया। जिले में 2,700 के लक्ष्य के मुकाबले 4,092 युवाओं को लोन मिला। प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाकर युवाओं को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ने का असर साफ दिखा। आजमगढ़ ने 149.96 प्रतिशत उपलब्धि के साथ दूसरा स्थान हासिल किया, जहां ब्लॉक स्तर पर वर्कशॉप और काउंसिलिंग से युवाओं को जोड़ा गया। हरदोई ने 3,226 युवाओं को लोन देकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। झांसी ने चौथा स्थान प्राप्त किया, जबकि लखीमपुर खीरी पांचवें स्थान पर रहा। अंबेडकरनगर, बहराइच, चित्रकूट और बलिया का प्रदर्शन भी बेहतर रहा।

## अप्रत्यक्ष कर संग्रह 15.52 लाख करोड़ रुपये के पार

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सरकार का अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में संशोधित अनुमान से मामूली रूप से अधिक रहा है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। संशोधित अनुमान के अनुसार, सीमा शुल्क, उत्पाद शुल्क और माल एवं सेवा कर (जीएसटी) सहित कुल अप्रत्यक्ष कर संग्रह वित्त वर्ष 2025-26 में 15.52 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहने का अनुमान है। इसमें सीमा शुल्क 2.58 लाख करोड़ रुपये, उत्पाद शुल्क 3.38 लाख करोड़ रुपये और केंद्रीय माल एवं सेवा कर (सीजीएसटी) 9.58 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। बताया कि सीमा शुल्क राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 के लिए संशोधित अनुमान का 102 प्रतिशत रहा।

# लंदन में 'झुमका बासमती' का वैश्विक आगाज

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** लंदन में 30 मार्च से 1 अप्रैल तक आयोजित अंतर्राष्ट्रीय खाद्य एवं पेय कार्यक्रम (आईएफई) में उत्तर प्रदेश ने कृषि उत्पादों का वैश्विक प्रदर्शन कर महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।

खासकर अंतराष्ट्रीय मंच पर बरेली के गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म का झुमका बासमती, हंसराज बासमती व तिलक चंदन जैसी पारंपरिक सुगंधित धान कई देशों को पसंद आया।

बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा अन्य उच्च गुणवत्ता वाले मसालों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली।

यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन और अमेरिका के संस्थागत खरीदारों के साथ-साथ विश्वभर के प्रख्यात शेफ एवं पाक-कला विशेषज्ञों ने पारंपरिक जैविक किस्मों में गहरी रुचि दिखाई। इससे निर्यात की संभावना बढ़ गई। प्रदेश के पांच प्रमुख कृषि उत्पादकों ने चावल, शहद, मसाला, फल समेत अन्य उत्पादों का प्रदर्शन करके राज्य की समृद्ध कृषि परंपरा और गुणवत्ता का परिचय दिया।

● बरेली की प्रसिद्ध लाल मिर्च, येलो चिली तथा मसालों पर मिली सकारात्मक प्रतिक्रिया

● यूनाइटेड किंगडम, फ्रांस, पोलैंड, चीन व संयुक्त राज्य अमेरिका ने दिखाई रुचि




अतिथियों को बरेली का उपहार सौंपते प्रगतिशील किसान अनिल साहनी।

### निर्यात के लिए खुले नए द्वार : अनिल साहनी

**बरेली।** बरेली के प्रगतिशील उद्यमी अनिल कुमार साहनी (गॉडसन ऑर्गेनिक फार्म) ने इवेंट में वैश्विक स्तर पर जनपद का मान बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश से चयनित मात्र 5 प्रतिभागियों में शामिल अनिल साहनी की संस्था द्वारा विकसित पेटेंटेड धान किस्म 'झुमका बासमती' और लुप्तप्राय सुगंधित किस्म 'तिलक चंदन' अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनी में आकर्षण का मुख्य केंद्र रहीं। अनिल कुमार साहनी ने बताया कि इस वैश्विक मंच ने उत्तर प्रदेश के किसानों की पहुंच सीधे अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक सुनिश्चित की है। इससे न केवल पारंपरिक कृषि पद्धतियों और विरासत उत्पादों के संरक्षण को मजबूती मिलेगी, बल्कि किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर मूल्य भी प्राप्त होगा। इवेंट के सकारात्मक परिणाम स्वरूप बरेली की इन प्रीमियम धान किस्मों के निर्यात हेतु कई महत्वपूर्ण व्यापारिक समझौते शुरू हुए हैं। ये समझौते वैश्विक 'स्पेशलिटी राइस मार्केट' में भारत और उत्तर प्रदेश की उपस्थिति को और अधिक सशक्त करेंगे।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



# केरल में यूडीएफ-एलडीएफ से तंग आ चुके हैं लोग : प्रधानमंत्री

## मोदी ने बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से ऑनलाइन किया संवाद

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को केरल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बूथ स्तरीय कार्यकर्ताओं से कहा कि तिरुवनंतपुरम में स्थानीय निकाय चुनावों में पार्टी को मिली सफलता नौ अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनावों से पहले भाजपा के लिए बढ़ते समर्थन की लहर को दर्शाती है। मोदी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से हुए संवाद में कहा कि यह स्पष्ट है कि इस बार केरल न केवल एक नयी सरकार, बल्कि एक नयी व्यवस्था भी चुनने जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की लहर है।

तिरुवनंतपुरम ने एक नयी मिसाल कायम की है। अब तक वाम दलों और कांग्रेस दोनों का मानना था कि कुशासन या कुप्रबंधन की परवाह किए बिना वे बारी-बारी से सत्ता में आ सकते हैं। हालांकि, तिरुवनंतपुरम ने इस धारणा को चकनाचूर कर दिया है। मोदी ने कहा कि नतीजतन, संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) और वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) अब एक-दूसरे पर हमले करने के बजाय भाजपा को निशाना बना रहे हैं... लोग यूडीएफ और एलडीएफ द्वारा की जा रही लूट से तंग आ चुके हैं। संवाद में प्रधानमंत्री ने मौके पर खरा उतरने के महत्व को रेखांकित किया और इस बाबत केरल के क्रिकेट खिलाड़ी संजू सैमसन का उदाहरण दिया। मोदी ने कहा कि हम अक्सर संजू सैमसन के प्रदर्शन में यह देखते हैं। विश्व कप के दौरान, जब टूर्नामेंट अपने निर्णायक नॉकआउट चरणों में पहुंचा, तो उनका प्रदर्शन चरम पर था। एक महान खिलाड़ी हमेशा तब बेहतरीन प्रदर्शन करता है, जब उसकी टीम को उसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है।



## महिलाओं पर टिप्पणी को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने यूडीएफ उम्मीदवार का चुनाव प्रचार रोका

**पलक्कड़, एजेंसी।** भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने बुधवार रात पलक्कड़ चुनाव क्षेत्र में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) के उम्मीदवार रमेश पिशारडी के चुनाव प्रचार को रोक दिया, जिससे चुनाव के इस अहम समय में राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा की प्रदेश महासचिव और राजग उम्मीदवार शोभा सुरेंद्रन ने कहा कि यह विरोध प्रदर्शन श्री पिशारडी की उन टिप्पणियों के खिलाफ था, जो उन्होंने हाल ही में यौन उत्पीड़न के एक मामले में फिल्म निर्देशक रंजीत की गिरफ्तारी को लेकर की थीं। उन्होंने श्री पिशारडी पर इस गंभीर मुद्दे को हल्का बनाने का आरोप लगाया। श्री पिशारडी ने घेराव की निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र में उम्मीदवारों को सभी क्षेत्रों में वोट मांगने का अधिकार है। तनाव को देखते हुए बाद में यूडीएफ की टीम वहां से हट गयी। केरल में नौ अप्रैल को होने वाले चुनावों के लिए राजग, यूडीएफ और एलडीएफ के बीच त्रिकोणीय मुकाबला है।




असम के कालियाबोर में जनसभा में स्थानीय प्रत्याशियों के साथ गृहमंत्री अमित शाह।

## कांग्रेस ने घुसपैठियों को सौंप दिया था काजीरंगा, राजग ने बचाया : शाह

**कालियाबोर (असम), एजेंसी**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राज्य में अपने 15 साल के शासन के दौरान असम के विकास के लिए कुछ नहीं किया। उन्होंने यहां चुनावी रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि कांग्रेस ने विश्व प्रसिद्ध काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान को घुसपैठियों के हवाले कर दिया, जिन्होंने वन भूमि पर अतिक्रमण किया और एक सींग वाले गैंडों को खतरे में डाल दिया। उन्होंने कहा कि यह राजग सरकार थी जिसने अतिक्रमणकारियों को हटाया और यह सुनिश्चित किया कि काजीरंगा एक बार फिर विश्व पर्यटन मानचित्र पर आए। कहा कि कांग्रेस शासन में प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह असम से राज्यसभा सदस्य थे, लेकिन न तो उस समय की केंद्र सरकार और न ही राज्य सरकार ने इसके लिए कुछ किया। दो दिवसीय दौरे पर आए शाह ने कालियाबोर में भाजपा के सहयोगी दल असम गण परिषद (एजीपी) के उम्मीदवार और मंत्री केशव महंत के लिए प्रचार किया।

### भाजपा किसी धर्म-भाषा के खिलाफ नहीं : गडकरी

**गुवाहाटी, एजेंसी।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भाजपा किसी भी जाति, धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं है और विविधता में एकता ही हमारी विशेषता है। असम के पलाशबाड़ी निर्वाचन क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विशिष्ट धर्म के लोगों को मतदान का अधिकार देने में दी गई छूट संविधान के मार्गदर्शन के अनुसार है। गडकरी ने कहा कि भाजपा किसी जाति, क्षेत्र, धर्म या भाषा के खिलाफ नहीं है। लेकिन जो विदेशी नागरिक आते हैं, क्या उन्हें मतदान का अधिकार दिया जाना चाहिए? फिर आप सबका क्या होगा? दावा किया कि संविधान इस संबंध में मार्गदर्शन प्रदान करता है क्योंकि सिख, हिंदू, बौद्ध, जैन निर्वासित हैं और उनका कोई दूसरा देश नहीं है।

### न्यायिक अधिकारियों पर हमला निंदनीय, भाजपा रच रही साजिश : ममता

**सुति/सागरदिघी (पश्चिम बंगाल), एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मालदा में न्यायिक अधिकारियों के घेराव मामले में गुरुवार को भाजपा और निर्वाचन आयोग को निशाना बनाते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर बंगाल में अशांति फैलाने और अंतत: विधानसभा चुनाव से पहले राष्ट्रपति शासन लागू करने के लिए साजिश रचने का आरोप लगाया। मुर्शिदाबाद जिले के सागरदिघी और सुति में रैलियों को संबोधित करते हुए बनर्जी ने सधे हुए शब्दों में भाजपा पर तीखा हमला किया और लोगों से भाजपा के दंगों के जाल में नहीं फंसने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि निर्वाचन आयोग के हस्तक्षेप के बाद प्रशासनिक शक्तियां छीन लिए जाने के बावजूद वह राजनीतिक रूप से लड़ाई लड़ रही हैं।

### द्रमुक शासन में अपराधों में वृद्धि : पलानीस्वामी

**धर्मपुरी (तमिलनाडु), एजेंसी।** अन्नाद्रमुक के महासचिव एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार जन सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है, और दावा किया कि सरकार ने स्वयं राज्य में लगभग 18,000 पॉक्सो मामलों के पंजीकरण को स्वीकार किया है। धर्मपुरी में रैली को संबोधित करते हुए, विधानसभा में विपक्ष के नेता ने अपने दावे के समर्थन में विधानसभा में महिला सशक्तीकरण मंत्री पी. गीता जीवन के बयान का हवाला दिया।

## एलडीएफ और सीएम विजयन पीएम मोदी की बी-टीम : प्रियंका

**तिरुवनंतपुरम/कोल्लम, एजेंसी**

कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) और मुख्यमंत्री पिनराई विजयन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बी-टीम होने और राज्य में सत्ता में बने रहने के लिए हताशा में भाजपा के साथ गुपचुप तरीके से हाथ मिलाने का आरोप लगाया। केरल विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) के चुनाव अभियान के तहत तिरुवनंतपुरम के पुतनतोपु में एक नुक्कड़ सभा में प्रियंका ने आरोप लगाया कि मोदी ने पश्चिम एशिया संघर्ष के संबंध में अमेरिका और इजराइल के सामने झुककर ऐसी स्थिति पैदा कर दी है जहां भारत को भी अन्य देशों के साथ-साथ नुकसान उठाना पड़ेगा।



न्होंने आरोप लगाया कि हमारे प्रधानमंत्री कायर, बिना रीढ़ के और दबाव में हैं। हम हर दिन इसकी कीमत चुका रहे हैं क्योंकि उनमें भारत के लिए खड़े होने का साहस नहीं है...। उन्होंने तिरुवनंतपुरम के कोल्लम और कौडियार में यूडीएफ की जनसभाओं में अपने आरोपों को दोहराया। यह भी आरोप लगाया कि मोदी की नीतियों ने खाड़ी क्षेत्र में चल रहे संघर्ष के दौरान वहां फंसे भारतीयों को सुरक्षा और संरक्षा प्रदान नहीं की।

### राहुल गांधी ने जारी किया असम के लिए कांग्रेस का घोषणा पत्र

**बोकाजन (असम), एजेंसी।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को असम विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें शासन और स्वास्थ्य सेवा जैसे 11 क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यहां एक चुनावी रैली में राहुल गांधी, कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष गौरव गोगोई और अन्य वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। घोषणापत्र के 11 संकल्पों में शासन, पहचान, स्वास्थ्य सेवा, अवसंरचना विकास, औद्योगीकरण, कृषि, ग्रामीण और शहरी विकास, जलवायु परिवर्तन और सुरक्षित असम जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इससे पहले, कांग्रेस ने पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की यात्रा के दौरान 29 मार्च को 'पांच गारंटी' जारी की थीं।





> आईपीएल का यह सत्र मोहम्मद शमी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है और जिस तरह से उन्होंने दिल्ली के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करके टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की उससे पता चलता है कि वह पूरी तरह से तैयार हैं।
> –चेतेश्वर पुजारा


# स्टेडियम

अमृत विचार
www.amritvichar.com

मुरादाबाद, शुक्रवार, 3 अप्रैल 2026


**IPL 2026**

**आज का मुकाबला**

चेन्नई सुपर किंग्स
बनाम
पंजाब किंग्स

**समय** - शाम 7:30 बजे

## हाईलाइट

### फीफा ने विश्व कप फाइनल के टिकटों की कीमत बढ़ाई

**ज्यूरिख।** फीफा ने 11 जून से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट की 48 टीमों के तय हो जाने के बाद फाइनल के लिए टिकट की अधिकतम कीमत बढ़ाकर 10,990 अमेरिकी डॉलर कर दी है। दिसंबर में टूर्नामेंट के ड्रॉ के बाद जब फीफा ने टिकट बेचे थे तब श्रेणी एक के टिकट की कीमत 8,680 डॉलर थी। न्यू जर्सी के ईस्ट रदरफोर्ड स्थित मेटलाइफ स्टेडियम में 19 जुलाई को होने वाले फाइनल मैच के लिए फीफा के श्रेणी दो के टिकटों की कीमत 7,380 डॉलर कर दी गई है, जो पहले 5,575 डॉलर थी। इसी तरह से श्रेणी तीन के टिकटों की कीमत 5,785 डॉलर कर दी गई है जो पहले की कीमत से 4,185 डॉलर अधिक है ।बुधवार रात तक ग्रुप चरण के 72 मैचों में से 17 मैचों के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध थे, जबकि नॉकआउट चरण के किसी भी मैच के टिकट बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं थे।

### इटली के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष का इस्तीफा

**रोम।** इटली के लगातार तीसरी बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में नाकाम रहने के दो दिन बाद देश के फुटबॉल महासंघ के अध्यक्ष गैब्रिएल ग्रेविना ने बृहस्पतिवार को राजनीतिक दबाव के बीच इस्तीफा दे दिया। ग्रेविना के इस फैसले के बाद संभवत: इटली के कोच गेनारो गट्टूसो को भी पद से हटाया जा सकता है। विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में लगातार दो बार विफल रहने के बाद खेल मंत्री एंड्रिया अबोदी ने ग्रेविना के नेतृत्व वाले इटली के फुटबॉल महासंघ में बदलाव की मांग की थी। क्वालीफाइंग प्लेऑफ में मंगलवार को बोस्निया एवं हर्जेगोविना से पेनल्टी शूटआउट में हार के बाद उत्तरी अमेरिका में होने वाले इस साल के टूर्नामेंट में इटली के पहुँचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

### अब्दुरहीमान बोले- अर्जेंटीना की टीम ने दिया धोखा

**मलप्पुरम (केरल)।** केरल के खेल मंत्री वी अब्दुरहीमान ने गुरुवार को कहा कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने पैसे लेने के बावजूद यहां मैच खेलने के लिए नहीं आकर राज्य को धोखा दिया। अब्दुरहीमान ने कहा कि वह वास्तव में चाहते थे कि अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम और लियोनेल मेसी केरल आएं और राज्य में एक मैच खेलें। उन्होंने यहां एक टीवी चैनल से कहा इसके लिए मैंने कई बार बातचीत की थी। अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल टीम को देने के लिए 250 करोड़ रुपये की धनराशि जुटाने के लिए प्रायोजक ढूंढना आसान काम नहीं था। अब्दुरहीमान ने कहा लेकिन पैसे मिलने के बावजूद अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम ने हमें धोखा दिया।



विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते अभिषेक शर्मा। एजेंसी

# सनराइजर्स ने ठोका सत्र का सर्वोच्च स्कोर, केकेआर को दिया 227 का लक्ष्य

## आईपीएल-2026 : अभिषेक शर्मा और हेनरिच क्लासेन ने खेलीं तूफानी पारियां

**कोलकाता, एजेंसी**

ब्लेसिंग मुजरबानी ने कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए चार विकेट झटके, लेकिन हेनरिच क्लासेन के जुझारू अर्धशतक की बदौलत सनराइजर्स ने बृहस्पतिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मुकाबले में आठ विकेट पर 226 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया।

ट्रैविस हेड ने 21 गेंदों पर 46 रन की विस्फोटक पारी खेलकर लय में वापसी की, जबकि अभिषेक शर्मा ने 21 गेंदों में 48 रन ठोके। दोनों ने पहले विकेट के लिए महज 34 गेंदों में 82 रन की शानदार साझेदारी से एक बार फिर टीम को विस्फोटक शुरुआत दिलाई। कप्तान अजिंक्य रहाणे के गेंदबाजी करने के फैसले के बाद केकेआर के अनुभवहीन आक्रमण के खिलाफ हैदराबाद ने शुरुआत में ही लगभग 15 रन प्रति ओवर की रफ्तार से रन बनाकर लय पकड़ ली। कार्तिक त्यागी ने छठे ओवर में खतरनाक हेड को आउट कर इस आक्रामक साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद मुजरबानी ने तीन गेंदों में दो विकेट लेकर मैच का रुख पलटने की कोशिश की। उन्होंने कप्तान इशान किशन (14) और क्रीज पर समय बिता चुके अभिषेक को पवेलियन भेजा। सनराइजर्स की टीम आठ ओवर में एक विकेट पर 110 रन बनाकर बेहद मजबूत स्थिति में थी, लेकिन इसके बाद उनकी पारी अचानक लड़खड़ा गई। टीम ने महज सात रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए। छठे गेंदबाजी विकल्प स्पिनर अनुकूल रॉय ने अनिकेत वर्मा (एक) को आउट कर सनराइजर्स पर दबाव और बढ़ा दिया। सनराइजर्स ने सात गेंदों में तीन विकेट खो दिए। बाउंड्री रुकने और रनगति धीमी पड़ने के बीच क्लासेन और नीतिश कुमार रेड्डी (39) को पारी संभालनी पड़ी। दोनों ने 53 गेंद में 82 रन की साझेदारी कर आखिरी ओवरों में ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की नींव रखी। वैभव अरोड़ा ने 19वें ओवर में रेड्डी का विकेट लेकर हैदराबाद की रफ्तार पर अंकुश लगाया, लेकिन क्लासेन के संयमित अर्धशतक ने टीम को 220 के पार पहुंचा दिया। जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज मुजरबानी ने अंतिम ओवर में क्लासेन (35 गेंदों में 52) और शिवांग कुमार (चार) के विकेट लेकर अपने आंकड़े 41 रन पर चार विकेट कर लिए। इससे पहले शुरुआत में चार गेंदों में एक रन बनाने वाले हेड ने जल्द ही तेवर बदलते हुए अगली नौ गेंदों में पांच चौके और दो छक्के जड़कर पावरप्ले में रनगति करीब 15 प्रति ओवर पहुंचा दी। वैभव अरोड़ा ने उन्हें पैर के पास गेंदबाजी कर रोकने की कोशिश की, लेकिन हेड पूरी लय में नजर आए। अच्छी उछाल और गति वाली पिच पर गेंद आसानी से बल्ले पर आ रही थी और हेड ने स्क्वायर लेग के ऊपर शानदार छक्का लगाया। केकेआर के अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण की कलई एक बार फिर खुल गयी। सुनील नारायण को जल्दी गेंदबाजी पर लाया गया और एक मौका भी बना, लेकिन कप्तान रहाणे कैच तक नहीं पहुंच सके। हेड शुरुआती ओवरों में हावी रहे, वहीं अभिषेक ने संयम दिखाने के बाद वरुण चक्रवर्ती के खिलाफ एक ओवर में तीन चौके और एक छक्का जड़कर टीम को पांच ओवर में बिना किसी नुकसान के 71 रन तक पहुंचा दिया। चक्रवर्ती ने अपने पहले ओवर में 25 रन लुटाए। इसके बाद इशान किशन ने भी कार्तिक त्यागी पर लगातार तीन चौके जड़कर आक्रामकता जारी रखी। नौवें ओवर में हालांकि मुजरबानी को गेंद सौंपने का फैसला निर्णायक साबित हुआ।



ईशान किशन का विकेट लेने के बाद साथियों के साथ जश्न मनाते कोलकाता नाइट राइडर्स के ब्लेसिंग मुजरबानी। एजेंसी

**ऑरेंज कैप**



ईशान किशन
हैदराबाद 94 रन
रियन रिकलटन
मुंबई 81 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 78 रन

**पर्पल कैप**

ब्लेसिंग मुजरबानी
केकेआर 4 विकेट
जैकब डफी
आरसीबी 3 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 3 विकेट



**200** वां आईपीएल मैच कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने खेला, यह उपलब्धि को हासिल करने वाले वो 11वें खिलाड़ी बन गए

**82** रनों की पहले विकेट के लिए शानदार साझेदारी महज 34 गेंदों में ट्रैविस हेड और अभिषेक शर्मा ने की

**सनराइजर्स हैदराबाद**

**226/8** (20 ओवर)

| | |
|---|---|
| ट्रैविस हेड का ग्रीन बो त्यागी | 46 |
| अभिषेक का चक्रवर्ती बो मुजरबानी | 48 |
| ईशान किशन का रिंकू बो मुजरबानी | 14 |
| क्लासेन का रमनदीप बो मुजरबानी | 52 |
| अनिकेत वर्मा का रिंकू बो अनुकूल | 01 |
| नीतिश कुमार का चक्रवर्ती बो वैभव | 39 |
| सलील अरोड़ा बो वैभव | 00 |
| हर्ष दुबे नाबाद | 09 |
| शिवांग कुमार का रहाणे बो मुजरबानी | 04 |

**गेंदबाजी :** वैभव 4–0–47–2, मुजरबानी 4–0–41–4, नारायण 4–0–39–0, चक्रवर्ती 2–0–31–0, त्यागी 4–0–48–1, अनुकूल 2–0–16–1

**अंक तालिका**

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजस्थान रॉयल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 4.171 |
| 2. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 2.907 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 1.397 |
| 4. | मुंबई इंडियंस | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.687 |
| 5. | पंजाब किंग्स | 1 | 1 | 0 | 0 | 2 | 0.509 |
| 6. | गुजरात टाइटंस | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | −0.509 |
| 7. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | −0.687 |
| 8. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | −1.397 |
| 9. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | −2.907 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | −4.171 |

# पंजाब के खिलाफ लय हासिल करने उतरेगा चेन्नई

**चेन्नई, एजेंसी**

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के लिए अपना घरेलू मैदान मजबूत गढ़ रहा है, लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ शुक्रवार को यहां होने वाले आईपीएल के मैच में जीत हासिल करने के लिए उसे खेल के प्रत्येक विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। सीएसके की राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ पहले मैच में शुरुआत निराशाजनक रही थी। युवा खिलाड़ियों से भरी उसकी टीम गुवाहाटी में किसी भी विभाग में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और उसे करारी हार का सामना करना पड़ा। सीएसके अब उस हार को भुलाकर नए सिरे से अपना अभियान शुरू करने की कोशिश करेगा।

हाल ही में हुए टी20 विश्व कप के दौरान चेन्नई की पिच के व्यवहार को को देखते हुए यह बल्लेबाजी के लिए अच्छा विकेट होना चाहिए। सीएसके के स्टार खिलाड़ी महेंद्र सिंह धोनी गुवाहाटी नहीं गए थे क्योंकि वह पिंडली की चोट से उबर रहे हैं। उनका हालांकि पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच के दौरान डगआउट में रहने की संभावना है जिससे कप्तान रुतुराज गायकवाड़ को काफी फायदा मिलेगा। संजू सैमसन सीएसके के लिए अपने पहले मैच में खास प्रभाव नहीं छोड़ पाए थे और वह इसकी भरपाई करने के लिए बेताब होंगे।

सीएसके को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में डेवाल्ड ब्रेविस की सेवाएं नहीं मिल पाई थी और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि वह साइड स्ट्रेन से पूरी तरह उबर चुके हैं या नहीं। शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के नहीं चल पाने के कारण सरफराज खान को इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतारा गया लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाए हालांकि वह सहज नजर आ रहे थे। टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ-साथ कार्तिक शर्मा जैसे युवा खिलाड़ियों से और अधिक उम्मीदें की जाएंगी। गेंदबाजी की बात करें तो वैभव सूर्यवंशी की आक्रामक बल्लेबाजी के आगे मैट हेनरी और नूर अहमद जैसे गेंदबाज फीके पड़ गए। वे इससे उबरने के लिए बेताब होंगे। जहां तक पंजाब किंग्स का सवाल है तो उसने कुछ विषम परिस्थितियों से गुजरने के बाद गुजरात टाइटंस के खिलाफ जीत हासिल की। उसे ऑस्ट्रेलिया के कूपर कॉनॉली के रूप में तीसरे नंबर का भरोसेमंद बल्लेबाज मिल गया है। उन्होंने पिछले मैच में टीम को खराब शुरुआत से उबारकर जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी। पंजाब किंग्स की गेंदबाजी भी मजबूत नजर आ रही है।

**टीम**

**पंजाब किंग्स :** श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्यूसन, हरप्रीत बराड़, विजयकुमार वैशाक, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन द्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निशाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पाइला अविनाश, शशांक सिंह।

**चेन्नई सुपर किंग्स :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), डेवाल्ड ब्रेविस, एमएस धोनी, उर्विल पटेल, संजू सैमसन, शिवम दुबे, रामकृष्ण घोष, श्रेयस गोपाल, जेमी ओवरटन, खलील अहमद, अंशुल कंबोज, गुरजापनीत सिंह, मुकेश चौधरी, नूर अहमद, अकील होसेन, प्रशांत वीर, मैथ्यू शॉर्ट, अमन खान, मैट हेनरी, राहुल चाहर, जकारी फॉल्क्स, स्पेंसर जॉनसन, कार्तिक शर्मा, सरफराज खान, आयुष म्हात्रे।



अभ्यास सत्र के दौरान चेन्नई सुपर किंग्स के एमएस धोनी। एजेंसी

# हर क्रिकेटर को बचपन से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए: युवराज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विश्व कप विजेता पूर्व भारतीय हरफनमौला युवराज सिंह ने बृहस्पतिवार को कहा कि क्रिकेटरों को अपने मुख्य पेशे के तनाव से निपटने के लिए कम उम्र से ही गोल्फ खेलना शुरू कर देना चाहिए। युवराज क्रिकेट को अलविदा कहने के बाद शौकिया तौर पर गोल्फ खेलते हैं। उन्हें दूसरे 'इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग (आईजीपीएल)' का ब्रांड दूत बनाया गया है।

युवराज ने आईजीपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के अनावरण के मौके पर कहा क्रिकेटरों को क्रिकेट के साथ-साथ गोल्फ भी खेलना चाहिए। मुझे भी पहले गोल्फ खेलना चाहिए था, जिससे मुझे क्रिकेट में मदद मिलती। गोल्फ वास्तव में आपको तनाव से मुक्ति दिलाता है। आईजीपीएल का कार्यक्रम अभी तय होना बाकी है।

उन्होंने कहा ज्यादातर विदेशी क्रिकेटर, खासकर ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी बचपन से ही गोल्फ खेलते हैं। युवराज ने कहा कि गोल्फ को एक विशिष्ट खेल माना जाता है, लेकिन यह एक ऐसा खेल है जो सार्वजनिक गोल्फ कोर्स के माध्यम से सभी के लिए सुलभ है। उन्होंने कहा हम गोल्फ को एक विशिष्ट खेल मानते हैं, लेकिन हम चाहते हैं कि भारत का हर बच्चा गोल्फ खेले। हम गोल्फ को स्कूलों तक पहुँचाने की कोशिश कर रहे हैं। मेरा मानना है कि हर बच्चे को हर खेल को आजमाना चाहिए। युवराज ने कहा मैं जानता हूं कि क्रिकेट हमारा सबसे लोकप्रिय खेल है, लेकिन गोल्फ भी एक रोमांचक खेल है, जिसे हर किसी को आजमाना चाहिए। भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके खिलाड़ी के तौर पर, मैं अन्य खेलों में भी योगदान देना चाहता हूं। उन्होंने कहा यह लीग (आईजीपीएल) खेल को रोमांचक बनाएगी और खेल के बारे में जागरूकता फैलाएगी।



न्यूयॉर्क में फ्रेंचाइजी लाइन-अप के अनावरण के दौरान इंडियन गोल्फ प्रीमियर लीग के को-फाउंडर और ब्रांड एंबेसडर युवराज सिंह (दाएं से दूसरे), पूर्व टेनिस खिलाड़ी और फ्रेंचाइजी के मालिक लिएंडर पेस (बाएं से दूसरे)। एजेंसी

# चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने से मुझे आत्मविश्वास मिला : रिजवी

**लखनऊ, एजेंसी**

दिल्ली कैपिटल्स के युवा बल्लेबाज समीर रिजवी ने चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करने के मौके का पूरा फायदा उठाया और अब उनका ध्यान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने पर है। रिजवी ने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश करते हुए दिल्ली कैपिटल्स को लखनऊ सुपर जायंट्स पर छह विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। वह 'इम्पैक्ट प्लेयर' के रूप में बल्लेबाजी करने के लिए उतरे थे।

दिल्ली की टीम ने 142 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए चार विकेट 26 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद रिजवी ने जिम्मेदारी संभाली और 47 गेंद पर नाबाद 70 रन बनाकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के ट्रिस्टन स्टब्स (32 गेंदों पर नाबाद 39 रन) के साथ पांचवें विकेट के लिए 119 रन की अटूट साझेदारी की।



रिजवी ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा कोच ने मुझे पहले ही बता दिया था कि तुम नंबर चार पर खेलोगे और हम तुम्हारा साथ देंगे। बस अपना स्वाभाविक, सकारात्मक खेल खेलो।उन्होंने कहा जब भी मैं उत्तर प्रदेश के लिए या यूपीटी20 लीग में खेलता हूं तो चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करता हूं। अगर आपको आईपीएल में भी उसी नंबर पर बल्लेबाजी करने का मौका मिले तो इससे काफी आत्मविश्वास मिलता है। यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है और कोच भी मुझे अपना स्वाभाविक खेल खेलने की आजादी दे रहे हैं। इसलिए मैं इन अवसरों को भुनाने के लिए पूरी तरह से तैयार हूं। रिजवी ने कहा मैंने अभी तक आईपीएल में ज्यादा मैच नहीं खेले हैं लेकिन मैं अपने प्रदर्शन में निरंतरता बनाए रखने की कोशिश करूंगा और इस पारी को भूलकर अगले मैच पर ध्यान केंद्रित करने की कोशिश करूंगा। आईपीएल में रिजवी का यह लगातार दूसरा अर्धशतक था।

**आलोचना** | इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान की बल्लेबाजी पर उठाए सवाल

# क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं : पीटरसन



**मुंबई, एजेंसी**

इंग्लैंड के पूर्व बल्लेबाज केविन पीटरसन ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत की शीर्ष क्रम के बल्लेबाज के रूप में योग्यता पर सवाल उठाते हुए कहा है कि शीर्ष तीन में खेलने से यह भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज अपने खेल का आनंद लेने के बजाय खुद पर दबाव बना रहा है।

पंत दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में सलामी बल्लेबाज के रूप में खेलने के लिए उतरे और केवल सात रन बनाकर रन आउट हो गए। दिल्ली ने यह मैच छह विकेट से जीता। लखनऊ की हार के बाद पंत ने कहा था कि वह इस सत्र में शीर्ष क्रम में खेलने की योजना बना रहे हैं लेकिन पीटरसन ने कहा कि इससे वह अपने खेल का आनंद नहीं ले पाएंगे। पीटरसन ने जिओ हॉटस्टार से कहा जब आप लखनऊ की टीम की बल्लेबाजी की ताकत और गहराई को देखते हैं तो तब सवाल उठता है कि क्या ऋषभ पंत वास्तव में सलामी बल्लेबाज हैं। मुझे लगता है कि पिछले साल की तुलना में उन्हें इस साल बल्लेबाजी क्रम में कुछ ज्यादा ही ऊपर भेज दिया गया है। इंग्लैंड के कप्तान ने कहा पिछले साल उन्होंने बल्लेबाजी क्रम में नीचे खेलने का फैसला किया और अब वह अचानक से कह रहे हैं कि ''मैं शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करूंगा। मुझे लगता है कि उन्हें बस मैदान पर जाकर अपने खेल का आनंद लेना चाहिए। पीटरसन ने कहा कि पंत बल्लेबाजी क्रम में ऊपर आकर खुद पर और अधिक दबाव डाल रहे हैं। उन्होंने कहा खुद को नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने के लिए मजबूर मत करो, उस स्थिति का आनंद लो। मुझे लगता है कि पंत सलामी बल्लेबाज के रूप में उतरकर खुद पर दबाव डाल रहे हैं। पिछले सत्र तक दिल्ली कैपिटल्स के कोचिंग स्टाफ का सदस्य रहे पीटरसन ने समीर रिजवी की जमकर तारीफ की जिन्होंने नाबाद अर्धशतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पीटरसन ने कहा उन्होंने स्थिति का बखूबी सामना किया और मुझे इससे किसी तरह की हैरानी नहीं हुई।



### शमी की वापसी के लिए यह तो बस शुरुआत है : पुजारा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने लखनऊ सुपर जायंट्स की तरफ से दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल मैच में अच्छी गेंदबाजी करने वाले मोहम्मद शमी की तारीफ करते हुए कहा कि इस तेज गेंदबाज की वापसी की राह में यह तो बस शुरुआत है। भारतीय टीम से बाहर चल रहे शमी को लखनऊ ने 10 करोड रुपए में खरीदा। शमी ने लखनऊ की तरफ से पदार्पण करते हुए अपनी पहली गेंद पर ही केएल राहुल को आउट कर दिया था और इस तरह से वह आईपीएल इतिहास में पांच बार पहली गेंद पर विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए हैं।